
✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 100 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbiharttime.com


## संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़ में पुलिस के दो जवान शहीद

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** नक्सलियों के खिलाफ पलामू पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष ऑपरेशन अभियान के दौरान पलामू जिला के मनातू-केदल जंगल में मुठभेड़ में पुलिस के दो जवान शहीद हो गये जबकि एक जवान घायल हो गया। कुछ नक्सलियों के घायल व मारे जाने की भी सूचना है। लेकिन अभी उनका शव नहीं मिल पाया है। सर्च अभियान चलाया जा रहा है पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है। पलामू की पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन ने बताया कि शहादत देने वाले पुलिस जवानों में सुनील राम व संतन मेहता उर्फ पिंटू शामिल हैं। जिला पुलिस बल का जवान रोहित कुमार घायल है। दोनों शहीद व घायल जवान पलामू जिला पुलिस बल के हैं। घटनास्थल व उसके आसपास क्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी कर अभियान को तेज कर दिया है। घटना पर अपनी पैनी नजर रखी हैं। साथ ही पल-पल का जानकारी ली जा रही हैं।

### महाराजगंज नगर पंचायत की मुख्य पार्षद पदमुक्त

**सिवान(नबिटा ब्यूरो)।** बकाए होल्डिंग टैक्स मामले में राज्य निर्वाचन आयोग ने जिले के महाराजगंज नगर पंचायत की मुख्य पार्षद शारदा देवी को पदमुक्त कर दिया है। वह तीसरी बार इस पद को संभाल रही थीं। असल में पूर्व उपाध्यक्ष बलिराम प्रसाद ने शारदा देवी के खिलाफ बिहार नगरपालिका अधिनियम-2007 की धारा-18 (1) (के) के तहत निर्वाचन वर्ष के पहले के वित्तीय वर्ष तक के बकाए होल्डिंग टैक्स को अदा नहीं करने के आधार पर मुख्य पार्षद को पदमुक्त करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के सामने याचिका दायर की थी।

### हड़ताल पर गए 7480 विशेष सर्वे संविदा कर्मी बर्खास्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने हड़ताल पर गए 7480 विशेष सर्वे संविदा कर्मियों को नौकरी से हटा दिया है। ये सभी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कर्मी हैं। विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों को हड़ताल से लौटने के लिए 3 सितंबर की शाम 5 बजे तक का समय दिया गया था। इसके बाद कुल 3295 संविदा कर्मी ही काम पर लौट पाए। ये देखते हुए बाकी सभी हड़ताल पर बने हुए संविदा कर्मियों की संविदा समाप्त कर दी गई है।

### मुख्यमंत्री ने छपरा में 1203.81 करोड़ की 27 योजनाओं का किया शिलान्यास

# बिहार में काफी अच्छा काम कर रही जीविका दीदियां : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**छपरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को छपरा के रतनपुर बिन टोलिया स्थित कार्यक्रम स्थल से सारण जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1203.81 करोड़ लागत की 27 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 545 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से 400/220/132 केबी ग्रिड उपकेंद्र, छपरा एवं 132 केबी के संचरण लाइन का निर्माण कार्य, 60 करोड़ 1 लाख रुपये लागत की एचटीएलएस द्वारा रिकन्डक्टरिंग का कार्य, 93 करोड़ 62 लाख रुपये लागत की एकमा-मशरख पथ का चौड़ीकरण कार्य एवं 41 करोड़ 66 लाख लागत की एकमा से डुमाइगढ़ तक पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है। इसके अलावा 89 करोड़ 95 लाख लागत की एनएच 19 के छूटे हुए छपरा सेक्शन पथ का चौड़ीकरण कार्य, 40 करोड़ 53 लाख लागत की खैरा बिन टोलिया पथ का चौड़ीकरण कार्य तथा 7 करोड़ 17 लाख की लागत से एकमा ग्रिड उपकेंद्र, शीतलपुर ग्रिड उपकेंद्र एवं मशरख ग्रिड उपकेंद्र में कुल 5 अदद 33 केबी लाइन बे के निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री ने विकासात्मक योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने से ठीक पहले छपरा के जगदम कालेज से खैरा बिन टोलिया तक किये जा रहे सड़क के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस सड़क चौड़ीकरण (शेष पृष्ठ 10 पर)

# ट्रक में फंसी कार, पांच कारोबारियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना-सिपारा-पुनपुन रोड पर परसा बाजार थाना इलाके में बुधवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया जिसमें पांच कारोबारियों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कार परसा बाजार थाना क्षेत्र के सुइया मोड़ फ्लाई ओवर से नीचे उतर रही थी तभी अनियंत्रित होकर रात 1 बजे ट्रक के अंदर जा घुसी। इस संबंध में ट्रक के ड्राइवर को पता भी नहीं चला और वह कार को घसीटते हुए 25 मीटर तक दूर तक चला गया। मृतकों की पहचान राजेश कुमार उम्र 50 साल निवासी गोपालपुर, संजय कुमार उम्र 38 साल, कमल किशोर उम्र 38 साल निवासी सिपारा, प्रकाश चौरसिया उम्र 35 साल और सुनील कुमार उम्र 30 साल निवासी मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद सदर डीएसपी रंजन कुमार और परसा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और गैस कटर से कार को काटकर सभी घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद उपचार के लिए सभी घायलों को पटना के पीएमसीएच भेजा गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि घटना पलक झपकने के कारण हुई है क्योंकि दोनों गाड़ी सड़क पर चल रही थीं तभी कार ट्रक के अंदर जा घुसी। फिलहाल आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि घटना कैसे हुई है।

# एक लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** राजधानी पटना के मसौढ़ी क्षेत्र में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। बिहार एसटीएफ और भगवानगंज थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली योगेंद्र रविदास उर्फ लाइटर को गिरफ्तार किया गया है। वह मसौढ़ी के बारा गांव का रहने वाला है। लंबे समय से पुलिस को उसकी तलाश थी। गिरफ्तार नक्सली योगेंद्र रविदास पर जहानाबाद जेल ब्रेक कांड समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। नवम्बर 2005 में हुए इस कांड में वामपंथी उग्रवादियों ने अपने साथियों को जेल से छुड़ाने के लिए सुनियोजित हमला किया था जिसमें यह अभियुक्त सक्रिय रूप से शामिल था। इसके अलावा उस पर हत्या, रंगदारी और नक्सल गतिविधियों से जुड़े कुल 18 मामले दर्ज हैं। एसटीएफ और स्थानीय पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि योगेंद्र अपने गांव बारा में मौजूद है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने से गिरफ्तार कर लिया।

# जीएसटी दरों में कमी से सस्ती होंगी जरूरत की चीजें : किरेन रिजिजू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** केंद्र की मोदी सरकार ने त्योहारों के सीजन में देशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। जीएसटी (उत्पाद एवं सेवा कर) काउंसिल ने अप्रत्यक्ष करों की दरों में सुधार करते हुए चार की जगह सिर्फ दो जीएसटी स्लैब को मंजूरी दी है। जीएसटी रिफॉर्म पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पीएम ने देशवासियों को दिवाली का तोहफा दिया है। रोजमर्रा की चीजें लोग अब सस्ती दरों पर खरीदेंगे। बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने



हाल में हुए जीएसटी रिफॉर्म पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली पर्व के अवसर पर देश की जनता को सबसे बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी काउंसिल ने जो दो स्लैब में इसे पारित किया है उससे आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाली चीजें बहुत सस्ती हो जाएंगी। इसके साथ ही राजगीर में आयोजित हीरो एशिया कप (मेंस) 2025 को लेकर उन्होंने कहा कि जब हॉकी इंडिया को पता चला कि मैं राजगीर में हूं तो उनकी तरफ से मुझे मैच देखने का न्योता मिला लेकिन कैबिनेट मीटिंग में रहना जरूरी था इसलिए मैं वहां नहीं जा सका। इसका मुझे दुःख है। आने वाले समय में फ़िर कभी मैच हुआ तो उसे देखने के लिए राजगीर स्टेडियम आने का प्रयास करूंगा। बार-बार हॉकी इंडिया होता नहीं है। अभी मैं फिर दिल्ली चला जाऊंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी टीम के मेंबर्स और खिलाड़ी के साथ जो भी देश के खिलाड़ी यहां खेलने आए हैं, उन सभी को बधाई देता हूं। इससे पहले उन्होंने नव नालंदा विश्वविद्यालय का भ्रमण भी किया। केंद्रीय मंत्री ने राजगीर में नवनिर्मित रॉयल भूटान मंदिर के भव्य उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। यह मंदिर भारत और भूटान के गहरे सांस्कृतिक और राजनयिक संबंधों का प्रतीक है।


# अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनाव का ऐलान संभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चुनाव आयोग बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा अक्टूबर में कर सकता है। अक्टूबर के पहले या दूसरे हफ्ते के शुरुआती दिनों में बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक दो या तीन चरणों में बिहार में मतदान संभव है। नवंबर महीने में बिहार में मतदान होगा। जानकारी के मुताबिक दुर्गा पूजा और दशहरा के बाद बिहार में चुनाव की घोषणा की जाएगी। आयोग छठ पूजा के बाद बिहार में मतदान की तारीख की घोषणा करेगा। 5 से 15 नवंबर मतदान और 20 नंवबर को मतगणना की तारीख तय हो सकती है। चुनाव आयोग 22 नवंबर की डेडलाइन से पहले बिहार में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न करेगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, एसआइआर के बाद बिहार में मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन होगा। यह लिस्ट 30 सितंबर को जारी किया जाएगा। इसके बाद आयोग बिहार में चुनाव की घोषणा करेगा। बताया जा रहा है कि आयोग की टीम इसी महीने राज्य का दौरा कर चुनावी तैयारियों का जायजा लेगी।







# जन वितरण प्रणाली दुकानों का होगा शत-प्रतिशत निरीक्षण, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए जीरो ऑफिस डे अभियान के अंतर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानों का शत-प्रतिशत निरीक्षण किया जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, सचिव मो0 नैय्यर इकबाल, विशेष सचिव उपेन्द्र कुमार तथा सभी जिलों के जिला पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई अविलंब सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने जिलाधिकारियों को सघन अनुश्रव का निर्देश देते हुए कहा कि यह अभियान हर लाभुक तक सही मात्रा और समय पर खाद्यान्न पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने बताया कि जीरो ऑफिस डे अभियान 2 से 9 सितम्बर, 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इस अवधि में राज्य की सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से पीडीएस परख मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान लाभुकों से भी जानकारी ली जा रही है कि उन्हें निर्धारित मात्रा में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न मिल रहा है या नहीं। विभाग के अनुसार अब तक राज्य की कुल 53,859 जन वितरण प्रणाली दुकानों में से 14,437 का निरीक्षण कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्य सचिव ने कहा कि इस प्रकार के अभियान आगे भी सतत रूप से चलाए जाएंगे, ताकि हर पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समय पर पहुंच सके।

# संजीव कुमार सुआर ने एनटीपीसी कांटी के परियोजना प्रमुख का कार्यभार संभाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कांटी/पटना।** एनटीपीसी कांटी में संजीव कुमार सुआर ने परियोजना प्रमुख का कार्यभार 4 सितम्बर 2025 को संभाल लिया। श्री सुआर एनटीपीसी से लगभग चार दशकों से जुड़े हुए हैं और इस अवधि में उन्होंने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई है। श्री सुआर 1986 बैच के एग्जीक्यूटिव ट्रेनी हैं। उन्होंने संबलपुर विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा आईआईटी दिल्ली से पावर जनरेशन टेक्नोलॉजी में एम.टेक. की उपाधि प्राप्त की है। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने एनटीपीसी के विभिन्न स्टेशनों जैसे विंध्याचल, तालचेर कनीहा, रायपुर, झज्जर और नॉर्थ करणपुरा जैसी परियोजनाओं में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। उन्हें विद्युत अनुरक्षण, ट्रांसफार्मर, स्विचगियर, प्रोटेक्शन सिस्टम और प्रचालन एवं अनुरक्षण प्रबंधन में व्यापक अनुभव है। मार्च 2025 में उन्हें एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया और कांटी परियोजना में आने से पहले वे एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। श्री सुआर ने एनटीपीसी के पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट सहित देश-विदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं से नेतृत्व एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। इनमें जनरेटर प्रोटेक्शन, सेफ्टी लीडरशिप, ऊर्जा दक्षता और प्रबंधन विकास जैसे विषय शामिल हैं। इस अवसर पर संजीव कुमार सुआर ने कहा एनटीपीसी कांटी का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मेरा प्रयास रहेगा कि हम संचालन उत्कृष्टता को और मजबूत करें, सुरक्षा व सतत विकास पर विशेष ध्यान दें तथा सामुदायिक विकास की पहलों को और गति दें। सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से हम शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के अवसरों को सशक्त करेंगे और कांटी तथा आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान देंगे।

# इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में खुशबू कुमारी पूरे राज्य में प्रथम

## राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल की छात्रा है खुशबू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल की छात्रा खुशबू कुमारी ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना द्वारा सत्र 2021-25 बैच के परिणाम घोषित किए गए जिसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में खुशबू कुमारी ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने 9.29 सीजीपीए प्राप्त कर यह गौरव हासिल किया। विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार राज्य स्तर पर सभी अभियंत्रण महाविद्यालयों के विभिन्न शाखाओं में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में खुशबू कुमारी को राज्य स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताया है। प्राचार्य ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षकों और विभागाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही यह सफलता संभव हो पाई है। खुशबू कुमारी मूल रूप से औरंगाबाद जिले के इटवांन गांव की निवासी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता शंकर राम और शकुंतला देवी, महाविद्यालय, प्राचार्य और सभी शिक्षकों को दिया है। उनका कहना है कि परिवार और शिक्षकों के सहयोग तथा आशीर्वाद के बिना यह संभव नहीं था। खुशबू कुमारी का मानना है कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी और संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा देगी। उनकी यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे जिले और राज्य के लिए गौरव का विषय है।

# बी. डी. कॉलेज, पटना में नवनियुक्त प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत का भव्य स्वागत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में आज एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नव-नियुक्त प्रतिस्थापित प्राचार्य प्रोफेसर रत्ना अमृत का शिक्षक संघ द्वारा हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रवि कुमार, अध्यक्ष-शिक्षक संघ ने की तथा संचालन शिक्षक संघ के सचिव डॉ. राहुल अमृतराज ने किया। इस अवसर पर पूरे महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति ने समारोह को ऐतिहासिक बना दिया। शिक्षक संघ की ओर से व्यक्त किए गए स्वागत संबोधन में कहा गया कि प्रो. रत्ना अमृत के नेतृत्व में बी. डी. कॉलेज नई ऊंचाइयां छुएगा। आपके अनुभव, दृष्टि और कार्यकुशलता से यह संस्थान शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचेगा। समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों ने क्रमशः पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति-चिह्न भेंट कर प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत का अभिनंदन किया। पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट और स्वागत की शुभकामनाओं से गूंज उठा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ. गरिमा पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रो. रत्ना अमृत का कार्यकाल निश्चय ही नयी ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा।

## प्रो. रत्ना अमृत ने रविशंकर प्रसाद को दिया व्याख्यानमाला में शामिल होने का निमंत्रण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बीडी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें संस्थान की ओर से आयोजित भुवनेश्वरी दयाल व्याख्यानमाला में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर प्राचार्य ने व्याख्यानमाला की रूपरेखा और उद्देश्य पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि भुवनेश्वरी दयाल व्याख्यानमाला का आयोजन विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रबुद्ध व्यक्तित्वों से संवाद का अवसर देने के लिए किया जा रहा है। इस व्याख्यानमाला के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से लाभ मिलेगा, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर भी उनकी समझ गहरी होगी। सांसद रविशंकर प्रसाद ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि इस व्याख्यानमाला को परंपरा के रूप में आगे बढ़ाने की योजना है ताकि हर वर्ष विद्यार्थी विशिष्ट वक्ताओं से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

# अब राज्य में हर रविवार होगा हॉर्न फ्री दिवस

## ध्वनि प्रदूषण से बचने की परिवहन विभाग की पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने और लोगों को शांत वातावरण उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग ने एक नई पहल की है। विभाग ने घोषणा की है कि अब से हर रविवार को 'हॉर्न फ्री दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन वाहन चालक अनावश्यक रूप से हॉर्न का प्रयोग नहीं करेंगे। विभाग की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि लगातार और बेवजह हॉर्न बजाने से ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। इसका सीधा असर नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। नींद में खलल, मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन, उच्च रक्तचाप और सुनने की क्षमता में कमी जैसी समस्याएं ध्वनि प्रदूषण के कारण तेजी से बढ़ रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए रविवार को 'हॉर्न फ्री दिवस' लागू करने का निर्णय लिया गया है। परिवहन विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य केवल नियम लागू करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को जागरूक करना भी है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे रविवार को न केवल अनावश्यक हॉर्न बजाने से बचें बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वाहन चालकों से यह भी कहा गया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और धैर्यपूर्वक सड़क पर आगे बढ़ें। इस अभियान के माध्यम से सरकार का लक्ष्य है कि लोग धीरे-धीरे अपनी आदतों में बदलाव लाएं और ध्वनि प्रदूषण को कम करने में सहयोग दें।

# बापू टावर में इंटर्नशिप हेतु 317 आवेदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महात्मा गांधी के जीवन, विचारधारा और उनके संघर्षों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से बापू टावर में पहली बार इंटर्नशिप की शुरुआत की गई है। इस पूर्णकालिक इंटर्नशिप के लिए अब तक 317 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किए हैं। इंटर्नशिप में छह अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसमें गांधीजी से संबंधित विषयों पर अध्ययन के लिए चार स्थान, डिजाइन एवं ललित कला के लिए एक स्थान तथा पत्रकारिता व जनसंपर्क के लिए एक स्थान निर्धारित हैं। आवेदन की जांच प्रक्रिया बापू टावर की समिति द्वारा की जा रही है जो अगले सप्ताह तक पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। परिणाम बापू टावर और भवन निर्माण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। साथ ही अभ्यर्थियों को डाक और इलेक्ट्रॉनिक पत्र द्वारा भी सूचना दी जाएगी। इंटर्नशिप की अवधि तीन माह होगी जिसे आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जा सकेगा। चयनित इंटर्न को प्रतिमाह पंद्रह हजार रुपये मानदेय प्रदान किया जाएगा। इंटर्नों को अध्ययन, सर्वेक्षण, प्रदर्शनी प्रबंधन, जनजागरण कार्यक्रम, शोध कार्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता डिज़ाइन तथा लेखन-संपादन जैसे कार्य सौंपे जाएंगे। पटना स्थित बापू टावर संग्रहालय का उद्देश्य गांधीजी के जीवन-मूल्यों और सात सामाजिक पापकर्मों को सरल रूप में प्रस्तुत करना है। ताकि आगंतुक सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता के सिद्धांतों को समझ सकें और उन्हें जीवन में आत्मसात कर सकें।

# महिलाओं की आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बना जे-वायर्स

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर करने में जीविका की पहल जे-वायर्स (जीविका वीमेन इनिशिएटिव रिन्यूएबल इंजॉइन एंड सॉल्यूशन) मिसाल बन चुकी है। गया जिले के डोभी प्रखंड में जनवरी 2020 में स्थापित यह संस्था आज हजारों महिलाओं के लिए आत्मविश्वास और नई पहचान का माध्यम बन गई है। अक्षय ऊर्जा पर आधारित यह कंपनी विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक और सौर उपकरणों के निर्माण, असेंबलिंग और विपणन से जुड़ी है। इसमें जीविका स्वयं सहायता समूह की 60 महिलाएं भागीदार हैं, जिन्हें आगे बढ़ाकर 200 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। संस्था ने अब तक गया, नवादा, औरंगाबाद, पश्चिम चंपारण और भोजपुर जिलों के 57 प्रखंडों में 400 से अधिक सौर मार्ट स्थापित किए हैं। यहां प्रशिक्षित की गई 'सौर दीदियां' उत्पादों की बिक्री से आजीविका अर्जित कर रही हैं। सोल्स परियोजना के तहत 17 लाख 69 हजार से अधिक सौर अध्ययन दीप वितरित किए गए हैं। साथ ही 2,500 महिलाएं 'सौर दीदी' के रूप में तैयार होकर ग्रामीण ऊर्ज़ा क्रांति की वाहक बनी हैं। संस्था ने अपने ब्रांड से एलईडी बल्ब निर्माण भी शुरू किया है और इस वर्ष सौर दुकानों की संख्या 650 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी यह पहल उल्लेखनीय है। गांव-गांव तक सौर ऊर्ज़ा का उजियारा फैलाने के साथ यह अभियान हरित ऊर्ज़ा के प्रसार की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में 2 सितम्बर को डोभी स्थित जे-वायर्स कार्यालय में रू-टैग स्मार्ट ग्राम केंद्र का उद्घाटन किया गया। नाबार्ड के पदाधिकारियों तथा फिनोविस्टा के निदेशक ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। यह केंद्र ग्रामीण समुदाय को प्रौद्योगिकी आधारित कौशल, आधुनिक उपकरण और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ते हुए दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक मजबूती का माध्यम बनेगा।

# इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र ने शिक्षकों को महत्वपूर्ण योगदान के लिए किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर क्लब की अध्यक्षा शीतू गांधी ने बताया कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। हमारे जीवन में शिक्षकों का महत्व केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है। वे हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमें अच्छा इंसान बनने में मदद करते हैं। शिक्षक दिवस हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम अपने शिक्षकों को धन्यवाद कह सकें और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान को अपने जीवन में उतार सकें। क्लब द्वारा बांकीपुर गर्ल्स हाई स्कूल की प्राचार्य किरण कुमारी और शिक्षिका नसेरा बानो, ए ऐन कॉलेज की प्रोफेसर प्रीति कश्यप, श्वेता चौधरी, सैंट जेवियर्स की अध्यापिका प्रिया मनीष कुमार और क्लब की मेम्बर्स निशा विद्यार्थी, रेखा सिंह, अजीत झा, प्रीति मुंद्रा, श्रुति पांडे, नमिता शरण को श्रेष्ठता प्रमाण पत्र और उपहार देकर पी डी सी श्वेता सिन्हा, डिस्ट एडिटर नीलू अरोड़ा, पास्ट प्रेसिडेंट सुनीता ने सम्मानित किया। सभी ने मिलकर केक काटा और उपाध्यक्ष अपर्णा भारती ने सभी का धन्यवाद किया। एम पी जैन ने बताया कि इस मौके पर बांकीपुर क्लब परिसर में वृक्षारोपण कर मेंबर्स के साथ क्लब की अध्यक्ष शीतू गांधी और सचिव नीलांजना भट्टाचार्य ने धरती के सरंक्षण का संदेश भी दिया।

# पितृपक्ष मेला पर पुनपुन घाट हाल्ट पर 10 जोड़ी ट्रेनें तथा अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर पांच जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा 06.09.2025 से 21.09.2025 तक पुनपुन घाट हाल्ट पर निम्नलिखित ट्रेनों का दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जा रहा है -पटना-भभुआ रोड-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस, पटना-बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस, सिंगरौली-पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस, इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस, पूर्णिया कोर्ट-हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, पटना-रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, पटना-धनबाद-पटना गंगा दामोदर एक्सप्रेस, राजगीर-वाराणसी-राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र पैसेंजर स्पेशल, चर्लपल्ली-पटना-चर्लपल्ली स्पेशल। इसी क्रम में पटना-चर्लपल्ली स्पेशल एवं गाड़ी सं. 03655 पटना-गया स्पेशल का भी पुनपुन घाट पर 2 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। इसके साथ ही दिनांक 06.09.2025 से 21.09.2025 तक अनुग्रह नारायण रोड और चिरैला पौथू के बीच स्थित अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर भी निम्नलिखित ट्रेनों का दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जा रहा है-गया-डिहरी ऑन सोन-गया मेमू पैसेंजर, गया-डिहरी ऑन सोन-गया मेमू पैसेंजर, गया-डिहरी ऑन सोन-गया मेमू पैसेंजर, आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू पैसेंजर, धनबाद-सासाराम-धनबाद इंटरसिटी।

# बिहार में डिजिटल स्वास्थ्य क्रांति-भव्या एप्लीकेशन ने रचा नया कीर्तिमान : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं को पारदर्शिता के साथ और नई तकनीक के उपयोग से जन-जन तक पहुंचाने के लिए बिहार स्वास्थ्य सेवा तेजी से डिजिटलीकरण की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के अंतर्गत शुरू की गई बिहार हेल्थ एप्लीकेशन विजनरी योजना फॉर ऑल (भव्या) के माध्यम से चिकित्सकों द्वारा मरीजों को अब ऑनलाइन दवाएं और जांच लिखी जा रही है तथा मरीजों की सभी स्वास्थ्य जानकारी सुरक्षित रूप से ऑनलाइन दर्ज की जा रही है। श्री पांडेय ने कहा कि जनवरी 2025 से अब तक भव्या एप्लीकेशन के माध्यम से 1,98,65,800 मरीजों का पंजीकरण हो चुका है जिनमें से 1,81,98,131 मरीजों को डॉक्टरों द्वारा ऑनलाइन परामर्श दिया गया है तथा शेष मरीजों को ऑफलाइन परामर्श दिया गया। इस तकनीक के माध्यम से प्रतिमाह औसतन 25,71,977 मरीजों का ऑनलाइन पंजीकरण हो रहा है। भव्या के उपयोग से अस्पतालों में मरीजों का औसत प्रतीक्षा समय घंटों से घटकर अब केवल 36 मिनट रह गया है जबकि अस्पताल के अंदर मरीजों की औसत यात्रा अवधि अब घटकर केवल 49 मिनट हो गई है। भव्या एप्लीकेशन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी सराहा गया है। बिहार को 4-5 अक्टूबर 2024 को मुंबई में आयोजित ग्लोबल डिजिटल हेल्थ समिट 2024 में इनोवेशन अवार्ड प्राप्त हुआ। हैदराबाद में आयोजित टेक्नो सभा में एक्सीलेंस अवार्ड मिला और 21 फरवरी 2025 को राज्य स्वास्थ्य समिति को उद्यम अनुप्रयोग श्रेणी में प्रौद्योगिकी सभा उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री पाण्डेय ने कहा कि स्कैन एण्ड शेयर तकनीक के प्रयोग से राज्य में मरीजों का इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार हो रहा है जिससे चिकित्सीय पर्ची और जांच रिपोर्ट खोने या साथ ले जाने की परेशानी समाप्त हो गई है।

# ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला की तर्ज पर पुनपुन नदी पर केबल ब्रिज तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के पास पुनपुन शहर में ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला की तर्ज पर पुनपुन नदी पर केबल सस्पेंशन ब्रिज तैयार हो गया है। इसका निर्माण कार्य तकरीबन 99 प्रतिशत पूरा हो गया है और कुछ दिनों में इसे आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इस पुल की लंबाई 320 मीटर है जिसमें 11.50 मीटर केबल सस्पेंशन ब्रिज बनाया गया है जिसकी मदद से पुनपुन में पिंडदान स्थल के पास नदी के दोनों घाट आपस में जुड़ गए हैं। यह बिहार का अपनी तरह का खास किस्म का ब्रिज है। पथ निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इस विशेष तरीके से तैयार केबल ब्रिज का निर्माण कार्य 31 अगस्त 2019 से शुरू किया गया था। इसकी शुरुआती लागत 46 करोड़ 77 लाख रुपये थी। बाद में इसकी लागत राशि को बढ़ाकर 82 करोड़ 99 लाख रुपये कर दी गई। इस मामले में सूबे के पथ निर्माण मंत्री नितीन नवीन का कहना है कि इस खास तरह के पुल का निर्माण तकरीबन पूरा कर लिया गया है। जल्द ही इसे आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। यह मॉडर्न इंजीनियरिंग का नायाब नमूना है। इस केबल ब्रिज की खासियत-यह बिहार का पहला हल्के वाहनों के लिए बनाया गया केबल सस्पेंशन ब्रिज है। पुनपुन पिंडदान स्थल पर आने-जाने में पर्यटकों को सुविधा होगी। साथ ही पुनपुन शहर के लोगों को व्यापार करने में बढ़ावा मिलेगा। इससे लोगों की आवाजाही में काफी सहूलियत होगी।

# राजभाषा पखवाड़ा के दौरान हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 26 सितंबर तक आयोजित किए जा रहे राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में 4 सितंबर को हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों से अनुवाद, प्रारूप लेखन, विलोम शब्द, अंग्रेजी से हिंदी व हिंदी से अंग्रेजी शब्दों का रूपांतरण तथा वर्तनी शुद्धि आदि संबंधी प्रश्न पूछे गये। राजभाषा पखवाड़ा के क्रम में 2 सितंबर 2025 को हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न किया गया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया था। प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर निबंध लिखना था। हिंदी निबंध प्रतियोगिता हेतु 2 विषय - हिंदी भाषा की वैज्ञानिकता एवं कृत्रिम बुद्धिमता और मनुष्य पूर्व में ही निश्चित किए गए थे। हिंदी निबंध प्रतियोगिता का उद्घाटन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के निमित्त विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

# 10 सितंबर तक ग्रामीण सड़कों व पुलों का निर्माण कार्य हर हाल में शुरू करें संवेदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग ने ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) और मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत आवंटित सभी पैकेजों का कार्य आगामी 10 सितंबर तक किसी भी हालत में आरम्भ कराने का निर्देश दिया है। विभाग ने ग्रामीण सड़क व पुलों के निर्माण से संबंधित सभी संवेदकों को गुरुवार को आगाह कर दिया है कि यदि 10 सितंबर तक आवंटित पैकेज के तहत ग्रामीण सड़कों और पुलों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो संबंधित संवेदकों के खिलाफ सीएमबीडी और बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली के तहत उनकी जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी। इतना ही नहीं, कार्य आरम्भ नहीं करने वाले संवेदकों का नाम काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में भी डालने की चेतावनी दी गई है। दरअसल, ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित पैकेजों के तहत शत-प्रतिशत सड़कों को आगामी 15 सितंबर तक पौटलेस किया जाना है। साथ ही विभाग ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अंतर्गत आवंटित सड़कों और पुलों के निर्माणस्थल पर कार्य संबंधी बोर्ड लगाना, स्थल प्रयोगशाला और निर्माण सामग्री इकठ्ठा करना भी अनिवार्य रूप से शुरू करने को कहा है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए आह्वान फाउंडेशन का बड़ा कदम, 32 हजार परिवारों तक पहुंचा राहत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आह्वान फाउंडेशन ने राहत कार्य शुरू किया है। संगठन ने अब तक 32 हजार परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई है। भारी बारिश और बाढ़ से राज्य में करीब 25 लाख लोग प्रभावित हुए हैं जिनमें सबसे अधिक संकटग्रस्त परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर मदद दी गई। संस्थापक ब्रजा किशोर ने कहा कि इस कठिन घड़ी में संगठन बिहारवासियों के साथ खड़ा है। उनका कहना है कि जब कोई परिवार बाढ़ में सब कुछ खो देता है तो उसे सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि यह विश्वास भी चाहिए होता है कि वह अकेला नहीं है। उनके अनुसार राहत किट के साथ चिंता, आशा और एकजुटता का संदेश भी पहुंचाया गया है। प्रत्येक राहत किट में भोजन, पानी, स्वच्छता सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। इन्हें प्रभावित परिवारों की तात्कालिक जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

# एनडीए के बंद का औरंगाबाद में रहा व्यापक असर







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीया मां को सार्वजनिक मंच से गाली दिए जाने के विरोध में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से आयोजित बिहार बंद का औरंगाबाद जिले में व्यापक असर पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का गमनागमन ठप रहने के साथ बाजार पूरी तरह बंद रहा। नबीनगर में बंद का नेतृत्व करते हुए औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मां का पद सर्वोच्च है और जिस प्रकार से प्रधानमंत्री की स्वर्गीया माताजी को मंच से गाली दी गई, ऐसा करने वाले तत्व क्षमा करने और माफी मांगने के लायक भी नहीं हैं। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजनीय मां को लेकर जो अभद्र टिप्पणी की गयी है वह बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस बन्दी को सफल बनाने में सभी व्यवसायी वर्ग एवं सामाजिक लोगों ने अपनी सम्पूर्ण भूमिका निभायी और स्वेच्छा से अपनी दुकानों को बन्द रखा। इस बन्दी में जदयू नेता संजीव सिंह, समाजवादी नेता रामलखन सिंह, जिला प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, फ़ेसर के पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, भाजपा नेता शंकर सिंह, मुन्ना सिंह, आशुतोष शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, बसंत सिंह, शिवपूजन सिंह, अवधेश सिंह, अशोक सिंह, किशोर सिंह, टुनटुन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, नरेन्द्र सिंह, कुंदन सिंह, यशवंत सिंह, अक्षय पांडेय, मनीष सिंह, हरेन्द्र सिंह, सूर्यवंश सिंह, मन्टू कुमार, सुजीत सिंह, लल्लू सिंह, विरेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, दीपक सिंह, मिथलेश सिंह समेत सैंकड़ो की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं बारून में बंद समर्थकों का नेतृत्व कर रहे औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के प्रति आभारी जताया। इस कार्यक्रम में बारून के प्रखंड जदयू अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत शर्मा, वर्तमान मंडल अध्यक्ष उत्तरी पारसनाथ सिंह, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष भाजपा सुशील कुमार पांडे, सिरिस मंडल अध्यक्ष सुजीत गुप्ता, भाजपा महिला प्रकोष्ठ की सीमा गुप्ता तथा बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुए। इधर, जिला मुख्यालय में एनडीए नेताओं द्वारा सुबह से ही शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर लोगों से बंद की अपील की गई। इस दौरान एनडीए गठबंधन के नेताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बंदी में शामिल नेताओं ने कहा कि यह बंद देश की महिलाओं के सम्मान को बचाने के लिए है। महागठबंधन के नेताओं द्वारा महिलाओं के अपमान की संस्कृति उजागर कर दी गई है और आज पूरा बिहार हर मां के सम्मान के लिए सड़कों पर उतरकर बंद को सफल बना रहा है। क्योंकि मां के अपमान को यह देश बर्दाश्त नहीं करेगा। बंदी के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-19 तथा 139 के साथ साथ शहर का रमेश चौक जाम रहा और दुकानें बंद रही। वक्ताओं ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की मां को गाली देना केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे देश की मातृ शक्ति का अपमान है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल सिंह, अनिल सिंह, सतीश कुमार सिंह, कमला सिंह, विनोद कुमार चंद्रवंशी, अनिता सिंह, जितेंद्र गुप्ता, लोजपा नेता सोनू सिंह सहित अन्य बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वज्रपात से दो झुलसे, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के चौखड़ा मोड़ के पास गुरुवार को वज्रपात की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। इनमें इलाज़ के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ निवासी किशोरी यादव के 22 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार जबकि जख्मी युवक की पहचान पड़रा निवासी जीतेन्द्र यादव के 21 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक बाइक से औरंगाबाद जा रहे थे तभी अचानक बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए दोनों उस जगह एक पीपल पेड़ के नीचे खड़े हो गए तभी अचानक वज्रपात की चपेट में आने से दोनों झुलस गए और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में भर्ती कराया जहां एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जरूरी प्रक्रिया के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक सनोज कुमार की शादी चार माह पहले थाना क्षेत्र के अटल बिगहा निवासी कमलेश यादव की पुत्री प्रमिला कुमारी के साथ हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गया। परिजनों ने आपदा राहत के तहत जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हुई है जबकि इस घटना में जख्मी युवक अस्पताल में इलाजरत है।

# सांस्कृतिक आयोजन के साथ मनाई हरियाली तीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** एनटीपीसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पत्नियों एवं महिला कर्मचारियों द्वारा गठित स्वरा महिला संघ, नबीनगर की ओर से हरियाली तीज के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संघ की अध्यक्ष आरती बेहेरा, उपाध्यक्ष नीरा यादव एवं बाल भवन की अध्यक्ष गीता टी.सी. के नेतृत्व में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथियों के रूप में संगिनी महिला संघ, बीआरबीसएल की उपाध्यक्ष स्ना साहा एवं मोना ने शिरकत की। कार्यक्रम को विशेष बनाने हेतु स्वरा महिला संघ की सदस्याओं ने कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें कजरी और नृत्य-संगीत के साथ-साथ कुछ रोमांचक खेल भी शामिल थे। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'तीज सुंदरी'' का चयन रहा, जिसमें विद्युत लता मोहन्ता ने यह खिताब अपने नाम किया। वहीं, प्रथम उपविजेता राखी गौतम और द्वितीय उपविजेता मनाली राठौड़ रहीं। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी की महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया। ज्ञातव्य हो कि स्वरा महिला संघ प्रतिष्ठित कल्याणकारी संस्था है। यह संघ नियमित रूप से आसपास के गांवों में विविध सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों एवं आयोजनों का संचालन करती रहती है।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण जयंती के अवसर पर राष्ट्र निर्माता को
शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निपुण भारत
निपुण बिहार
संजय कुमार
प्रधानाध्यापक
पीएम श्री मध्य विद्यालय, शिवगंज, डिहरी (रोहतास)

शिक्षक दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
मो. सरफराज आलम
प्रधानाध्यापक
राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय
सुंदरगंज (बारून) औरंगाबाद

शिक्षक दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
मो. मुराद
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय
रामपुर (औरंगाबाद)

शिक्षक दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सूर्यकान्त
सहायक शिक्षक
रा. उत्क्रमित मध्य विद्यालय
भोला बिगहा, औरंगाबाद

अनुमंडल राजकीय डिग्री महाविद्यालय
नौहट्टा (रोहतास)
की ओर से
शिक्षक दिवस के अवसर पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी
प्रधानाचार्य

ESTD:- 2013
निबंधन संख्याः- 41/2015-16
शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सर्वोत्तम सेवाश्रम
पानापुर लंगा हाजीपुर वैशाली (बिहार)
सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन ऐक्ट-21,1860
सबको शिक्षा, सबको सम्मान
" शिक्षा आपके द्वार "
Mob:- 9934206195




बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

आज शिक्षक दिवस के अवसर पर हम महान दार्शनिक, राजनेता एवं शिक्षाविद् भारत रत्न डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन् जी के शिक्षा के क्षेत्र में उनके अहम योगदान को याद करते हैं। उनका मानना था कि माता–पिता के अलावा शिक्षक ही विद्यार्थियों में संस्कारों की नींव रख कर राष्ट्र–निर्माण में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान करते हैं। जिन देशों में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है, वे देश ही विकास की अग्रिम पंक्ति में अपना स्थान बनाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परंपरा को और अधिक मजबूत बनायें।

राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु हर सार्थक कदम उठा रही है। इसी क्रम में सरकार द्वारा ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। तकनीकी शिक्षा के विकास हेतु उच्च विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षक एवं आई.सी.टी. लैब की व्यवस्था की गई है। समाज के सभी वर्गों, खास कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वर्त्तमान में कुल बजट का बड़ा भाग (लगभग 20%) शिक्षा पर व्यय किया जा रहा है।

शिक्षक दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं सभी शिक्षकों को राष्ट्र–निर्माण में उनके सद्प्रयासों की सफलता हेतु शतशः शुभकामनाएँ देता हूँ तथा आशा करता हूँ कि वे राज्य के शैक्षणिक वातावरण को एक नई दिशा देंगे।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 013924 (Education) D. 2025-26





सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

शिक्षक दिवस
(5 सितम्बर, 2025)
संदेश

देश के महान दार्शनिक, प्रसिद्ध शिक्षक और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के जन्मदिन पर हर वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा था कि शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। सिर्फ अच्छे भवन, महँगे उपकरण या सुविधाओं से स्कूल नहीं बनता, बल्कि एक अच्छे स्कूल को बनाने में शिक्षकों की निष्ठा और समर्पण की भावना ही निर्णायक सिद्ध होते हैं।

शिक्षकों के लिए यह आवश्यक है कि वे बच्चों को ज्ञान–विज्ञान एवं विवेकसम्मत आचरण के लिए सुशिक्षित करें। वे बच्चों को सामाजिक मूल्यों, जैसे–सत्य, अहिंसा, करूणा, बंधुत्व आदि तथा राष्ट्रीय एकता एवं विश्वमैत्री जैसी उत्तम भावनाओं का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

शिक्षक दिवस के इस पुनीत अवसर पर मैं शिक्षक समुदाय से अपील करता हूँ कि आप बच्चों को प्रबुद्ध समाज का हिस्सा बनाने के लिए उच्च नैतिक मूल्यों, प्रगति मूलक दृष्टिकोण और मुक्त तथा उत्कृष्ट सोच के लिए गहन प्रयास करें। मैं नये भारत के निर्माण के चुनौतीपूर्ण कार्य में आपकी पूर्ण सफलता की कामना करता हूँ तथा शिक्षक समुदाय के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-013821 (Education) D. 2025-26



बिहार सरकार

शिक्षक दिवस
(5 सितम्बर, 2025)
संदेश

मुझे शिक्षक दिवस के अवसर पर देश के सभी शिक्षकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए असीम प्रसन्नता हो रही है। शिक्षकों का उद्देश्य विद्यार्थियों में ठोस ज्ञान का आधार विकसित करना है।

शिक्षकों का यह दायित्व है कि वे बच्चों को विवेकसम्मत तर्क विश्लेषणात्मक सोच, समस्या का सामाधान करने और आंकड़ों से गूढ़ अर्थ निकालने के कार्य में प्रेरित करें। शिक्षकों को बच्चे के व्यक्तित्व के चहुमुखी विकास के लिए कक्षा के बाहर भी अध्ययन के अवसरों की खोज करने और उन्हें सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता है। शिक्षकों को सामाजिक मूल्यों जैसे समानता, न्याय, धर्म–निरपेक्षता, मानव–गरिमा और मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर मैं सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के प्रति सम्मान प्रकट करता हूँ और उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। मैं कामना करता हूँ कि वे अपनी शिक्षण क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अपना सक्रिय योगदान देंगे।

(सुनील कुमार)
शिक्षा मंत्री, बिहार

PR- 013822 (Education)D. 2025-26

# बिहार बंद: नवादा की सड़कों पर उतरे एनडीए कार्यकर्ता, बाजारों में दिखा बंद का असर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय मां पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर गुरुवार को एनडीए कार्यकर्ताओं ने बिहार बंद के आह्वान पर नवादा में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। सुबह से ही सड़कों पर उतरे कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह नारेबाजी करते हुए बाजार और दुकानों को बंद कराया। बंद का असर शहर और आसपास के क्षेत्रों में साफ दिखा। दुकानों और प्रतिष्ठानों के शटर गिरे रहे, वहीं बंद में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई। सड़कों पर "मां का अपमान नहीं सहेगा बिहार" और "राहुल गांधी-तेजस्वी यादव मुर्दाबाद" जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा। हालांकि आपातकालीन सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया। प्रजातंत्र चौक पर जब एक एम्बुलेंस जाम में फंस गई तो एनडीए कार्यकर्ताओं ने तुरंत उसे रास्ता दिलाकर मरीज को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, रालोजपा (रा) जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, आरएलएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, हम पार्टी से संदीप पासवान, नालंदा जिला प्रभारी संजय मुन्ना, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिन्हा सहित कई दलों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके अलावा प्रमोद चून्नू, विजय पांडेय, शैलेन्द्र शर्मा, अरविंद गुप्ता, मुकेश दिनकर, तेजस सिन्हा, अभिजीत सिन्हा, युवा जिलाध्यक्ष अजीत शंकर, माधुरी वर्णवाल, वीणा, गुलशन कुमार, शिवरानी केशरी, गरीवन महतो, अयोध्या पासवान, शशि कुमार शेष, शोभा देवी, कल्लू, अनिल मंडल, पप्पू, नवल चौहान, रियाज खान, प्रमिला प्रजापति, शुभम कुमार, नरेंद्र यादव, टुनटुन सिंह, मनोहर पासवान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता बिहार बंद में सक्रिय रूप से शामिल रहे।





# हिलसा में एनडीए कार्यकर्ताओं ने निकाला आक्रोश मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी को राजद के मंच से अपमानजनक शब्द कहे जाने के विरोध में गुरुवार को एनडीए समर्थकों द्वारा बुलाए गए बिहार बंद का हिलसा में मिला-जुला असर देखा गया। बंद के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकालते हुए वरूण तल चौराहा के पास घंटों सड़क जाम किया। इस दौरान आवाजाही करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, हालांकि एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को जाम से मुक्त रखा गया। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे और बैनर लेकर सूर्य मंदिर परिसर से मार्च शुरू किए। यह जुलूस योगीपुर मोड़, बिहारी रोड, सिनेमा मोड़, काली स्थान और खाकी चौक होते हुए पुनः वरूण तल चौराहे पहुंचा, जहां यह धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। नेताओं ने कहा कि दरभंगा में खुले



मंच से प्रधानमंत्री की माता का अपमान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे देश की माताओं-बहनों का अपमान है। इसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष राज्य में अराजकता और गुंडाराज स्थापित करना चाहता है, लेकिन जनता अब उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। नेताओं ने चेतावनी दी कि इसका जवाब आगामी विधानसभा चुनाव में अवश्य दिया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा, प्रो. कमल किशोर प्रसाद, मंजय चंद्रवंशी, आशुतोष कुमार, संजीव कुमार वर्मा, राजू कुशवाहा, संजय सागर, योगेंद्र कुमार मंडल, गौरव प्रकाश, विकास चंद्रवंशी, राजीव कुमार, ब्रजलाल प्रसाद यादव, सुरेश कुमार सिंह, नंदलाल साह, अभिनव कौशल जायसवाल, उदित नारायण, सुमित माथुर सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनसीसी उड़ान पटना टीम ने कैडेट्स को दिए आत्मरक्षा व बचाव के गुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जेपी बीएड कॉलेज परिसर में चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त वार्षिक शिविर में गुरुवार को उड़ान पटना की टीम ने कैडेट्स को आत्मरक्षा और बचाव से जुड़ी उपयोगी टिप्स दिए। प्रशिक्षक अभय कुमार ने सड़क दुर्घटना और आगजनी की स्थिति में त्वरित बचाव के तरीके बताए। इस दस दिवसीय शिविर का उद्घाटन कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी के ओपनिंग एड्रेस से हुआ। दोपहर बाद सेना के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टरों ने कैडेट्स को हथियारों की जानकारी दी। इसमें हथियार खोलने, जोड़ने और सुरक्षित इस्तेमाल की विस्तृत ट्रेनिंग दी गई। 38 बिहार बटालियन एनसीसी, बिहारशरीफ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बाहरी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में नालंदा जिले सहित आसपास के कई जिलों के दर्जनभर स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को चयनित कर उन्हें थल सेना कैंप, इंटर-डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग कैंप, बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता और यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम जैसे राष्ट्रीय स्तर के शिविरों के लिए तैयार करना है। कैडेट्स को ड्रिल, मैप रीडिंग और हथियार प्रशिक्षण जैसी बुनियादी सैन्य गतिविधियों के साथ साइबर सिक्योरिटी, ट्रैफिक कंट्रोल और सेल्फ डिफेंस जैसे आधुनिक विषयों पर भी विशेष व्याख्यान दिए जा रहे हैं। शिविर के दौरान उन्हें आसपास के ऐतिहासिक धरोहरों का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। शिविर की सफलता सुनिश्चित करने में एनसीसी अधिकारी कैप्टन राकेश पांडेय, सूबेदार मेजर एल. तिग्गा, सूबेदार रुपेश गुरुंग, सूबेदार सत्येंद्र सिंह, सूबेदार मान सिंह, सूबेदार मदन सिंह मेहता, सूबेदार नितिन भिगुडे, नायब सूबेदार राजकुमार, सीएचएम नवनीत आनंद, बीएचएम राम बहादुर पुन, जीसीआई प्रीति, ईएसएम हवलदार संजय कुमार समेत कई हवलदार, फिजिकल इंस्ट्रक्टर और सिविल स्टाफ की अहम भूमिका है। यह शिविर 2 सितंबर से 11 सितंबर तक चलेगा।

## एक नजर

### नवादा की डॉ. विनीता को मिलेगा राजकीय सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाली शेखपुरा जिले के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रेउता की प्रधानाध्यापिका डॉ. विनीता प्रिया को आज राजकीय सम्मान से नवाजा जाएगा। रोह प्रखंड के कुंजैला गांव में जन्मी डॉ. विनीता ने प्रारंभिक शिक्षा गांव के विद्यालय से प्राप्त की और आगे की पढ़ाई नवादा के प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय व राजेंद्र मेमोरियल वूमंस कॉलेज से की। इसके बाद उन्होंने बीएड बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और पीएचडी मगध विश्वविद्यालय से पूरी की। वर्ष 2008 में उन्होंने शिक्षक के रूप में अपनी सेवा की शुरुआत की। दलित बस्ती स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर नगर में शिक्षा की अलख जगाकर उन्होंने गांववालों का दिल जीत लिया। बाद में प्रखंड शिक्षक, जिला परिषद शिक्षिका और प्रभारी प्रधानाध्यापिका के पदों पर रहते हुए उन्होंने उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण बनाया। जुलाई 2025 से वे बीपीएससी द्वारा चयनित होकर प्रधानाध्यापक के रूप में योगदान दे रही हैं। शिक्षा और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय डॉ. विनीता अब तक जिला प्रशासन व विभिन्न संस्थाओं से कई बार सम्मानित हो चुकी हैं। इनमें मदन मोहन मालवीय सम्मान (2020), बिहार टीचर हिस्ट्री मेकर अवार्ड (2022) और उत्कृष्ट शिक्षा सेवा सम्मान (2025) प्रमुख हैं। साथ ही, वे अपनी दमदार उद्घोषणा और रचनाओं से भी पहचान बना चुकी हैं।

### 54 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवादा**। प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि 03 सितंबर 2025 को जिले में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने कुल 54 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसमें हत्या के मामले में 1, अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत 7, हत्या के प्रयास में 5, मद्य निषेध मामले में 2 तथा अन्य विभिन्न मामलों में 39 गिरफ्तारियां शामिल हैं। पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर भी बड़ी कार्रवाई करते हुए 740 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की। इसके अतिरिक्त 1,600 लीटर महुआ घोल को नष्ट किया गया। अन्य बरामदगी में 5 मोटरसाइकिल, 2 टोटो वाहन, 2 मोबाइल फोन और 8 ड्रम शामिल हैं। वारंट की कार्रवाई के तहत 5 और कुर्की के तहत 1 मामले का निष्पादन किया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान 200 वाहनों की जांच की गई तथा उल्लंघन पर 2 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नवादा पुलिस जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपराध को अंजाम देने के बाद छिपे अपराधियों की लगातार तलाश की जा रही है। उन्होंने इस कार्रवाई को नवादा पुलिस के लिए बड़ी सफलता बताया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**नवादा** । नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, श्री आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु गुरुवार को संयुक्त श्रम भवन, सरकारी आई०टी०आई० नवादा के प्रांगण में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में नवादा जिले के सभी ग्राम पंचायतों के मुखियागण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि वे विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनिय वादों तथा नये दर्ज वादों के पक्षकारों को आगामी लोक अदालत की जानकारी दें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि निर्गत नोटिसों में पक्षकारों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो एवं अधिक से अधिक पक्षकारों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय प्रयास किए जाएं, ताकि लोक अदालत में लंबित सुलहनिय योग्य आपराधिक वादों का अधिक से अधिक निष्पादन हो सके। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, नवादा श्री रामबचन सिंह ने बताया कि स्थायी लोक अदालत का गठन हो चुका है, जहां मुकदमा पूर्व वादों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। इसमें बिजली बिल, टेलीफोन बिल, बैंक ऋण वाद आदि मामले सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर रामबचन सिंह (अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, नवादा), राजेश कुमार सिन्हा, मो० साजिद अयूब खॉन, अमन जैन (लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल, नवादा), रविरंजन पारा (विधिक स्वयंसेवक, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा) सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### शिक्षक सह संकुल समन्वयक का विदाई समारोह आयोजित

**रजौली**। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिगहा व चिरैला संकुल समन्वयक शिक्षक पंकज कुमार का स्थानांतरण उत्क्रमित मध्य विद्यालय पौरा होने पर गुरुवार को विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच का संचालन राकेश कुमार ने किया एवं लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक पंकज कुमार मध्य विद्यालय चिरैला के समन्वयक और बिगहा विद्यालय में 18 वर्ष सेवाउपरांत इनका स्थानांतरण उत्क्रमित मध्य विद्यालय पौरा हुआ है। कार्यक्रम में संकुल के सभी विद्यालय से प्रतिनिधि और विद्यालय परिवार ने सम्बोधन में उनके कार्य को सराहा। साथ ही भगवान से अग्रह किये की बिगहा विद्यालय की ही तरह पौरा के बच्चों और शिक्षकों से स्नेह बनाये रखेंगे। इस मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिरैला के शिक्षक राजीव कुमार, शिक्षक चंदन कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार, ओंमप्रकाश आर्य, सुधा कुमारी,नीतू कुमारी सिंह, अनिता कुमारी, पुष्प सिन्हा, रूपाकुमारी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### पकरीबरावां में दिखा बिहार बंद का असर

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां बाजार में बिहार बंद का असर देखा गया। दिन के 12 बजे तक नहीं के बराबर वाहनों का परिचालन रहा। एनडीए के कार्यकर्ताओं ने पकरीबरावां- नवादा पथ पर डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मारक परिसर के पास आवागमन को ठप कर प्रदर्शन किया। भाजपा नेता मुकेश सिंह, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह, आसो पासवान, भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री सुदामा चौहान आदि ने बताया कि दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस के मंच से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी मां पर अभद्र टिप्पणी एवं गाली-गलौज की गई है। इसी के विरोध में बिहार बंद किया गया है।

# नदी में डूबने से मासूम की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। इस्लामपुर प्रखंड के मोजाहिदपुर गांव में गुरुवार को कर्मा पूजा के बाद एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के 10 वर्षीय अंकुश कुमार की जलवार नदी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पूजा संपन्न होने के बाद ग्रामीण परंपरा के तहत झार को नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। इसी दौरान अंकुश अपने परिवार और अन्य ग्रामीणों के साथ स्नान करने पहुंचा। स्नान के क्रम में उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। ग्रामीणों ने तत्परता से बचाने का प्रयास किया और लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिहारशरीफ**। एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत जहानाबाद-एकंगरसराय बाईपास पर बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के चुनुकपुर गांव निवासी नागेश्वर प्रसाद के पुत्र मनीष कुमार (20) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मनीष अपनी बहन के घर हिलसा जा रहा था, जहां उसके भांजे का जन्मदिन मनाया जाना था। इसी दौरान बाईपास पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मनीष को आनन-फानन में एकंगरसराय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे पावापुरी मेडिकल कॉलेज और बाद में पटना रेफर किया गया। लेकिन पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए एकंगरसराय थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेजा गया है।

# देश की माताओं का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माताजी पर महागठबंधन के नेताओं द्वारा अभ्रद टिप्पणी किये जाने पर प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित रजौली भाजपा कार्यालय से भाजपा कार्यकर्ता एकजूट होकर रजौली बाजार भ्रमण कर स्वेच्छा पूर्वक बाजार बंद करवाते हुये बाईपास चौक चौराहे पर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव का पुतला दहन कर कड़ा प्रतिकार किया। रजौली बंदी कार्यक्रम का नेतृत्व रजौली महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा देवी ने की। महिला मोर्चा बहनों ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव का बाईपास एनएच पर पुतला में आग लगाकर कड़ा प्रतिकार किया। भाजपा जिला महामंत्री ने बताया कि 140 करोड़ देशवासियों का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिवंगत माताजी पर जिस तरह से दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम के निमित्त मंचासीन राहुल गांधी, तेजस्वी यादव के उपस्थिति में महागठबंधन के नेताओं द्वारा निर्मम अभ्रद टिप्पणी किया गया। ये शर्मनाक है। यह अपमान सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माताजी का ही अपमान नहीं यह देश के समस्त माताओं, बहनों का अपमान है। एक गरीब परिवार का व्यक्ति, चाय बेचकर अपना जीवन-बसर करने वाला आज देश का प्रधानमंत्री आम-जन के आशीर्वाद से बना है यह देश के शहजादे राहुल गांधी एवं बिहार के शहजादे तेजस्वी यादव एवं इडी गठबंधन के नेताओं, कार्यकर्ताओं को पच नहीं रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र के किये गये विकास कार्यों के सामने ये टिक नहीं सकते तो गाली गलौज जैसी भाषा पर उतर गये है। आनेवाले 2025 के विधानसभा चुनाव में यह



अपमान का बदला वोट के माध्यम से बिहार की जनता लेने का काम करेगी।

इस मौके पर जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन, मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, पूर्व विधायक कन्हैया कुमार, निवर्तमान अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, प्रोफेसर सुरेन्द्र चौधरी, चंदन राजवंशी, ऋषि कपूर, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रवंशी सहित सैकड़ों भाजपा परिवारजन उपस्थित थे।

### भाजपा ने कराई कौआकोल में बन्दी

**कौआकोल**। महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता के विरुद्ध की गई अभद्र भाषा को लेकर गुरुवार को एनडीए की मातृशक्ति द्वारा घोषित पांच घण्टा का बिहार बंद कौआकोल में पूरी तरह सफल रहा। सुबह से कौआकोल पूर्वी जिला पार्षद अजित यादव के नेतृत्व में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने कौआकोल एवं रानीबाजार में घूम-घूमकर बाजार बन्द करने का आह्वान किया। जिसका बाजारवासियों ने जोरदार समर्थन दिया एवं स्वेच्छापूर्वक अपनी अपनी दुकानें सुबह 7 बजे से 12 बजे दोपहर तक बन्द रखी। बन्दी कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला पार्षद अजित यादव ने कहा कि पीएम मोदी की स्वर्गवासी मां को राजद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गाली देने से हरेक महिला को ठेस पहुंची है। ऐसी हरकत उनके कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि उनके नेता भी करते हैं। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस बिहार में गुंडा राज स्थापित करने की कोशिश करते हैं,इसलिए बिहार की जनता ने कभी इन्हें मैंडेट नहीं देगी। मौके पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता विनय मेहता उर्फ विनय कुशवाहा,मोहम्मद आशिक अली, निकुंज विश्वकर्मा,अनन्त बरनवाल,सूरज कुमार साव,संजय यादव समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विशेष रोल ऑब्जर्वर ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार, नवादा में बुधवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विशेष रोल ऑब्जर्वर नजमुल होदा (आईपीएस) ने की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक में प्रारूप निर्वाचक नामावली, प्राप्त दावे-आपत्तियों, बीएलओ के कार्यों, पंजीकरण प्रपत्रों की उपलब्धता तथा असंग्रहणीय प्रपत्रों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। ज्ञात हो कि 1 अगस्त 2025 को प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रकाशित की गई थी तथा01 से 31 अगस्त तक दावे और आपत्तियाँ दर्ज की गईं। इस दौरान जिलेभर में विशेष शिविरों और प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 18,12,248 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 16,85,798 निर्वाचक पंजीकरण प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल का 93.02 प्रतिशत है। वहीं 1,26,450 प्रपत्र (6.98 प्रतिशत) असंग्रहणीय पाए गए। इनमें मृत्यु के



कारण 52,286, अनुपलब्ध अथवा अनट्रेसेबल 9,439, स्थायी रूप से स्थानांतरित 45,258 तथा अन्य कारणों से 19,467 प्रपत्र शामिल हैं। दस्तावेज अपलोड की स्थिति संतोषजनक रही। 16,84,663 निर्वाचकों (99.93 प्रतिशत) के दस्तावेज पूर्ण रूप से अपलोड किए गए, जबकि केवल 1,135 (0.07 प्रतिशत) के दस्तावेज आंशिक अथवा शून्य पाए गए। इसके अतिरिक्त 9,484 पारिवारिक रजिस्टर भी अपलोड हुए। प्रारूप प्रकाशन के बाद जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16,85,798 रही, जिसमें पुरुष 8,82,055, महिला 8,03,616 तथा तृतीय लिंग के 127 मतदाता शामिल हैं। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 19,796 नए युवा मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 911 वरिष्ठ नागरिक जोड़े गए। इसके अलावा 16,477 दिव्यांगजन (PwD) तथा 3,536 सेवा मतदाता भी सूचीबद्ध किए गए। जिले का औसत लिंगानुपात 55.4 प्रतिशत तथा इपी अनुपात 911 दर्ज किया गया। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी हिसुआ सह अपर समाहर्त्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी, नवादा सदर एसडीओ अमित अनुराग, रजौली एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन, वारिसलीगंज भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता गौरव शंकर, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय निशु मल्लिक, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार पासवान, अवर निर्वाचन पदाधिकारी मो. अबु हैदर हैदरी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एसडीओ ने रहुई प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बिहारशरीफ ने गुरुवार को रहुई प्रखंड क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जन वितरण प्रणाली की दुकानों, पंचायत भवन और विद्यालयों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में ग्राम इतासंग पैक्स के डीपीएस विक्रेता रविकांत प्रसाद की दुकान पर ई-पॉश मशीन से भंडार का सत्यापन किया गया, जिसमें अनियमितता पाई गई। इस पर एसडीओ ने विक्रेता से स्पष्टीकरण मांगा। वहीं ग्राम शाहपुर स्थित सुनीता देवी की दुकान में भंडार की मात्रा संतोषजनक पाई गई। इसके बाद एसडीओ ने पंचायत सरकार भवन रहुई में चल रहे राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने किसी प्रकार की शिकायत नहीं की। इसी क्रम में एसडीओ ने मध्य विद्यालय इतासंग भदवा का भी निरीक्षण किया।

# वस्तु एवं सेवा कर में व्यापक सुधार का रवि गुप्ता ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। जीएसटी काउंसिल ने बुधवार को आम सहमति से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में व्यापक सुधारों को मंजूरी दे दी। परिषद के इस निर्णय से रोज़मर्रा की उपयोगी वस्तुएं जैसे रोटी, पराठा, हेयर ऑयल, आइसक्रीम और टीवी तक सस्ती हो जाएंगी। वहीं व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर लगने वाला जीएसटी पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि अब जीएसटी की केवल दो दरें रहेंगी – 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। पहले से लागू 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाले स्लैब समाप्त कर दिए गए हैं। विलासिता और हानिकारक वस्तुओं पर एक अलग स्लैब रहेगा, जिस पर 40 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। नई दरें 22 सितंबर से यानी नवरात्रि के पहले दिन से पूरे देश में लागू होंगी। सरकार का कहना है कि इस बदलाव से आम जनता,



किसानों और छोटे उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा। छोटी कारों, तिपहिया वाहनों और 350 सीसी से कम क्षमता वाली बाइकों पर भी जीएसटी घटाया गया है। नवादा समेत पूरे बिहार के व्यापारी इस निर्णय से उत्साहित हैं। व्यापारियों ने केंद्र सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# महापर्व पर्युषण पर जैनियों ने की उत्तम त्याग धर्म की आराधना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। आत्मशुद्धि का दस दिवसीय महापर्व पर्युषण के आठवें दिन जैन धर्मावलंबियों ने गुरूवार को दशलक्षण धर्म के सप्तम स्वरूप उत्तम त्याग धर्म की विशेष आराधना की। इस अवसर पर जैनियों ने भगवान महावीर के प्रथम शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर जिनेंद्र प्रभु का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा की। तत्पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ क्रमशः जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप व फल सहित अष्टद्रव्य से देव शास्त्र गुरू व पंच परमेष्ठी भगवान के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की गयी। दैनिक पूजन के उपरांत जैन धर्मावलंबियों ने दशलक्षण धर्म के साथ ही धर्म के अष्टम स्वरूप की विशेष आराधना करते हुये अपने अपने जीवन से विकृतियों को त्यागने का संकल्प लिया। दीपक जैन ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा रत्नत्रय पूजन के प्रथम स्वरूप सम्यक दर्शन धर्म की भी विशेष आराधना की गयी। आज आयोजित आत्मशुद्धि के इस विशेष अनुष्ठान में लक्ष्मी जैन, अभिषेक जैन, सुलोचना जैन, आकाश जैन सहित जैन समाज के कई अन्य प्रतिनिधि शामिल हुये। जैन समाज के प्रतिनिधि दीपक जैन ने उत्तम त्याग धर्म पर प्रकाश डालते हुये बताया कि जैन धर्म के संदर्भ में उत्तम त्याग धर्म का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि उत्तम त्याग धर्म का अर्थ सांसारिक वस्तुओं के साथ ही आंतरिक आसक्तियों, मोह, माया व इच्छाओं का परित्याग करना है।

# भारत और कोरिया का मुकाबला 2-2 से बराबरी पर

## हीरो पुरुष हॉकी एशिया कप 2025 में रोमांचक शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। हीरो पुरुष हॉकी एशिया कप 2025 के सुपर 4 चरण के पहले मुकाबले में भारत और कोरिया के बीच हुआ मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत के लिए हार्दिक सिंह ने आठवें मिनट और मनदीप सिंह ने 53वें मिनट में गोल दागे। वहीं, कोरिया की ओर से जिहुन यांग ने 12वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से और ह्योनहोंग किम ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया। बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ, लेकिन भारत ने शुरुआती आक्रामकता दिखाई। दूसरे और सातवें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिले, परंतु उन्हें गोल में नहीं बदला



जा सका। आठवें मिनट में सुखजीत सिंह ने गेंद छीनकर हार्दिक सिंह को पास दिया और उन्होंने शानदार गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। कोरिया ने तेजी से वापसी की और दो मिनट के भीतर बढ़त हासिल कर ली। जिहुन यांग ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला और उसके तुरंत बाद ह्योनहोंग किम ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया। इसके बाद भारतीय आक्रमण लगातार जारी रहा। 22वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह का पास जर्मनप्रीत तक पहुंचा, लेकिन उनका प्रयास गोलकीपर ने रोक लिया। तीसरे क्वार्टर में भी भारत ने कई मौके बनाए, किंतु गोल नहीं कर सका। 41वें मिनट में मनप्रीत सिंह ने सुखजीत को पास दिया, पर उनका शॉट चूक गया। अभिषेक के पास भी दो मौके आए, लेकिन वे गोल में तब्दील नहीं हो सके। चौथे क्वार्टर में भारत ने दबाव और बढ़ाया। मनदीप सिंह ने 53वें मिनट में सुखजीत के पास पर बेहतरीन गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। अंतिम मिनटों में दोनों टीमों को अवसर मिले, पर कोई भी बढ़त हासिल नहीं कर पाया। भारत अब अपने अगले मैच में 4 सितंबर को शाम 7:30 बजे मलेशिया से भिड़ेगा। सुपर 4 के अन्य मुकाबलों में जापान ने चीनी ताइपे को 2-0 से और मलेशिया ने चीन को 2-0 से हराया। मैच का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जा रहा है, जबकि अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, यूरोप और उत्तरी अमेरिका के दर्शक वॉच.हॉकी मंच पर इसे देख सकते हैं।

# प्रधानमंत्री की माता का अपमान पूरी मातृशक्ति का अपमान : प्रेम कुमार

## सहकारिता मंत्री के नेतृत्व सफल कराया गया बिहार बंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कांग्रेस और राजद नेताओं ने सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर न केवल प्रधानमंत्री की माता का, बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति का अपमान किया है। उन्होंने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष अब मुद्दा विहीन हो चुका है और मानसिक दिवालियापन का शिकार होकर संस्कृति और मातृत्व पर प्रहार कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग परिवारवाद की राजनीति करते हैं, वे मातृत्व के सम्मान का महत्व नहीं समझ सकते। यही कारण है कि जनता लगातार कांग्रेस और राजद को नकार रही है। प्रधानमंत्री की माता के अपमान के विरोध में गया नगर क्षेत्र में सहकारिता मंत्री के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतरकर बंद को सफल बनाया गया। जगह-जगह शांतिपूर्ण प्रदर्शन, धरना और कैंडल मार्च भी आयोजित हुए। आमजन ने भी इसमें सक्रिय भागीदारी कर यह संदेश दिया कि बिहार कभी भी मां के अपमान को सहन नहीं करेगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय मांझी, प्रेम सागर, लोजपा अध्यक्ष दिलीप सिंह, जदयू महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति दांगी, अरविंद वर्मा, पप्पू चंद्रवंशी, अशोक सिंह, विनोद सिंह, सुनील सिन्हा, विकास कुमार, करुणा सिंह, वंदना, नवीन निश्चल, अमर शेखर, आशीष पाठक, दिवाकर पांडे, रामपुकार सिंह, संतोष सिंह, रौनक सेठ, सुरेंद्र यादव, शंभू यादव, ऋषि लोहानी, सूरज सेठ, विनोद पासवान, शिवा मांझी, अशोक साहनी, पवन कुमार, रंजना सिन्हा, पम्मी सिंह, राखी सेठ, नीलम मिश्रा, धीरू, सोनू, गुंजन मिश्रा, सूरज राणा, सम्फूल देवी, राजेश चौधरी, अजय पासवान और विनय जैन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# किसी पूजा या जुलूस में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, लाइसेंस अनिवार्य : एडीजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/गया।** बिहार में आने वाले दिनों में पर्व-त्योहारों को ध्यान में रखते हुए विधि-व्यवस्था से लेकर चाक-चौबंदी सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए हैं। 5 सितंबर को ईद मिलाद-उन-नबी, 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी और 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा को ध्यान में रखते हुए खास तैयारी की गई है। सभी तरह के जुलूस को निकालने के लिए पहले स्थानीय प्रशासन से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। अनंत चतुर्दशी के मौके पर गणेश मूर्ति के विसर्जन का रिवाज है। इस दौरान किसी जुलूस में डीजे नहीं बजाया जाएगा। इस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह जानकारी एडीजी (विधि-व्यवस्था) पंकज कुमार दराद ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि सभी जिलों को अतिरिक्त संख्या में सुरक्षा बल मुहैया करा दिए गए हैं। जिलों को खासतौर से ताकीद करते हुए यह निर्देश दिए गए हैं कि विसर्जन या किसी जुलूस के पहले शांति समिति की बैठक कर लें। जिन शहरों में जुलूस निकलेंगे, उनका रूट निर्धारित कर लें और पूरे रूट का भौतिक सत्यापन कर लें। सभी संवेदनशील स्थानों की पहचान कर यहां अतिरिक्त बलों की तैनाती कर दी जाए। सभी जुलूस की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराई जाए। जिन नदी घाटों को विसर्जन के लिए चिन्हित किए गए हैं वहां गोताखोरों की तैनाती कर दी जाए। एडीजी श्री दराद ने कहा कि पूजा या जुलूस के अवसर पर जिला से लेकर पुलिस मुख्यालय में मौजूद कंट्रोल रूम चौबीस घंटे काम करेंगे। हर 4 घंटे के अंतराल पर मुख्यालय के स्तर से सभी जिलों से अपडेट रिपोर्ट ली जाएगी। ताकि हर जगह की स्थिति का सही आकलन किया जा सके। सभी जिलों को सभी तरह के अफवाहों पर निरंतर नजर बनाए रखने के लिए कहा गया है। सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में संदिग्ध लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

**गया में पितृपक्ष मेले को लेकर अतिरिक्त बल तैनात**

गया में पितृपक्ष मेले का आयोजन 6 से 21 सितंबर के बीच हो रहा है। एडीजी पंकज दराद ने कहा कि इसके मद्देनजर अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। इसमें 395 की संख्या में पुलिस पदाधिकारी, 1600 सिपाही और 800 गृहरक्षक तैनात कर दिए गए हैं। 5 कंपनी सशस्त्र, 2 ट्रूप अश्वारोही बल, 2 अश्रु गैस दस्ता, क्षेत्रीय रिजर्व की 1 दंगा निरोधक कंपनी और 2 बम निरोधक दस्ता समेत अन्य की तैनाती की गई है। गया बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर पुलिस हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी। ताकि बाहर से आए लोगों को समुचित मदद की जा सके।

# मंत्री ने किया विकास योजना अंतर्गत जिम का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** शहर के केंदुई स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक विद्यालय में सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत जिम का उद्घाटन किया। इस जिम की स्थापना विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखकर की गई है। अब छात्र-छात्राएं नियमित रूप से कॉलेज परिसर में व्यायाम कर स्वस्थ और ऊर्ज़ावान रह सकेंगे। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कॉलेज की लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या का समाधान करते हुए डेडीकेटेड फीडर, फर्स्ट एड कक्ष का उद्घाटन भी किया। इस सुविधा के प्रारंभ होने से लैब कक्षाओं में बिजली की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी और रात्रिकालीन कक्षाओं में छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। प्राचार्य ने बताया कि पूर्व में बिजली की कमी के कारण न केवल शिक्षण कार्य प्रभावित होता था बल्कि रात्रि समय असामाजिक तत्वों के प्रवेश की समस्या भी बनी रहती थी।मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।जिम और डेडीकेटेड फीडर की व्यवस्था से न केवल छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर होगा बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और सुरक्षा भी सुदृढ़ होगी। वहीं मौके पर विद्यालय प्राचार्य डॉ एच0 के0 सिंह, देवानंद पासवान, प्रेम सागर, रामपुकार सिंह, अजय सिन्हा, दीपू,दिवाकर पांडे, सूरज राणा, धीरू, सूरज सेठ, रॉकी चंद्रवंशी, गौतम सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिला हब फॉर इंपावरमेंट विमेन के तत्वावधान में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के वजीरगंज के प्रखण्ड सभागार में जीविका दीदी, आंगनवाड़ी सेविका एवं महिला जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम के संबोधन में बीडीओ प्रभाकर सिंह के द्वारा महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कई योजनाओं पर प्रमुखता से चर्चा करते हुए जानकारी दी गई एवं स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए 104 पर घरेलू हिंसा के लिए 181 पर डायल कर अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी देने के लिए सुझाव दिए। बीपीआरओ गौरव कुमार द्वारा उपस्थित जीविका दीदी एवं सेविकाओं से अपील करते हुए बताया कि सरकार आपके साथ है आपलोग बढ़ चढ़ कर महिला केंद्रित योजनाओं का लाभ उठाए किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सरकार द्वारा संचालित कई टॉल फ्री नबर का उपयोग करें। इस दौरान पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि नीरज कुमार द्वारा स्वास्थ्य पोषण से जुड़ी महिला केंद्रित कई योजनाओं पर विस्तृत जानकारी साझा की गई जिसमें जननी सुरक्षा योजना, एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, आरोग्य दिवस आदि शामिल है इसके साथ-साथ भ्रूण हत्या पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि लड़का लड़की के जन्म में भेद भाव नहीं करना चाहिए सरकार इस पर सख्त कार्रवाई करने के लिए नियम बनाया है अगर कोई बिना डॉक्टर के सलाह से गर्भपात करवाते हैं तो पीसीपीएनडीटी कानून के तहत पांच साल की जेल और एक लाख तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है।जिला मिशन समन्वयक सुशांत आनंद के द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।इस दौरान उपस्थित महिला जनप्रतिनिधि एवं जीविका दीदियों को समाज में फैले कुरीतियों जैसे बाल विवाह, घरेलू हिंसा, बाल हिंसा, दहेज प्रथा आदि के खिलाफ जागरूक करने पर बल दिया गया।कार्यक्रम के दौरान एलियो अंजू कुमारी, जेंडर स्पेशलिस्ट विशाल कुमार वर्मा, प्रखण्ड समन्वयक सत्यप्रकाश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका रानी पुष्पलता आदि उपस्थित रही।

# जीबीएम कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह का अविस्मरणीय आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्या प्रो. डॉ. सीमा पटेल की गरिमामय उपस्थिति में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या एवं उपस्थित सभी प्रोफेसरों ने दीप प्रज्ज्वलन करके एवं देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर ससम्मान माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया।केक, मिठाई एवं नमकीन का लुत्फ़ उठाते हुए छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं ने कार्यक्रम में हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्या ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। स्वर्गीय डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को कॉलेज परिवार की ओर से नमन करते हुए उन्होंने कहा कि एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है छात्र-छात्राओं से स्नेह तथा सम्मान पाना। विद्यार्थियों की प्रगति एवं सफलता में ही हम शिक्षकों की प्रसन्नता एवं सफलता निहित है। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।शिक्षक दिवस समारोह का संयोजन कॉलेज की छात्राओं ने, प्रमुख रूप से अन्या, श्रेया, अनीषा, गीतांजलि, दीपशिखा मिश्रा, सिमरन, रिशू, प्रियांशु आदि ने किया। संचालन छात्रा श्रुति ने किया।

# पितृपक्ष मेला की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस कार्यालय, गया में आगामी पितृपक्ष मेला की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक(नगर), नगर पुलिस उपाधीक्षक-2, पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था), पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वजीरगंज एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बाहर से आ रहे अतिरिक्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति और आवासन, कंट्रोल रूम, मे आई हेल्प यू सेंटर और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का स-समय एवं सही प्रबंधन करना था

# पीएलभी को आयोग के निर्देशों से अवगत कराया

**गयाजी।**भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदन किशोर कौशिक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरविन्द कुमार दास द्वारा उपलब्ध कराये गये पारा लीगल वालंटियर्स के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर के द्वारा समाहरणालय सभा कक्ष में आवश्यक बैठक की गई।

# डुमरा में रेलवे की जमीन को कराया गया अतिक्रमणमुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में गुरुवार को प्रशासन ने रेलवे की जमीन पर बने दो पक्के मकानों को अतिक्रमण मुक्त कराया। यह कार्रवाई अंचलाधिकारी नूपुर के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि गांव के शिवनंदन यादव और गनौरी दास ने रेलवे की भूमि पर अवैध रूप से मकान बना लिया था। मामले की जांच पूरी होने के बाद गुरुवार को राजस्व टीम, रेलवे पुलिस और कोंच थाना पुलिस की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान मकानों को तोड़कर रेलवे की जमीन खाली कराई गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि रेलवे और सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जो भी लोग सरकारी या रेलवे भूमि पर अवैध कब्जा किए हैं, वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें अन्यथा प्रशासन सख्त कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी जुटे रहे और कार्रवाई को देखते रहे। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप का माहौल देखा गया।

# बिहार बंद पूरी तरह फ्लॉप, जनता ने दिया करारा जवाब : अशोक प्रसाद भारती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अशोक प्रसाद भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गुरुवार को कहा कि भाजपा एवं एनडीए द्वारा सरकारी तंत्र का प्रयोग कर बिहार बंद कराने का प्रयास पूरी तरह विफल हो गया। बिहार की जनता ने इस बंद को नकारते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि अब वे झूठ और गुमराह करने वाली राजनीति में फंसने वाले नहीं हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए का उद्देश्य केवल वोट बैंक की राजनीति करना रह गया है। जनता के असली मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं पर यह दल मौन हैं और ध्यान भटकाने के लिए बंद जैसे हथकंडे अपनाते हैं, लेकिन बिहार की जागरूक जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया है।प्रवक्ता ने अंत में जनता का आभार जताते हुए कहा कि बिहार की जनता ने दिखा दिया है कि वे भाजपा-एनडीए की चाल में आने वाली नहीं। यह बंद जनता की समझदारी और लोकतंत्र की जीत है।

# भारी मात्रा में अवैध बीयर बरामद, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**डोभी/गयाजी।** गयाजी जिले के समेकित जांच चौकी पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर कार से भारी मात्रा में अवैध बीयर बरामद की है। पुलिस के अनुसार बरामदगी के समय वाहन चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। बरामद कार से कुल 246.000 लीटर अवैध बीयर जब्त की गई है। वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं है। समेकित जांच चौकी आबकारी विभाग निरीक्षक रामप्रती कुमार ने बताया कि इस संबंध में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस फरार चालक की पहचान कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# एनडीए की महिला मोर्चा द्वारा आहूत बिहार बन्द असरदार रहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** गुरुवार को एनडीए की महिला मोर्चा द्वारा बुलाई गई अंशकालिक बिहार बन्द का असर टिकारी में भी अच्छा रहा। सुबह सात बजे से बारह बजे तक जरूरी सेवा की दुकान को छोड़कर टिकारी की अधिकांश दुकानें बंद दिखाई दी। वहीं बन्द को लेकर क्षेत्र के निजी विद्यालय भी बन्द रहे। इसके अलावा दोपहर बारह बजे तक सवारी वाहन भी नहीं चली। टिकारी के मुख्य मार्गों पर महिला मोर्चा के नेतृत्व में एनडीए के सभी घटक दल भाजपा, जदयू, लोजपा रामविलास व हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के नेता सड़क पर उतरे। नेताओं ने पीएम की मां के बारे में कहे गये अपशब्द को लेकर विपक्षी गठबन्धन पर जमकर हमला बोला। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भुवन मोहिनी ने विरोध जताते हुए कहा कि सूबे की जनता को दिग्भ्रमित करने आये लोक सभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित अन्य लोगों के सामने पीएम की मां का अपमान किया गया जो स्वीकार करने लायक नहीं है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा चौरसिया ने कहा कि विपक्ष के नेताओं द्वारा जो कृत्य किया गया है वह माफी के लायक भी नहीं है। नारी की अस्मिता से खिलवाड़ करना इनकी पुरानी आदत है। आगामी चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। महिला विकास मंच की अर्पणा शर्मा ने कहा कि नारियों का अपमान करना विपक्षी नेताओं की आदत है। उनके कार्यकर्ता भी उसी राह पर चलते हैं। इसके अलावा अन्य नेताओं ने भी जमकर विरोध किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष संध्या गुप्ता, पूनम केशरी, खुशबू कुमारी, प्रमिला कुमारी सहित एनडीए के मुकेश जैन, प्रभाष आनंद, वेंकटेश शर्मा, संतोष पांडेय, कौशल शर्मा, बेचन चंद्रवंशी, शंभु केशरी, अजय पासवान सहित कई लोग शामिल थे।

# सरकार की दोरंगी नीति के विरोध में प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में पदस्थापित कार्यपालक सहायकों ने जमकर प्रदर्शन किया एवं काला पट्टी लगाकर सरकार की दोरंगी नीति के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में कार्यपालक सहायक रेणु कुमारी, राजकमल, राकेश कुमार, पप्पू कुमार, रवि कुमार आदि ने बताया कि सरकार द्वारा कई विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों के मानदेय में 40 से 50 फीसदी तक बढ़ोतरी किया गया है, परन्तु आज तक कार्यपालक सहायकों के संबंध में चुप्पी साधे हुए है। हमलोगों द्वारा पिछले दस-पंद्रह वर्षों से लगातार सेवा दिया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आगे कहा कि यदि सरकार अपने वादा अनुसार जल्द से जल्द हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो हमलोग पूरे बिहार में व्यापक आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# टिकारी बस स्टैंड की सैरात बंदोबस्ती 28 लाख 83 हजार रुपये में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी बस स्टैंड की सैरात बंदोबस्ती 28 लाख 83 हजार रुपये में की गई। बंदोबस्ती क्षेत्र डुमरसन ग्राम निवासी अभिषेक कुमार के नाम पर हुई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को नप कार्यालय में बंदोबस्ती की डाक करने के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया था। तीन लोगों के मध्य शुरू हुई डाक में अभिषेक कुमार द्वारा सबसे अधिक 28 लाख रुपये 83 हजार रुपये की बोली लगा बंदोबस्ती अपने नाम की। सैरात की बंदोबस्ती एक अक्टूबर से 31 मार्च 2026 तक के लिए की गई है। जानकारी हो कि नप द्वारा डाक की सुरक्षित जमा राशि 28 लाख 81 हजार 919 रुपये निर्धारित की गई थी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 03 ऑफ 2025–26/खुला/गति शक्ति इकाई, डीडीयू। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी./महेन्द्रूघाट एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं.–03– डीडीयू–उप मुख्य परियोजना प्रबंधक–गति शक्ति इकाई– 25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशन : मुख्य प्रशासनिक अधकारी/निर्माण/आर.एस.पी./महेन्द्रूघाट के अधीन सिविल इंजीनियरिंग कार्य से संबधित" दूसरे अप लूप के सी.एस.एल. को बढ़ाने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग और मुख्य लाइन में शंटिग से बचने के लिए शंटिग नेक का प्रावधान और मानपुर स्टेशन पर कॉमन लूप के रूप में अप दूसरे लूप के साथ अप दूसरे लूप में सीधे रिसेप्शन के लिए डाउन से अप तक एक क्रॉसओवर का प्रावधान" के संबंध में कार्य। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,13,85,611.50, 3. धरोहर राशि : ₹2,56,900.00. 4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 25.09.2025 को 12:00 बजे तक। 5. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in. नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि./
आर.एस.पी./पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/0879/डीडीयू/जीएस/टी/25–26/40



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 28 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं.–11–डीडीयू–व.मं.इंजी.–III– 25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/जपला के अधीन 32.560 कि.मी.–उपकर (सेस) मरम्मत कार्य। कार्य का अनुमानित लागत : ₹11,04,44,704.15, धरोहर राशि : ₹7,02,200.00.
2. निविदा सं.–12–डीडीयू–व.मं.इंजी.–III– 25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/जपला के अधीन बीडी सेक्शन में मुहम्मदगंज–कोसीआरा स्टेशन के बीच किमी 352/03–05 और हैदरनगर–जपला के बीच किमी 337/05–07 पर ट्रेस पासिंग स्थान पर हल्के वाहनों के लिए रैंप के साथ एफ.ओ.बी. का निर्माण। कार्य का अनुमानित लागत : ₹9,98,91,637.35, धरोहर राशि : ₹6,49,500.00.
3. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 30.09.2025 को 12:00 बजे तक। 4. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in. नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0878/डीडीयू/अभि./टी/25–26/44


# दो स्कूलों की स्थिति में जमीन-आसमान का अंतर

## चेत बिगहा में बेहतर शिक्षा व्यवस्था, रजोरा में शिक्षकों की लापरवाही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कोंच।** प्रखंड स्थित दो विद्यालयों की स्थिति का गुरुवार दोपहर जायजा लिया गया। मध्य विद्यालय चेत बिगहा में शिक्षा व्यवस्था सराहनीय मिली। यहां विद्यार्थियों की उपस्थिति नियमित दर्ज होती है। विद्यालय भवन साफ-सुथरा और व्यवस्थित है। शिक्षक पूरी निष्ठा से बच्चों को पढ़ाते हैं। मिड डे मील की व्यवस्था समय पर होती है। इससे अभिभावक भी संतुष्ट हैं। इसके विपरीत रजोरा विद्यालय की स्थिति ठीक नहीं है। यहां विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाई गई। पढ़ाई का स्तर कमजोर है। मिड डे मील की गुणवत्ता और नियमितता पर सवाल उठ रहे हैं। विद्यालय भवन जर्जर अवस्था में है। इससे बच्चों को पढ़ाई में परेशानी होती है। शिक्षकों में लापरवाही स्पष्ट देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि चेत बिगहा विद्यालय अन्य स्कूलों के लिए उदाहरण है। रजोरा विद्यालय में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से वहां की व्यवस्था सुधारने और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की है।

# शेरघाटी शहर में सफाई व्यवस्था ठप, कई जगहों पर गंदगी का अंबार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। शहर के प्रमुख इलाकों में कचरे का अंबार लगा हुआ है जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर जेपी चौक और टीचर ट्रेनिंग कॉलेज परिसर के पास स्थिति और भी गंभीर है जहां कई दिनों से डंपिंग स्थल से कचरा नहीं उठाया जा रहा है। इस कारण आसपास के मोहल्लों में दुर्गंध फैल गई है और स्थानीय लोग बेहाल हैं। लोगों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा समय पर कचरे का उठाव नहीं होने से गंदगी चारों ओर फैल रही है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। राहगीरों को नाक पर रूमाल रखकर गुजरना पड़ता है। वहीं कॉलेज में आने वाले शिक्षक-प्रशिक्षुओं को भी काफी असुविधा हो रही है। इधर नाली निर्माण कार्य को लेकर कई जगह गड्ढा खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है। इन गड्ढों में पानी भर जाने से फिसलन और हादसों की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि आए दिन बच्चे और बुजुर्ग इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नगरवासियों ने नगर परिषद से तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और अधूरे पड़े नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस पर जल्द ध्यान दिया जाय।

संपादकीय

# 'आधार' पर सुप्रीम फैसला...

आधार कार्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह कहकर कि आधार नागरिकता का एकमात्र प्रमाण नहीं हो सकता, राजनीतिक दलों को झटका दिया है। इस फैसले से जहां चुनाव आयोग के रूख की पुष्टि हुई है, वहीं जो सियासी पार्टियां बिहार में मतदाता सूची अपडेट कराने 'आधार' को आधार मानने की मांग कर रही थीं, उन्हें निराशा हुई होगी। जाहिर है कि उन्हें अब नई रणनीति बनानी होगी। कोर्ट ने कहा कि अदालत ने स्पष्ट किया कि आधार की स्थिति को कानून द्वारा निर्धारित सीमा से आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। राजनीतिक दलों की मांग थी कि कोर्ट चुनाव आयोग को आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने का निर्देश दिया जाए ताकि लोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार बिहार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकें। शीर्ष अदालत ने कहा कि आधार की स्थिति को कानून में निर्धारित सीमा से आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने पहले कहा था कि वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य दस्तावेजों के साथ आधार एक पहचान दस्तावेज हो सकता है। वहीं, सोमवार को कहा, आधार वेरिफिकेशन के लिए दस्तावेजों में से एक होगा। अब यहां सवाल उठता है कि यदि आधार भारत की नागरिकता का प्रमाण नहीं है, तो फिर क्या है? अगर यह दस्तावेज नागरिकता का सबूत नहीं है तो फिर सरकार इससे हर व्यवस्था को लिंक करने पर विवश क्यों कर रही है? यहां स्पष्ट करना जरूरी है कि देश में नागारिकता के दो ही मान्य दस्तावेज हैं पहला पासपोर्ट तथा दूसरा वोटर आईडी (मतदाता पहचान पत्र)। इसके अलावा जन्म प्रमाण पत्र को भी नागरिकता के आधारभूत दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाता है। आधार की तरह पेन कार्ड भी नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं है। ऐसी स्थिति में केवल वोटर आईडी ही भारत की नागरिकता का डाक्युमेंट है। देश में करीब साढ़े 9 करोड़ पासपोर्ट धारी हैं। लेकिन पासपोर्ट वो ही लोग बनवाते हैं, जिन्हें किसी न किसी कारण से विदेश जाना होता है। इसी तरह भारत में 143 करोड़ आधार कार्डधारी हैं। हालांकि आधार कार्ड बनवाने में फर्जीवाड़ा भी खूब हो रहा है। इसलिए उसे विश्वसनीय दस्तावेज नहीं माना जाता। हालांकि सरकार सभी सेवाओं को आधार से लिंक करती जा रही है, क्योंकि वह इस अधिकृत पहचान पत्र मानती है। जबकि चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक देश में 100 करोड़ लोगों के पास वोटर आईडी कार्ड हैं। आयोग वोटर आईडी को आधार से लिंक कराना अनिवार्य कर रहा है। हालांकि वोटर आईडी भी फुलप्रूफ तरीके से बन रहे हैं, ऐसा नहीं माना जा सकता। जहां तक बिहार का सवाल है तो आधार को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का एक प्रमुख दस्तावेज मनवाने की उनकी कोशिश अब नाकाम हो चुकी है। उधर चुनाव आयोग राज्य में 3 लाख वोटरों के नाम हटाने जा रहा है। ये वो वोटर हैं,जिनकी पुष्टि नहीं हु ई है। वैसे भी बिहार में मतदाता सूची में पैंसठ लाख मतदाताओं के नाम गड़बड़ पाए गए हैं। विपक्ष को शक है कि फर्जी मतदाता हटाने की आड़ में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों और दलितों के नाम काटे जा सकते हैं, जिसे वो अपना वोट बैंक मानते हैं। हालांकि चुनाव आयोग का कहना है कि जो कुछ हो रहा है, वह विधिवत ही हो रहा है। इसमें किसी गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है। कुल मिलाकर बिहार विस चुनाव के पहले वोट चोरी और फर्जी वोटरों का मामला और गंभीर होता जा रहा है। इसका चुनाव नतीजों पर कितना असर पड़ेगा, यह तो चुनाव परिणाम ही बताएंगे।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना देगी युवा शक्ति के सपनों को नई उड़ान



डॉ मनसुख मांडविया

भारत की विकास गाथा हमेशा से उसकी श्रम शक्ति द्वारा लिखी गई है। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में करोड़ों श्रमिकों के समर्पण और क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, पिछले 11 वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2014 में, भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ते हुए आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने वैश्विक पटल पर अपने लिए एक उल्लेखनीय स्थान बनाया है और इसमें इसके मानव संसाधन की शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



इस सफलता की कहानी को बल देने वाला तथ्य यह है कि भारत के आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। आरबीआई-केएलईएमएस के अनुसार, जहां 2004-2014 के बीच केवल 2.9 करोड़ रोजगार सृजित हुए थे, उसके बाद के दशक में 17 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए। औपचारिकीकरण में भी तेजी आई है, ईपीएफओ के आंकड़ों के अनुसार पिछले सात वर्षों में लगभग आठ करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं।

भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में बढ़तोरी होना भी हमारी एक बड़ी उपलब्धि है। 2015 में, केवल 19 प्रतिशत भारतीय कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आते थे। 2025 तक, यह संख्या बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो चुकी है और 94 करोड़ लाभार्थी इसके दायरे में आए हैं, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा कवरेज देने वाला देश बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने इस उपलब्धि को वैश्विक स्तर पर कवरेज के सबसे तेज विस्तार में से एक माना है।

यह स्पष्ट है कि राष्ट्र का भविष्य न केवल जीडीपी वृद्धि की गति से, बल्कि हमारे द्वारा सृजित नौकरियों की गुणवत्ता, श्रमिकों को दी जाने वाली सुरक्षा और अपने युवाओं को प्रदान किए जाने वाले अवसरों से भी तय होगा। बढ़ते स्वचालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कारण बनी अनिश्चितता की स्थिति, आपूर्ति-श्रृंखला में बदलाव और दुनिया भर में नौकरियों को आकार देने वाली कई अन्य कमजोरियों की वैश्विक पृष्ठभूमि में, भारत एक जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बिंदु पर खड़ा है।

हमारी 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जो एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय लाभांश है जो हमारी अर्थव्यवस्था को गति दे देता है, जबकि पश्चिमी देशों में आबादी वृद्ध होती हो रही है। वर्षों से, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश यानी इसकी युवा शक्ति को इसकी सबसे बड़ी ताकत माना जाता रहा है। फिर भी, पिछली सरकारों के अधीन, इस क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया गया। अमृत काल में, जब हम 2047 तक एक विकसित भारत के विजन की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, हमारे सामने कार्य स्पष्ट है-हमें ÷संभावना÷ से ÷समृद्धि÷ की ओर बढ़ना होगा।

इस पृष्ठभूमि में, रोजगार अब केवल एक आर्थिक संकेतक नहीं रह गया है; यह सम्मान, समानता और राष्ट्रीय शक्ति का आधार है। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने युवाओं को रोजगार योग्य बनाएं, उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करें, उन्हें वित्तीय साक्षरता से लैस करें और यह सुनिश्चित करें कि वे एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणाली द्वारा सुरक्षित हों। तभी हमारा जनसांख्यिकीय लाभ वास्तव में एक स्थायी राष्ट्रीय लाभांश में परिवर्तित हो सकता है।

इसी चुनौती का समाधान करने और आकांक्षा व अवसर के बीच के अंतर को पाटने के लिए, 15 अगस्त को लाल क़िले की प्राचीर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की है। शुरुआत में केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रस्तुत और प्रधानमंत्री जी के अपने 12वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन में घोषित यह योजना पैमाने और डिजाइन, दोनों ही दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। 1 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ, यह भारत के इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिससे 3.5 करोड़ से ज़्यादा रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इनमें से दो करोड़ लाभार्थी पहली बार नौकरी पाने वाले होंगे।

**योजना के दो स्तंभ- पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन और नियोक्ताओं को सहायता-** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को इसकी संरचना ही अलग बनाती है। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले पहले के कार्यक्रमों के विपरीत, यह योजना युवाओं की रोजगार क्षमता और उद्यम प्रतिस्पर्धात्मकता की दोहरी चुनौती का एक साथ समाधान करती है। भाग 'ए' के तहत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों (दो किश्तों में 15,000 रुपए तक) और भाग 'बी' के तहत नियोक्ताओं (प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए प्रति माह 3,000 रुपए तक) को प्रत्यक्ष वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करके, यह श्रमिकों के लिए प्रवेश बाधाओं को कम करता है और साथ ही व्यवसायों के लिए नियुक्ति जोखिम को भी कम करता है।

इस योजना का औपचारिकीकरण और सामाजिक सुरक्षा एकीकरण की दिशा में प्रोत्साहन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसके लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और नए कर्मचारियों को पहले दिन से ही सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से जोड़ा जा सकेगा। इस प्रकार, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, एक औपचारिक, सुरक्षित और उत्पादक श्रम बाजार की ओर एक संरचनात्मक कदम है। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र में नियोक्ताओं को प्रोत्साहन पर अतिरिक्त ध्यान, भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और प्रयास है।

**समावेशी और सतत विकास को गति देना-** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, योजना-आधारित पहलों से हटकर एक व्यापक रोजगार प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देती है। यह पूर्व की पहलों से मिली सीख पर आधारित है, उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई), राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन और मेक इन इंडिया जैसी वर्तमान योजनाओं का पूरक है और प्रतिस्पर्धी वैश्विक व्यवस्था में काम की बदलती प्रकृति को पहचानती है।

श्रमिकों और नियोक्ताओं, दोनों को प्रोत्साहन देकर, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना यह मान्यता देती है कि रोजगार सृजन एक साझा जिम्मेदारी है। भारत डिजिटल नवाचार को अपनाते हुए एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने का प्रयास कर रहा है, इसलिए यह योजना सुनिश्चित करती है कि कोई भी पीछे न छूटे - यहां तक कि सबसे छोटा उद्यम और कार्यबल में शामिल होने वाला सबसे नया व्यक्ति भी राष्ट्रीय विकास की यात्रा में भागीदार बने।

**प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना- नए भारत की नींव -** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एक नीतिगत घोषणा से कहीं अधिक बढ़कर है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश को सार्वजनिक समृद्धि में बदलने की दिशा में एक ठोस कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यह पहल विकसित भारत के विजन को साकार करने की नींव का हिस्सा है, जहां हर युवा को सार्थक रोजगार मिले, हर काम में सम्मान हो और हर युवा को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिले। रोजगार निर्माण सही मायने में राष्ट्र निर्माण है। इस पहल के साथ, मोदी सरकार अपनी इस प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है कि कोई भी आकांक्षा अधूरी नहीं रहेगी और कोई भी युवा अवसर से वंचित नहीं रहेगा। हम सब मिलकर भारत की युवा शक्ति को नई उड़ान दे रहे हैं और उनके माध्यम से, विकसित भारत के सपने को भी नई गति प्रदान कर रहे हैं।

**(लेखक केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

अध्यात्म

## सही समय पर अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करें

एक बार की बात है, एक शांत झील के किनारे एक समझदार कछुआ रहता था, जिसका नाम था मेघनाद। वह अपनी दिनचर्या में झील से बाहर निकलकर आसपास टहलना पसंद करता था। एक दिन, जब वह धूप सेंकने के लिए किनारे पर था, झाड़ियों में छिपी एक चालाक लोमड़ी, जिसका नाम था चंचला, ने उसे देख लिया। चंचला को भूख सता रही थी, और उसने सोचा, अरे, ये कछुआ तो मेरे लिए बढ़िया खाना हो सकता है! चंचला ने झाड़ियों से छलांग लगाई और मेघनाद को पकड़ लिया। मेघनाद डर गया और मन ही मन सोचने लगा, अब क्या होगा? चंचला ने उसे काटने की कोशिश की, लेकिन कछुए का सख्त खोल उसे बचा लिया। मेघनाद ने अपनी बुद्धि जागृत की और धीरे से बोला, अरे लोमड़ी बहन, तुम्हें मुझ तक पहुँचने में दिक्कत हो रही है, है ना? चंचला ने तिरस्कार से कहा, हाँ, ये खोल मेरी राह में आ रहा है! मेघनाद ने चतुराई से कहा, अगर तुम मुझे झील के पानी में थोड़ी देर डाल दो, तो मेरा खोल नरम हो जाएगा, और तुम्हें मुझे खाना आसान हो जाएगा। चंचला हँसते हुए बोली, क्या सोच रखा है? पानी में डालूँगा, तो भाग न जाओ? मेघनाद ने शांत स्वर में जवाब दिया, नहीं-नहीं, तुम मेरे ऊपर पंजा रख लो, मैं कहाँ जाऊँगा? चंचला ने सोचा-विचारा और मेघनाद की बात मान ली। चंचला ने मेघनाद को झील के किनारे ले जाया और उसे पानी में डाला, अपने पंजे से दबाए रखा। थोड़ी देर बाद चंचला ने पूछा, अब नरम हुआ कि नहीं? भूख से बर्दाश्त नहीं हो रहा! मेघनाद ने कहा, अभी वह हिस्सा सख्त है, जहाँ तुम्हारा पंजा है। थोड़ा हटा लो, फिर देखना। चंचला ने भरोसा करके पंजा हटाया, और वही पल था जब मेघनाद ने झटके से पानी में गोता लगा लिया और तैरकर दूर चला गया। चंचला हैरान रह गई और चिल्लाई, अरे, ये तो धोखा हुआ! लेकिन मेघनाद झील के बीच से हँसते हुए बोला, चंचला दीदी, बुद्धि से ही जिंदा रहा हूँ! चंचला को अपनी गलती का एहसास हुआ, और वह खाली हाथ लौट गई। मेघनाद ने राहत की साँस ली और सोचा, अपनी चतुराई से ही खतरा टला। कुछ दिन बाद, मेघनाद फिर किनारे पर टहल रहा था। चंचला ने उसे दूर से देखा और सोचा, इस बार सावधान रहूँगी। वह धीरे से पास आई और बोली, मेघनाद, तुमने मुझे चकमा दे दिया था, लेकिन अब दोस्ती कर लें? मेघनाद ने हँसते हुए कहा, अच्छा, दोस्ती? पहले भूख लगने पर दोस्ती याद आई? चंचला ने शर्मिंदा होकर कहा, सच कहूँ, मैंने सीख ली है। अब तो बस बातें करूँगी। दोनों ने एक समझौता किया। चंचला ने वादा किया कि वह मेघनाद को नुकसान नहीं पहुँचाएगी, और बदले में मेघनाद ने उसे झील के पास फल और जामुन खाने का न्योता दिया। एक दिन, जब चंचला आई, मेघनाद ने उसे जामुन खिलाए और कहा, दोस्ती में भरोसा जरूरी है, न कि चालाकी। चंचला ने मुस्कुराते हुए कहा, हाँ, भाई, तूने मुझे सिखा दिया। इस घटना के बाद, जंगल में यह कहानी मशहूर हो गई। छोटे जानवरों ने एक-दूसरे से कहा, मेघनाद की चतुराई से लोमड़ी भी हारी! एक दिन, जंगल के राजा हिरण ने मेघनाद को बुलाया और उसे सम्मान दिया। हिरण ने कहा, तुमने अपनी बुद्धि से सबको प्रेरणा दी। मेघनाद ने जवाब दिया, धन्यवाद, महाराज, लेकिन मैं तो बस अपनी जान बचाना चाहता था!

# क्या मजाल कोई हमें चुरा सके

सुधीर मोता

मामला एक सफल फिल्म के उस दृश्य से शुरू नहीं हुआ जिसमें दो बच्चों के हाथ पर लिख दिया जाता है - मेरा बाप चोर है। यह बात उन में से एक बच्चे को विद्रोही तो बनाती ही है बड़ा होते होते अपराधी भी बना देती है। दूसरा बच्चा पुलिस बनता है। इस सब के मूल में वह ग्लानि है जो उस पिता को आत्महत्या करने पर विवश कर देती है जिसे अच्छा और मजदूर संगठन के हित में काम करने के बाद भी षड्यंत्र पूर्वक चोर करार दिया जाना कोई सुनना तक गंवारा ना करे। हम चौर्य कर्म की प्राचीनता को कालीदास, शूद्रक भास आदि के नाटकों से जानते हैं। मृच्छकटिकम नामक नाटक में चारूदत्त और वसंतसेना राजा आर्यक आदि पात्र हैं। घटनायें आरोप प्रत्यारोपों को मृत्युदंड तक ले जातीं हैं, अंत सुखांत होता है। पूरा कथानक हम अपने अपने दृष्टिकोण से भूत, वर्तमान या किसी भी अनुभव से जोड़ सकते हैं

एक नटखट बालक के रूप में श्री कृष्ण ने बालक दल के साथ माखन चोरी की और सामान्य बच्चों की ही तरह मां का दिया दंड भी झेला। हर व्यक्ति में किंचित व्याप्त काव्य गुण के कारण हम उन्हें माखन चोर कहने में आनंद अनुभव करते हैं। उत्सव के समय उल्लास से गणपति को आधा लड्डू चोरया के नारे की अजीब सी तुकबंदी के साथ पुकारते हैं। आधुनिक युग के चरणदास चोर और घासीराम कोतवाल नामक नाटक के बारे में हर कला रसिक जानता है। चार्ली चेपलिन का तो शव तक चुरा लिया गया था। 2004 में हमारे देश के गौरव रवींद्रनाथ टैगोर का नोबल मेडल भी चोरी हुआ। कुछ लोग संदेह में पकड़े भी गये पर मेडल नहीं मिला। अंततः नोबल समिति ने सोने और चांदी की दो प्रतिकृतियां विश्व भारती विवि को भेंट कीं। प्रसिद्ध उर्दू लेखक राजिंदर सिंह बेदी की एक संस्मरणात्मक रचना का नाम ही शीने सुखन याने कविता की चोरी है। प्रसिद्ध लेखक डॉमिनिक जिन्होंने निकट इतिहास और वर्तमान को खंगाल कर लेरी कालिंस के साथ और कुछ अकेले कई पुस्तकें लिखी है जिनमें भारत के स्वतंत्र होने की कथा फ्रीडम एट मिडनाइट भी है। उनकी पुस्तक इज न्यूयार्क बर्निंग में पाकिस्तान से अणु बम चोरी किया जा कर और उसके अमेरिका के न्यूयार्क में अपनी मांगे मनवाने के उद्देश्य गुप्त रूप से रखे जाने और अंततः पकड़े जाने की सत्यकथा है। ओलंपिक मेडल चुराये जाने की घटनायें भी कई हैं।

# भारत चीन संबंधों में नई ऊर्जा का संचार



डॉ मणिकांत झा

ट्रंप की तनातनी व मनमानी रवैया को चुनौती देने के उद्देश्य से ही सही वर्तमान वैश्विक परिवेश में भारत चीन संबंधों में नई ऊर्जा का संचार होता दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के चीन दौरे के क्रम में चीन के राष्टपति जिनपिंग के साथ हुए द्वीपक्षीय वार्ता में दोनों देशों के बीच हुए अहम मुद्दों पर सकारात्मक विमर्श से संबंधों में नरमी आने के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं। वार्ता में दोनों देशों के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्साहित होकर अनुकूल संबंधों के पक्ष में उदार मन से दिख रहे हैं इससे तो ऐसा लगता है कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच आपसी संबंध सशक्त होकर एक नई वैश्विक दिशा देगा। वस्तुत- विश्व के इन दो महा शक्तियों या सर्वाधिक आबादी वाले देशों को एक मंच पर देखने समझने के लिए दुनिया के अन्य देशों की नजरे केंद्रित रही। सिर्फ भारत ही नहीं चीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी दोनों देशों के बीच पनप रही प्रतिद्वंदिता को समाप्त कर परस्पर सहयोग की भावना विकसित करने की अनिवार्यता ,आवश्यकता एवं इसके प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी संयुक्त रूप से जाहिर की है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा कई मायनो में अहम साबित हुई है। इसे आर्थिक चुनौतियों के समाधान से लेकर कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने अपने आतंकवाद के मुद्दे को प्रमुखता से रखा और इसमें दोनों देशों की सामूहिक रूप से भूमिका की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत चीन सीमा समझौते पर जोर देते हुए पिछले वर्ष कजान में हुए समझौते का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन की प्रशंसा भी की। वही सीमा विवाद को सुलझाने पर सहमति बनी ।चीन के राष्टपति जिनपिंग ने संबंधों को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए परस्पर संवाद ,सदविश्वास, सहयोग एवं वैश्विक मंचों पर एक दूसरे के हितों को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया। इससे ऐसा लगता है कि संबंधों को सुधारने के पक्ष में उनका यह सकारात्मक सोच विकसित हुआ है।

मुलाकात के क्रम में पीएम मोदी ने वैश्विक संगठनों में सुधार की आवश्यकता को इंगित करते हुए डब्ल्यू टी ओ और यूएस जैसे संस्थानों की खामियों को दूर कर दोनों देशों के हितों की ओर भी ध्यान दिलाया ।वहीं व्यापार घाटे को कम करते हुए पारदर्शी नीतियों के जरिए संबंधों को मजबूत बनाने पर भी विशेष चर्चा की गई। भारत ने ताइवान के मुद्दे पर अपनी वन चाइना नीति का समर्थन किया। वार्ता में भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर जाने व दोनों देशों के बीच सीधी हवाई उड़ाने शुरू करने पर भी सहमति बनी।

वैसे भारत और चीन के बीच सीमा विवाद काफी पुराना है। फिर भी कई बार दोनों देशों के बीच इसे सुलझाने का प्रयास किया जाता रहा है ।2020 में गलवान घाटी में भारत ने अपनी मजबूत सैन्य सक्रियता का प्रदर्शन करते हुए अपनी सैन्य ताकत का एहसास कर दिया था। दूसरे भारत चीन के बीच उपजे सीमा विवाद से ही चीन अपने आर्थिक विकास में अवरोध महसूस करने लगा ।चीन यह भी महसूस करता है कि भारत उसके लिए एक बड़ा बाजार तो है ही इसके साथ-साथ व्यापारिक सक्षम साझेदार भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत के साथ अच्छे संबंध बनाकर ही वह आर्थिक प्रगति तेजी से कर सकता है ।वहीं अमेरिका जैसे देशों की चुनौती को भी आसानी से झेलने में समर्थ हो सकता है। कहना ना होगा कि मौजूदा स्थिति में भारत का बाजार चीन के लिए अत्यंत जरूरी हो गया है। भारत को भी अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए आवश्यक कच्चे माल की आपूर्ति सहज ही हो सकती है ।निसंदेह दोनों देशों के बीच मधुर संबंधों से आर्थिक लाभ एक दूसरे को प्राप्त होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बात को अपने वार्ता के क्रम में दोनों देशों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने भी स्वीकार की है और इसकी प्रबल संभावना भी दिख रही है।

वैश्विक कूटनीतिक पटल पर यदि दोनों देशों के संबंध को परखने का प्रयास करें तो यह स्पष्ट होता है कि चीन द्वारा सीमा पर दबाव की रणनीति को भारत अपने सैनिक शक्ति के प्रदर्शन से यह प्रमाणित कर दिया है कि दबाव की रणनीति से कुछ भी प्राप्त होने वाला नहीं है। कहना ना होगा कि चीन के विस्तारवादी नीति का करारा जवाब अपनी रक्षा क्षमताओं के माध्यम से देने में भारत सफल रहा है वहीं भारत द्वारा चीन के गतिविधियों पर अंकुश लगाने का भी एहसास शायद चीन को हो चुका है तभी तो वह माना कि भारत जैसे पड़ोसी देश से मधुर संबंध में ही उसका हित निहित है।

वैसे दोनों देशों के बीच मधुर संबंधों की शुरुआत पिछले अक्टूबर माह से शुरू हुआ माना जा सकता है। जबकि भारत चीन के बीच रूस के कजान में हुए समझौता के अनुरूप लद्दाख और दीप सॉन्ग से सैनिकों का हटाना शुरू किया। 4 नवंबर 2024 को सैनिकों की वापसी के बाद पहली बार सीमा पर गश्त शुरू हुई ।फिर जनवरी 2025 में भारत की विदेश सचिव और चीन के विदेश मंत्री के बीच हुई बातचीत में सीधी फ्लाइट शुरू करने की घोषणा हुई। वहीं कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का ऐलान भी हुआ। इसके बाद 24 जुलाई 25 को भारत ने चीनी पर्यटक को वीजा देना भी शुरू किया जबकि 31 अगस्त 25 को 7 साल बाद प्रधानमंत्री मोदी चीन यात्रा पर गए। गौरतलब है कि इस बीच ऑपरेशन सिंदूर के तहत चीन की गतिविधि पाकिस्तान के पक्ष में दिखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीन दौरे में जिनपिंग से हुई कई मुद्दों पर बातचीत से दोनों देशों के बीच संबंधों में मजबूती के संकेत तो मिले हैं पर आज भी कई ऐसी मुद्दे शेष हैं जिन पर सहमति बनाने व संबंधों को मजबूत करने की जरूरत है। निश्चित रूप से ऐसे मुद्दे पर समझौता व सहमति बनाकर स्थाई रूप से संबंधों को बेहतर किया जाना है। वास्तविक नियंत्रण रेखा का निर्धारण आज तक नहीं हो पाया है जिसे पूरा करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र पर विशाल डैम बन रहा है जिसका प्रतिकूल असर भारत पर पड़ना तय है ।इस समस्या का समाधान मिलकर निकालने की जरूरत है। चीन पाकिस्तान के बीच गहरी साझेदारी और भारत की स्क्वाड में मौजूदगी को लेकर भी दोनों देशों के बीच मतभेद को समाप्त करना होगा।

फिलवक्त इतना तो तय है कि दोनों देशों के बीच बेहतर संबंधों का क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। निस्संदेह सभ्यता आधारित देश भारत और चीन स्थायी संबंधों को बरकरार रखते हुए निवेश को परस्पर गति प्रदान करें तो आर्थिक भविष्य उज्जवल होगा ऐसी पुरी उम्मीद की जा सकती है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
गुप्त रहस्यों के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। गरिष्ठ भोजन का सेवन पेटदर्द का कारण बन सकता है। कुछ लोग आपके कार्यों में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

**वृषभ**
विरोधियों से सावधान रहें। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं।

**मिथुन**
आपकी दिनचर्या अत्यन्त अनुशासित रहेगी। किसी मित्र के यहाँ से दावत का आमन्त्रण मिल सकता है। बातचीत के दौरान किसी की बुराई या चुगली न करें।

**कर्क**
कारोबार में आय की निरन्तरता बनी रहेगी। वैवाहिक जीवन सामान्य बना रहेगा। मन शान्त रखने के लिये संगीत का आनन्द उठा सकते हैं।

**सिंह**
अपनी समस्याओं को स्वयं हल करें तथा दूसरों से अधिक उम्मीद न रखें। बुरी संगत से दूर रहें वरना प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँच सकता है।

**कन्या**
सहयोगी आपसे अत्यधिक प्रभावित रहेंगे। स्वास्थ्य पहले की तुलना में अच्छा रहेगा। जीवनसाथी आपका अत्यधिक ध्यान रखेगा।

**तुला**
ससुराल पक्ष में कुछ तनाव होने की सम्भावना है। पढ़ाई को लेकर विद्यार्थी अत्यन्त गम्भीर रहेंगे। आपको कड़वे वचन बोलने से बचना चाहिये।

**वृश्चिक**
रुके हुये कार्य पुनः प्रारम्भ हो सकते हैं। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। यदि आपने छुट्टी के लिये आवेदन किया है तो वो मान्य हो सकता है।

**धनु**
परिवार के लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं। मौसम में परिवर्तन के कारण वायरल बुखार की चपेट में आने की सम्भावना है। कार्यक्षेत्र में आपको काफी परेशानियाँ झेलनी पड़ेंगी।

**मकर**
आज घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे। प्रेमीजन को प्रपोज कर सकते हैं। व्यापार को लेकर की गयी यात्रा सफल सिद्ध होगी।

**कुंभ**
स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही भविष्य में परेशानी का कारण बन सकती है। जिस कार्य के प्रति मन में आत्मविश्वास न हो उसे तुरन्त न करें।

**मीन**
परिस्थितियों के लगातार अनुकूल होने से आप अत्यन्त उत्साहित रहेंगे। व्यस्तता के बावजूद परिवार व बच्चों को समय अवश्य देंगे। एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

# बरौनी जंक्शन का डीआरएम ने किया निरीक्षण

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डीआरएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरौनी।** बरौनी जंक्शन पर बुधवार की रात्रि सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टेशन परिसर की विस्तृत समीक्षा की और संयुक्त लबी, क्रू लबी, सहायक स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया एवं यात्री सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने यह स्पष्ट किया कि रेलवे का प्रमुख उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधा, स्वच्छ वातावरण एवं सुरक्षित यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेशन परिसर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा यात्रियों के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं। श्री सरन ने विशेष रूप से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना प्राथमिकता है ताकि बरौनी जंक्शन को एक आधुनिक और विश्वस्तरीय स्वरूप प्रदान किया जा सके। बरौनी जंक्शन पूर्व मध्य रेलवे का एक प्रमुख स्टेशन है। जहां से प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते हैं। स्टेशन का उन्नयन कार्य पूर्ण होने पर यात्रियों को आधुनिक प्रतीक्षालय, उन्नत यात्री सूचना प्रणाली, स्वच्छ शौचालय, सुलभ मार्ग, विस्तृत सर्कुलेटिंग एरिया, बेहतर लाइटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी।

# शिवाजीनगर में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** शिवाजी नगर प्रखंड अंतर्गत उतरी मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा राजनीतिक मंच से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार की अध्यक्षता में सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक सड़क जाम कर बिहार बंद कराया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर विपक्षी नेताओं के खिलाफ कड़ा आक्रोश प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा संयोजक राहुल चौधरी उपस्थित रहे। साथ ही मंडल महामंत्री सुरेंद्र कुमार सुमन, मंत्री कुमार प्रभाकर, कोषाध्यक्ष पिंटू कुमार, पंचायत अध्यक्ष आकाश कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता हरि नारायण सिंह, रामचंद्र सिंह, रंजीत कुमार सिंह, कन्हैया कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की मां के लिए अपमानजनक टिप्पणी करना भारतीय संस्कृति एवं मर्यादा के खिलाफ है। उन्होंने विपक्षी नेताओं से सार्वजनिक माफी की मांग की और चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस तरह की टिप्पणी दोहराई गई तो और भी बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय लोगों की आवाजाही बाधित रही और बाजारों में भी बंद का व्यापक असर देखा गया। हालांकि प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की थी, जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

# संदेश में 5 घंटा स्टेट हाइवे बंद, इमरजेंसी सेवाएं रहीं चालू

## मां का अपमान बर्दाश्त नहीं : एनडीए



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संदेश/भोजपुर।** स्टेट हाईवे 81 संदेश बाजार चौक पर गुरुवार सुबह 7 बजे रोड पर एनडीए कार्यकर्ता उतर गये। 12 बजे तक रोड जाम कर दिया। जिसका नेतृत्व भाजपा के उतरी मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार विश्वास, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष लवकुश पंडित व संदेश के पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष ओम प्रकाश सिन्हा ने किया। उन्होंने बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मातृ शक्ति को गाली देने के विरोध में हमलोग पूरे बिहार में आज यातायात 5 घंटा के लिए बंद कराया गया है। जो दरभंगा जिले में वोटर अधिकार रैली के दौरान राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव के खुले मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माता जी को अशब्द बोला गया था। इसके लिए राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव देश के माताओं बहनों से माफी मांगे। वरना 2025 बिहार विधान सभा चुनाव में जनता सबक सिखायगी। जेडीयू के बबन कुमार यादव ने कहा कि पूरे शाहाबाद क्षेत्र में हमलोग शांति पूर्ण बंद कराया है। इमरजेंसी सेवा को चालू रख गया। व्यवसायी समाज के लोग अपने स्वेच्छा से अपने दुकानें बंद किए हैं। सड़क जाम के दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जय शंकर सिंह जदयू नेता कर्नल भोला शंकर सिंह, जदयू युवा उपाध्यक्ष भोजपुर शंभु नाथ सिंह, नुनु सिंह, अजीत सिंह, खुर्शीद आलम, हरेंद्र कुमार यादव, जगदीश यादव, डॉ प्रवीन कुमार जिला चिकित्सक प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोजपा, सौमित्र पाण्डेय दिनारा विधानसभा विस्तारक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां का अपमान नहीं है यह अपमान पूरे देश के मां का अपमान है। इस लिए राहुल गांधी, तेजस्वी यादव पूरे देश के माताओं एवं बहनों से माफी मांगे। इस दौरान एनडीए के सैकड़ों कार्यकताओं के द्वारा संदेश में यातायात 5 घंटा बंद रहा जिसमें इमरजेंसी सेवा स्कूल बस ,मरीज, शव दफन, एंबुलेंस जैसे गंभीर इमरजेंसी सेवा चालू रखा गया ताकि किसी को समस्या न हो।

## एनडीए कार्यकर्ताओं ने किया सड़क जाम

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां के लिए कांग्रेस और आरजेडी के मंच से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। मां का अपमान संपूर्ण बिहार का अपमान है। इससे बिहार कलंकित और शर्मशार हुआ है। महिला मोर्चा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के द्वारा आहूत बिहार बंद सफल रहा। प्रखंड क्षेत्र के पहसारा, पीरनगर, नावकोठी, सैदपुर विष्णुपुर समसा तथा बगरस में कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर विरोध जताया। सड़कों पर गाड़ियां नहीं चली। इक्के दुक्के दोपहिये वाहन इधर उधर देखे गए। कार्यकर्ताओं में रीता पासवान, कविता देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, दीपक कानू, रजनीश ,मुरारी, मनोज पाठक, फूलो रजक, मुकेश कुमार, हरिनंदन कुमार, विश्वनाथ दास,अजीत कुमार, रानी पंकज जयसवाल, ओमजी पोद्दार, रानी देवी, हरे राम सिंह, देवेन्द्र दास आदि मौजूद थे।

# जिले में एनडीए का बंद पूर्णतया सफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला मुख्यालय पर एनडीए कार्यकर्ताओं का बिहार बंद का गुरुवार को व्यापक असर देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ के अपमानजनक बयान को लेकर एनडीए ने राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया था। सुबह से ही एनडीए कार्यकर्ताओं ने बेगूसराय के विभिन्न चौक-चौराहों और एनएच 28 व एनएच 31 पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। बंद का सबसे ज्यादा असर सड़कों पर दिखा, जहां जगह-जगह लगे जाम के कारण आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। कई जगहों पर स्कूल बसों और यात्री वाहनों को भी रोक दिया गया। व्यापारियों ने बताया कि इस तरह के बंद से रोजाना का कारोबार बुरी तरह प्रभावित होता है। बाजारों में दुकानें बंद रही और ग्राहकों का आना-जाना बेहद कम हुआ। छोटे और फुटकर व्यापारियों को खासा नुकसान उठाना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंद के नाम पर सड़क जाम और आवागमन बाधित करने से आम जनता को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं एनडीए नेताओं का कहना है कि यह विरोध राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान के खिलाफ है।

# शेमारू एंटरटेनमेंट ने पेश किया 'शेमारू जोश'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए टीवी पर फिल्में देखना हमेशा से ही एक अनोखा अनुभव रहा है। कभी चैनल बदलते-बदलते अचानक किसी पसंदीदा डायलॉग या दृश्य पर ठहर जाना, तो कभी रविवार की दोपहर परिवार संग ब्लॉकबस्टर फिल्म का लुत्फ उठाना; ये ही वो लम्हे हैं, जो टेलीविजन पर फिल्में देखने को एक विशेष त्योहार जैसा बना देते हैं। इसी फिल्मी जादू को और भी ताज़गी और जोश के साथ हर घर तक पहुँचाने के लिए, शेमारू एंटरटेनमेंट लेकर आया है एक नया हिंदी मूवी चैनल 'शेमारू जोश'। यह एक ऐसा मंच है, जो फिल्में देखने के अनुभव को दोगुने जोश से भर देगा। पता हो कि शेमारू जोश चुम्बक टीवी का नया रूप है, जिसे अब ब्लॉकबस्टर फिल्मों से भरपूर दर्शकों के लिए एक ज्यादा मजेदार और जोश से भरे मूवी चैनल के रूप में पेश किया गया है। देशभर में सिनेमा से जुड़ा दीवानापन देखते हुए, यह चैनल हर मूड और हर स्वाद के लिए चुनी हुई फिल्मों का खज़ाना पेश करेगा, जिसमें एक्शन, ड्रामा, रोमांस, कॉमेडी और कई भव्य फिल्में शामिल होंगी। चैनल की लाइब्रेरी में पीके, एनिमल, कांतारा, केजीएफ, बाहुबली, वाल्टेयर वीरैया, ट्वेल्थ फ़ेल, बड़े मियाँ छोटे मियाँ तथा भूलभुलैया 2 जैसी कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों का समावेश है। जो दर्शकों को हर दिन लगातार रोमांचक सिनेमाई अनुभव प्रदान करेंगी। 1 सितंबर, 2025 से शेमारू जोश डी.डी. फ्री डिश, सभी बड़े डीटीएच प्लेटफार्मस और केबल नेटवर्क्स पर उपलब्ध होगा। अपने दमदार फिल्मी कंटेंट, ऊर्जा से भरी प्रस्तुति के साथ यह चैनल सिनेमा के जादू को असली मायनों में सेलिब्रेट करेगा।

# मंसूरचक में एनडीए ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरचक।** राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत भी भाजपा दो गुटों में बंटी हुई रही। कहीं भी नहीं दिखाई दिए भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष, युवा भाजपा मंडल अध्यक्ष, सहित अन्य दर्जनों नेता कार्यकर्ता शामिल नहीं हुए और साफ दिखाई दिया कि भाजपा मंसूरचक में दो गुटों में है। एक गुट पार्टी के फरमान के साथ तो दूसरा गुट अपनी ताकत दिखाने में आगे निकली क्योंकि कार्यक्रम में भीड़ नहीं जुट पाया। एनडीए कार्यकर्ताओं ने बिहार बंद के तहत फाटक चौक बाजार बंद कराकर विरोध प्रदर्शन किया। सुबह से ही कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और कुछ दुकानदारो ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर लिया। फाटक चौक पर बैठकर उन्होंने नरेंद्र मोदी की मां का अपमान हम नहीं सहेंगे जैसे नारे लगाए। इस दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के सम्मान का प्रतीक हैं । सड़क जाम के दौरान पोस्टर-बैनर लेकर अपना आक्रोश जताया। थानाध्यक्ष गोविन्द कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने स्थिति पर कड़ी नजर बनाए रखी और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। भाजपा के सुधीर कुमार राय मुन्ना, मंसूरचक मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कमल किशोर चौधरी गंगा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, रौशन कुमार चौधरी, शशिधर झा, प्रशांत कुमार , संजय कुमार महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां का अपमान दरअसल हर भारतीय मां का अपमान है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और जब तक जिम्मेदार व्यक्ति सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगता, तब तक विरोध जारी रहेगा।

# एनडीए का बिहार बंद सफल, नहीं चले वाहन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी दिवंगत मां पर महागठबंधन के नेताओं द्वारा अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ आज आहूत एनडीए का 'बिहार बंद' यहां सफल रहा। बाजार और सड़क आवागमन पूरी तरह से बंद देखे गये। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, जदयू के दीपक सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप मिश्रा और पूर्व सांसद व जदयू नेत्री कहकशां परवीन की अगुवाई में एनडीए कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध मार्च निकालकर भागलपुर शहर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया। एनडीए के नेताओं ने कहा कि कांग्रेस-राजद द्वारा प्रधानमंत्री की मां पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना देश की माताओं एवं बहु-बेटियों का अपमान है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इधर एनडीए के बिहार बंद का जिले के नवगछिया, पीरपैंती कहलगांव, सुल्तानगंज, नाथनगर आदि क्षेत्रों में व्यापक असर देखा गया है। बंद का व्यावसायिक प्रतिष्ठान एवं सड़क यातायात पर काफी प्रभाव पड़ा है।

# ईद-मिलाद-उल-नबी पर्व को लेकर 178 स्थलों पर हुई पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी द्वारा संयुक्त आदेश जारी कर बताया गया कि ईद-मिलाद-उल-नबी पर्व को लेकर सभी संवेदनशील स्थलों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।असामाजिक तत्वों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। क्षेत्र में साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की सूची पहले ही तैयार है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तुरत उनके विरूद्ध समुचित कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया सेल उक्त अवसर पर सत्तत निगरानी रखेंगे तथा गलत खबर एवं अफवाह फैलाये जाने कि स्थिति में तत्काल खण्डन कर लोगों को सही तथ्यों की जानकारी देंगें एवं आपति जनक पोस्टों को अविलम्ब हटाते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करना सुनिश्चित होगी। प्रभारी यातायात को आदेश दिया जाता है कि उक्त अवसर पर सभी चौक-चौराहों एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर ट्राफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति करेंगे तथा ट्राफिक एवं विधि-व्यवस्था का संधारण करेंगे। भीड़ में शामिल असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने हेतु सादे लिबास में महिला सहित अन्य पुलिसकर्मियों की तैनाती करना आवश्यक है। भीड़ वाले स्थान को सेक्टर में बॉट कर भीड़ नियंत्रण हेतु तदनुसार प्रत्येक सेक्टर में पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति होगा। प्रतिनियुक्ति अवधि 05 सितंबर को प्रातः से जुलूस समाप्ति तक होगी। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्त स्थल पर प्रतिनियुक्त अवधि में बने रहेंगे। त्योहार के अवसर पर समाहरणलय स्थित जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना 05 सितंबर के प्रातः से जुलूस समाप्ति तक के लिए किया गया है। सभी पुलिस पदाधिकारी/ दंडाधिकारी का कर्तव्य होगा कि वे प्रतिनियुक्त स्थान पर पूर्व में हुए घटना की जानकारी थानाध्यक्ष के माध्यम से ले लेंगे और उसके अनुसार वहाँ सतर्कता बरतेंगे।

# इंसानियत का पैगाम देता है इस्लाम

## पैगंबर मोहम्मद साहेब के जन्मदिन पर परिचर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** मिल्लत कॉलेज के उर्दू एवं पर्शियन विभाग की ओर से तथा आइक्यूएसी के सहयोग से पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन मिलाद- उन-नबी के शुभ अवसर पर 'दी लाइफ एंड टीचिंग्स ऑफ प्रोफ़ेट मोहम्मद' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन प्रधानाचार्य डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सी एम कॉलेज दरभंगा के प्राचार्य प्रोफ़ेसर मुश्ताक अहमद ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन तथा उपदेशों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि इस्लाम इंसानियत का पैगाम देता है तथा इसमें सभी व्यक्तियों एवं धर्मों का सम्मान करने की बात कही गई है। इस्लाम में किसी के प्रति भी नफरत एवं ईर्ष्या-द्वेष की भावना का कोई स्थान नहीं है। प्रोफ़ेसर अहमद ने कहा कि इमान वाला उसे माना जाता है, जो अपने कर्तव्यों का सम्यक निर्वहन करता है। एक सच्चा मुसलमान वह है जो पैगंबर मोहम्मद साहब के आदर्श पर चलता है तथा कुरान शरीफ में उद्धृत बातों को अपने जीवन में उतारने की कोशिश करता है। विशिष्ट अतिथि के रूप मे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के भू-संपदा पदाधिकारी डॉक्टर कामेश्वर पासवान ने कहा कि इस्लाम में जो तौर तरीके बतलाए गए हैं उस पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन को सुखी और स्वस्थ बना सकता है। इसमें मनुष्य मात्र से प्रेम करने तथा लोगों के दुख-दर्द को समझने पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर सिंह ने कहा कि इस्लाम अच्छाइयों से भरा पड़ा है तथा इसे जीवन में उतारने की जरूरत है। यह धर्म सिखाता है कि हमसे किसी को भी कोई कष्ट नहीं हो तथा हम हर वक्त दूसरों की सहायता करने के लिए तैयार रहें। पूर्व प्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर इफ्तेखार अहमद ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत चर्चा की तथा उनके उपदेशों का अनुसरण करने पर जोर दिया। भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर महेश चंद्र मिश्र ने पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए सच्चाई एवं ईमानदारी के रास्ते पर चलने का प्रयास करने की अपील की।

## एक नजर

### एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नावकोठी में एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया । इसमें 79 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया गया। एसएमसी राजेश कुमार ने बताया कि 9 वर्ष से 14 वर्ष आयुवर्ग की किशोरी को एचपीवी का दो टीका छह माह के अंतराल पर लेने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा टल जाता है तथा वह पूर्णरूप से सुरक्षित हो जाती है। इसमें 56 किशोरी को एचपीवी का पहला डोज तथा 27 किशोरी को सेकेंड डोज का टीका लगाकर प्रतिरक्षित किया गया। मौके पर बीएमसी गोपाल शर्मा, बी सीएम उषा कुमारी, वार्डन रेणुका कुमारी, एएनएम रेणु कुमारी, नंदन कुमारी, पंकज प्रसाद सिंह, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

### बेरोजगार युवाओ को मिला टूल किट

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला नियोजनालय कार्यालय द्वारा गुरुवार को राज्य के बेरोजगार युवाओ को नियोजन सहायता उपलब्ध करने के क्रम में टूल किट और स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत जिला नियोजनालय में निबंधित मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संसथान से प्रशिक्षित कुल 14 अभ्यर्थी को स्वरोजगार हेतु सम्बंधित ट्रेड का टूल किट निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। साथ ही नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले न्यूनतम पारिवारिक आय 300000 रुपये से कम तथा नियोजनालय में निबंधित कुल 15 अभ्यर्थियों को सम्बंधित परीक्षा की पुस्तकें स्टडी किट के रूप में निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम में टूल किट और स्टडी किट का वितरण जिला नियोजन पदाधिकारी एवं कार्यालय के सभी कर्मियों द्वारा किया गया। उपस्थित लाभार्थियों को संबोधन के क्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की टूल किट एवं स्टडी किट योजना को आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओ के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़कर बेहतर आजीविका प्राप्त करने में उपयोगी बताया।

### असामाजिक तत्वों ने तोड़ी मूर्तियां

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत के कमलपुर बांध स्थित महाकाल धाम स्थित मंदिर में बुधवार की रात असामाजिक तत्वों ने तीन मूर्तियों को तोड़ दिया। गुरुवार की सुबह पूजा करने कमलपुर निवासी पुजारी बबन साह गये तो देखा कि मूर्तियां खंडित हैं। उन्होंने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी को दी। मौके पर एसपी बेगूसराय मनीष, एसडीपीओ मंझौल नवीन कुमार, अंचलाधिकारी सूरज कुमार, थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, पुअनि विश्वजीत, रणजीत कुमार सहित पुलिस बल पहुंच कर मामले की तफ्तीश में जुट गये। पुलिस अधीक्षक मनीष ने छतौना ठाकुरबाड़ी के महंथ राम प्रिय दास, डफरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार, उपमुखिया राज कुमार सिंह उर्फ हुलो सिंह, पहसारा निवासी भाजयुमो नेता शिवम वत्स सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी से हर बिन्दुओं पर चर्चा की और जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हर बिन्दुओं पर छानबीन की जा रही है। ऐसे असामाजिक तत्व छोड़े नहीं जाएंगे। यह कोई साधारण घटना नहीं है। अभी स्थित नियंत्रण में है। मुखिया प्रतिनिधि ई रणजीत कुमार ने कहा कि आपसी सदभाव कायम है। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी सदभाव और सौहार्दता बनाये रखने की अपील की। मौके पर बहुत सारे ग्रामीण मौजूद थे।

### महिला फुटबॉल टीम में कंचन चयनित

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** खेल गांव बरौनी यमुना भगत स्टेडियम में वर्षो से फुटबल खेल रही कंचन कुमारी का चयन बिहार फूलटवल टीम में होने से न ही उसके माता पिता को खुशी है बाकी पूरे बेगूसरायवासियों के लिए गर्व की बात है। कंचन कुमारी के पिता चमरू सिंह एक किसान है और मां गृहणी है। कंचन कुमारी प्रतिदिन घर से सात से आठ किलोमीटर दूर बने यमुना भगत स्टेडियम खेल गांव बरौनी में अभ्यास के लिए आती हैं। इस मेहनत के बदौलत आज इसका चयन बिहार फुटबल टीम में हुआ। इससे पहले कंचन कुमारी का चयन पूरे बिहार से आए 106 खिलाड़ियों में हुआ था। वही उन्हें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 20 खिलाड़ियों के टीम से चयन किया गया। बिहार टीम 6 सितंबर को अमृतसर के लिए टीम रवाना होगी। जानकारी देते हुए टीम संयोजक संजीव कुमार उर्फ मुन्ना ने बताया कि बरौनी खेल गांव से दर्जनों खिलाड़ी अपने मेहनत के बदौलत विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी कर अपने जीवन को बेहतर बना रहे है। कंचन कुमारी का बिहार टीम में चयन होने पर बेगूसराय के महासचिव मनोज कुमार शर्मा, चिरंजीवी ठाकुर, रौशन कुमार, अमन कुमार, राकेश कुमार, ज्योति कुमार सहित खिलाड़ियों बुद्धजीवी और स्थानीय जनप्रतिनिधि ने शुभकामनाएं दी है।

### डूबने से 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के राणा बीघा पंचायत अंतर्गत सूर्य मंदिर तालाब से होकर गांव तक जाने वाली सड़क किनारे पैन में डूबने से गांव के ही 65 वर्षीय कृष्णा सिंह नामक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार की संध्या से ही कृष्ण सिंह गायब थे। सुबह उनकी खोजबीन हुई तो पता चला कि गहरे पानी भरे गड्ढे में पैर फिसल जाने के चलते डूब गये और उनकी मौत हो गई। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद मृतक लास परिजनों को सौंप दिया है।

### कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भटगांव पंचायत अंतर्गत एसबीआर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन के द्वारा प्रैक्टिकल के नाम पर प्रति छात्र ?500 का अवैध वसूलिक को लेकर मोर्चा खोल दिया है। छात्रों ने बताया कि कालेज प्रबंधन के द्वारा मनमानी तरीके से हर सेमेस्टर में 500 प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली की जाती है जिसका ना तो रसीद दिया जाता है और ना ही उसके बारे में बताया जाता है। मामले पर जब कॉलेज प्रबंधन से बात की गई तो उन्होंने मामले को निराधार बताया वहीं छात्रा के द्वारा एक जुटता दिखाते हुए एसडीओ कार्यालय पहुंचकर इसकी शिकायत की है। एसडीओ में मामले पर संज्ञान लेने की बात कही है।

### गलत तरीके से नाला निर्माण की शिकायत

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेलछी प्रखंड अंतर्गत शकसोहरा पूर्वी पंचायत के कई वार्ड मे नाला निर्माण और गोपाइचक गांव में सड़क निर्माण का कार्य के दौरान संवेदक के द्वारा मनमानी तरीके से किए जा रहे धांधली के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को शिकायत की। शिकायत मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार योजना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और ग्रामीणों की शिकायत को सही पाते हुए संवेदक को जमकर फटकार लगाई और सही तरीके से योजना का क्रियान्वयन किए जाने की बात कही। वही पूर्वी क्षेत्र में सड़क निर्माण के दौरान पूर्व में कई घरों को तोड़ देने के बाद लंबे समय तक सड़क निर्माण नहीं होने को लेकर भी ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया।

### सीएस ने किया माइक्रो बायोलॉजी लैब का उद्घाटन

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिविल सर्जन डॉ जितेंद्र बहादुर सिंह ने गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित माइक्रो बायोलॉजी लैब का उद्घाटन किया। इस दौरान उपाधीक्षक डॉक्टर कुमकुम, माइक्रो बायोलॉजिस्ट डॉ अशोक कुमार,पैथोलॉजिस्ट डॉ स्नेहा सिन्हा भी उपस्थित थे। इस लैब के उद्घाटन होने से जिले के रोगियों को लाभ मिलेगा ।

# जहानाबाद में डूबने से तीन लोगों की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार को तीन अलग-अलग हादसों में पानी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। इन घटनाओं से संबंधित गांवों में मातमी सन्नाटा पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पहली घटना घोसी थाना क्षेत्र के खिरौटी डीह गांव की है। यहां कर्मा पर्व के अवसर पर फल्गु नदी में स्नान करने गए 11 वर्षीय रौशन कुमार की डूबने से मौत हो गई। स्नान के दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने से बच्चे की जान चली गई। परिवार में कोहराम मच गया। दूसरी घटना शकूराबाद थाना क्षेत्र के बढौना गांव की है। बताया जाता है कि गौरव कुमार गांव के समीप पईन में स्नान करने गया था, जहां अचानक पैर फिसल जाने से गहरे पानी में डूब गया। स्थानीय लोगों ने बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। तीसरी घटना परसबिगहा थाना क्षेत्र के बेलदारी गांव के समीप घटी। यहां आहर में डूबने से 35 वर्षीय मजदूर सुदामा बिंद की मौत हो गई। सुदामा परिवार का कमाऊ सदस्य और घर का मुखिया था। उनकी मौत से परिवार आर्थिक संकट में घिर गया है। मांदिल पंचायत के मुखिया बबलू कुमार ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# लोक अदालत की सफलता के लिए जिला जज ने की यातायात पदाधिकारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार ने यातायात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, सहायक जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह के साथ अपने प्रकोष्ठ में बैठक किया। बैठक में परिवहन चालान से संबंधित लंबित वादों को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। वहीं संबधित मामलों की सूची के साथ संबधित पदाधिकारी को अधिकृत एवं प्रतिनियुक्त करते हुए मामलें से संबधित बेंच पर उपस्थित रहकर लोक अदालत के दिन आये वादकारियों को अपेक्षित सहयोग एवं उनके दावों पर औचित्यपूर्ण विचार करते हुए मामलों का निस्तारण कराएंगे। इस संबध में पदाधिकारियों के द्वारा सहमति प्रकट करते हुए निर्देशित सहयोग हेतु आश्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से जितना हो सके वादकारियों को उक्त के संबध में जागरूकता एवं सूचना प्रेषित की जाए जिससे कि उन्हें यह जानकारी प्राप्त हो कि चालान से संबंधित मामलों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया जायेगा। इस बैठक में प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा बताया गया कि परिवहन से संबधित मामलों के निस्तारण में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे इस संबध में जिलाधिकारी सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार को जिला परिवहन पदाधिकारी को लोक अदालत के दिन अन्य कार्यो एवं प्रतिनियुक्ति से विमुक्त रखने का अनुरोध किया गया है जिससे कि लोक अदालत में आये हुए वादकारियों से संबधित समस्या का समाधान तत्काल किया जा सके।

# महिलाओं को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी, स्वच्छता किट का वितरण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले के हुलासगंज प्रखंड के तीर्रा पंचायत भवन में गुरुवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी देना और उन्हें सशक्त बनाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुश्री स्वाति कुमारी ने की। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ ने महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की अनदेखी से कई तरह की गंभीर बीमारियाँ जन्म लेती हैं, जिनमें सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी प्रमुख है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपनी बेटियों और परिवार की अन्य महिलाओं को भी इस विषय में जागरूक करें और नियमित रूप से स्वच्छता का ध्यान रखें। इस मौके पर बीडीओ एवं पंचायत के मुखिया अवधेश पंडित ने संयुक्त रूप से महादलित महिलाओं के बीच 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना' के तहत माहवारी स्वच्छता किट का वितरण किया। मिशन शक्ति हब के लैंगिक विशेषज्ञ शैलेश कुमार ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लैंगिक संवेदीकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठाएँगी तो न केवल उनका जीवन बेहतर होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार होगा।

# एनडीए के आह्वान पर प्रखंडों में बाजार पूरी तरह बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के आह्वान पर बुधवार को हसपुरा प्रखंड क्षेत्र में बिहार बंद का व्यापक असर देखने को मिला। हसपुरा बाजार एवं पचरुखिया बाजार पूरी तरह बंद रहे। दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में पचरुखिया में बंद सफल कराया गया, वहीं हसपुरा में बंद का नेतृत्व चन्द्रकांत मुन्ना ने किया। एनडीए कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कहा कि एनडीए बिहार बंद कराना नहीं चाहता था, लेकिन विपक्षी दलों के मंच से नारी शक्ति का अपमान किया गया और महागठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा इस पर कोई खेद व्यक्त नहीं किया गया। जनता से माफी तक नहीं मांगी गई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे में मातृशक्ति के सम्मान की रक्षा के लिए सड़क पर उतरना पड़ा। बिहार बंद को सफल बनाने में गोह विधानसभा संयोजक रवीशंकर शर्मा, जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, सुरेश आर्य, अनिल कुमार आर्य, दुग्धेश्वर कुशवाहा, लोजपा आर के प्रदेश महासचिव विजय कुमार अकेला, प्रखंड अध्यक्ष गंगादयाल पासवान, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, महामंत्री दिलीप शर्मा, संतोष शर्मा, गया लाल पंडित,



कुलदीप पासवान, मुकेश शर्मा, भागवत यादव, सतेन्द्र यादव, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, कमला देवी, रघुनाथ साव, अर्जुन साव, गनौरी राम, शांति देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष राधिका सोनी, अनिता देवी, सोनाझरी देवी, बरती देवी, विकास शर्मा, बबलू शर्मा, नीरज शर्मा, उमेश पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल रहे।

## मां के सम्मान में रफीगंज रहा पूरी तरह बंद एनडीए कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश

**रफीगंज**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के अपमान के विरोध में गुरुवार को एनडीए गठबंधन के आह्वान पर रफीगंज में सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक पूर्ण रूप से बंद का असर देखा गया। बंदी के दौरान बाजार पूरी तरह से बंद रहे और लोगों ने स्वेच्छा से आंदोलन का समर्थन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह और भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने कहा कि दरभंगा में महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री की मां के प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणी असहनीय है। उन्होंने कहा कि "मां का अपमान हिंदुस्तान कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।" नेताओं ने महागठबंधन की कड़ी आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के योगदान को याद किया और कहा कि उनके अपमान का विरोध देशव्यापी आंदोलन का रूप लेगा। बंदी का व्यापक असर रहा और व्यापारियों से लेकर आम जनता तक ने पूरा सहयोग दिया। इस मौके पर जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, भाजपा नेता अवधेश कुमार सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह सहित सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दरभंगा मामले को लेकर मदनपुर में एनडीए कार्यकर्ताओं ने कराया बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता को अपशब्द कहे जाने के विरोध में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा किए गए बिहार बंद का असर मदनपुर में भी दिखा। बंद के दौरान बाजार की अधिकांश दुकानें बंद रहीं और एनएच-19 पर वाहन परिचालन पूरी तरह बाधित रहा। एनडीए कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और महागठबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। बंदी में भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तान आवामी मोर्चा (सेक्युलर), लोजपा (रामविलास) एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह उर्फ शमशेर सिंह, भाजपा मदनपुर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, भाजपा वार मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार, भाजपा नेता अभिमन्यु प्रसाद सिंह, जदयू नेता सतीश पाठक, पिंटू कुमार गुप्ता, बीरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू, बसंत सिंह, दिलीप कुमार गुप्ता और अजय पाठक सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रफीगंज पुलिस ने दो नामजद अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बदोपुर निवासी शिदत पासवान और अकौनी निवासी रामानंद चौधरी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शिदत पासवान पर मारपीट से संबंधित कांड संख्या 360/25 दर्ज था, जबकि रामानंद चौधरी पर कांड संख्या 258/25 में मारपीट का आरोप लगा था। दोनों अभियुक्त नामजद थे और मामले दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों को उनके ही गांव से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आगामी पर्व एवं ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

## शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना प्रशासन की पहली प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। आगामी पर्वों एवं ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर रफीगंज थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पर्व के दौरान नगर में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी। ईद मिलादुन्नबी पर निकाले जाने वाले जुलूस को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इनमें एसआई रविकांत कुमार यादव, राजद नेता एवं वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान, भाजपा नेता सुबोध कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार, राणा विवेक सिंह, रोहित कुमार गुप्ता, उपमुखिया नरेश कुमार, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार, हम प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव, शाहनवाज आलम एवं सुभम सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। बैठक में प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि पर्व के दौरान भाईचारा और आपसी सद्भाव को बनाए रखते हुए कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा।

# ईद मिलादुन्नबी पर रफीगंज में निकलेगा जुलूस, प्रशासन ने की तैयारियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। ईद मिलादुन्नबी पर्व के अवसर पर शुक्रवार को रफीगंज शहर में भव्य जुलूस निकाला जाएगा। इसको लेकर शहर के विभिन्न मार्गों पर धार्मिक उल्लास और अनुशासन के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी की गई है। कमर प्रवेज एवं वार्ड पार्षद नूरूल होदा खान ने इस संबंध में रफीगंज थाना को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि जुलूस सुबह 8 बजे इमादपुर से प्रारंभ होगा और दोपहर 1 बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होगा। जुलूस का मार्ग इमादपुर से शुरू होकर मुरली चौक, नसरू मियां मोड़, मेन रोड, महराजगंज, पूर्व मुखिया बिनय सिंह का मकान, मदीना मस्जिद, नुजमु मियां मोड़, कलाली, बस स्टैंड और मुख्य बाजार होते हुए पुनः मुरली चौक से इमादपुर पर जाकर समाप्त होगा। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सके।

# छात्राओं को दिया गया कराटे का प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान औरंगाबाद के द्वारा रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कराटे का प्रशिक्षण माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा चयनित प्रशिक्षक के द्वारा दिया जा रहा है। समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान औरंगाबाद के निदेशानुसार आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन ९० दिनों तक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं को दिया जाना है। जिला जूनियर रेडक्रॉस के काउंसलर औरंगाबाद एवं कार्यक्रम संयोजक निरंजय कुमार ने बताया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान औरंगाबाद के निदेशानुसार बारुण प्रखंड के राजकीय कृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज औरंगाबाद में भी आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिला जूनियर रेडक्रॉस के काउंसलर निरंजय कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण के ट्रेनर सचिन कुमार के नेतृत्व में वर्ग नवम, दशम 11वीं एवं 12वीं के छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जूनियर रेडक्रॉस के सचिव निरंजय कुमार ने बताया कि नवमी दशमी 11वीं एवं 12वीं के छात्राओं की आत्मरक्षा के लिए यह वरदान साबित होगा। विद्यालय में सुदूर क्षेत्र के छात्राएं अध्यनरत है। विद्यालय अवधि के बाद अकेला इन्हें घर जाना पड़ता है। असामाजिक तत्वों से आत्मरक्षा के लिए यह आवश्यक प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण प्रारंभ करने के पूर्व सभी छात्राओं को काउंसलिग करते हुए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक डा. राकेश कुमार, शिवम कुमार, संजय कुमार मेहता, कमल किशोर, संतोष कुमार, सुशील कुमार, आलोक कुमार सहित उपस्थित रहे।

# मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। आपसी विवाद में मारपीट के आरोप में दो लोगों को सलैया थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के चनकी बिगहा निवासी रामसिंहसन यादव एवं राम इकबाल यादव के रूप में की गई है। इनके खिलाफ बुधवार को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि मारपीट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# अनंत चतुर्दशी पर होगा भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप का पूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाने वाला पावन पर्व अनंत चतुर्दशी इस वर्ष शनिवार, 6 सितंबर को श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

यह दिन भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की आराधना को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन अनंत भगवान की पूजा करने से जीवन के समस्त कष्ट दूर होते हैं और भक्त को कल्याण की प्राप्ति होती है। प्रांगकुशाचार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हुलासगंज के प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास शर्मा ने बताया कि



'अनंत' का अर्थ है—जिसका न कोई आदि है और न कोई अंत। भगवान विष्णु का यह स्वरूप जगत की रक्षा व पालन के लिए प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि इस दिन व्रत रखकर श्रद्धापूर्वक भगवान विष्णु की पूजा और अनंत सूत्र धारण करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। डॉ. शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान विष्णु ने 14 लोकों की रक्षा और पालन हेतु 14 रूपों में अवतार लिया था, जिससे उन्हें अनंत कहा गया। अनंत सूत्र भी इसी आधार पर 14 गांठों से युक्त होता है। शुद्ध रेशम या कपास के सूत से बने, हल्दी से रंगे इस सूत्र को भगवान विष्णु की प्रतिमा या चित्र के सामने पूजित किया जाता है। प्रत्येक गांठ में श्रीहरि के नामों का उच्चारण किया जाता है। पूजन सम्पन्न होने के बाद अनंत सूत्र को पुरुष दाहिने हाथ में और महिलाएं बाएं हाथ में धारण करती हैं। इसे जीवन के लिए रक्षा कवच माना गया है, जो मंगलमय जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।

# अनुग्रह बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण, कांग्रेस के पंचायती राज जिला अध्यक्ष संजीव सिंह हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। अनुग्रह स्मारक, औरंगाबाद में बुधवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बिहार के प्रथम वित्त मंत्री रहे देशरत्न डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पंचायती राज के नवनियुक्त अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह को पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने संजीव कुमार सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए



विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायती राज संगठन औरंगाबाद जिला कांग्रेस को नई मजबूती और ऊर्जा प्रदान करेगा। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद व्यक्त की कि सिंह पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार तथा वरिष्ठ नेता आनंद शंकर सिंह के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश एवं जिला स्तर के कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी मौजूद रहे। सम्मानित करने वालों में पूर्व महासचिव, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी मृत्युंजय कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी रशीद अली खान, अभिषेक प्रताप नारायण सिंह, अनुग्रह स्मारक समिति के सचिव चुलबुल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, प्रदेश किसान कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता आदित्य नारायण सिंह टिंकू, रफीगंज प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, बबलू सिंह, मोहम्मद अजीम खान, शैलेंद्र मिश्रा, प्रो. अंबिका पासवान, उदय पासवान और पूर्व मुखिया बद्री नारायण सिंह सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा की अंतिम चयन सूची जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, एवं अग्निशमन सेवाएं, बिहार, पटना द्वारा बिहार के विभिन्न जिलों में स्वयंसेवी गृहरक्षकों का स्वच्छ नामांकन हेतु विज्ञापन सं०- 01/2025 के आलोक में जहानाबाद जिले में 317 रिक्तियां के विरुद्ध 315 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन सूची गुरुवार को प्रकाशित की गई।अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों के शैक्षणिक, जाति, आवासीय, एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की जांच उनके द्वारा आवेदन भरने के समय समर्पित प्रमाण पत्रों की जांच हेतु संबंधित अभ्यर्थी सभी संबंधित मूल अभिलेख का सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया है। अभ्यर्थी द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों का मूल प्रमाण पत्र से मिलान / सत्यापन कार्य दिनांक 6 से 8 सितंबर तक जिला समादेष्टा कार्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, कार्यालय जहानाबाद में किया जाएगा। प्रमाण पत्रों के लिए तय सत्यापन कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन 06 सितंबर को मेधा सूची के अन्तर्गत (गैर आरक्षित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच की जाएगी। वहीं दूसरे दिन 08 सितंबर को मेधा सूची के अन्तर्गत (अनु० जाति, अनु०जन० जाति, अ०पि०वर्ग, पि०वर्ग, पि०व० की महिलाएँ एवं स्वतंत्रता सेनानी के सगे संबंधी के प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। बताया गया कि चयनित अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता, जाति आवासीय, चरित्र प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जाँच अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित मूल पत्र एवं ऑनलाईन फार्म भरते समय अपलोड किए ये सभी अनुलग्नक से किया जायेगा। यदि उक्त समर्पित मूल पत्र एवं ऑनलाईन फार्म भरते समय अपलोड किया गया प्रमाण पत्रों से कोई त्रुटि भिन्नता पायी जाती है, तो उस अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर उनके विरुद्ध आवश्यक विधि पूर्ण कार्रवाई की जायेंगी एवं नियमानुसार उस अभ्यर्थी के विरुद्ध प्रतीक्षारत उम्मीदवारों का चयन कर लिया जायेगा।

# एनडीए द्वारा आहूत बिहार बंद का जहानाबाद में रहा मिलजुला असर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ विपक्षी नेताओं द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में एनडीए गठबंधन ने 4 सितंबर को पूरे बिहार में बंद का आह्वान किया था इसका जहानाबाद जिले में मिलजुला असर रहा। इस आह्वान के तहत जहानाबाद जिला के अलग- अलग स्थानों पर सुबह से ही एनडीए घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सुबह से ही जहानाबाद में बीजेपी, जेडीयू सहित एनडीए के तमाम सहयोगी दलों के कार्यकर्ता बैनर और तख्तियां लेकर आक्रोश मार्च पर निकले। अरवल मोड़ पर सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता इकट्ठा होकर विरोध जता रहे थे। इस दौरान नेताओं ने विपक्ष पर गंदी राजनीति करने और समाज में गलत संदेश फैलाने का आरोप लगाया।




**शांतिपूर्ण माहौल, कुछ जगहों पर नोकझोंक**

जिले में अधिकतर जगहों पर विरोध मार्च और बंद शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। हालांकि, कुछ जगहों पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के बीच हल्की नोकझोंक की स्थिति भी बनी, लेकिन स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। पुलिस और प्रशासन की सक्रियता से किसी तरह की बड़ी घटना नहीं हुई।

प्रदर्शन में शामिल एनडीए नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री की माता पर अभद्र टिप्पणी करना न सिर्फ उनकी निजी गरिमा पर प्रहार है, बल्कि पूरे देश की संस्कृति और परंपरा पर भी चोट है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विपक्ष ऐसी बयानबाजी से बाज नहीं आया तो और भी उग्र आंदोलन किए जाएंगे। जहानाबाद में एनडीए का बंद असरदार रहा और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी से विपक्ष के खिलाफ आक्रोश साफ दिख रहा था।

# कोर्ट के निर्देश पर वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना की पुलिस ने बुधवार की रात्रि तिलवा परसावां गांव में छापेमारी कर एक गैर-जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान उस गांव निवासी मुखदेव राम के पुत्र प्रमोद राम के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि लंबे समय से फरार रहने के कारण कोर्ट ने वारंटी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। सूचना के आधार पर छापेमारी के फलस्वरूप वारंटी को घर से गिरफ्तार किया गया।

# मसौढ़ी में बंद का दिखा असर, दुकानें रहीं बंद

## सड़कों पर उतरकर एनडीए समर्थकों ने किया विरोध प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मां का अपमान नहीं सहेगा बिहार के नारों के साथ बिहार बंद का असर मसौढी में देखा गया, जहां पर सभी दुकानें बंद रही, सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सुबह से ही सड़कों पर एनडीए के सभी घटक दलों के समर्थक सड़कों पर उतरकर हाथों में झंडा लिए राहुल तेजस्वी माफी मांगो के नारे लगाते रहे। दरअसल एनडीए की ओर से गुरुवार को बिहार बंद का आह्वान किया गया था, और यह यह 12:00 बजे तक का आह्वान किया गया था। सड़कों पर आक्रोशित भाजपा समर्थकों ने कहा कि राहुल और तेजस्वी को खुले मंच से माफी मांगनी होगी, नहीं तो इस बार जनता उन्हें चुनाव में सबक सिखाएगी। बंद के दौरान मसौढी विभिन्न चौक चौराहे पर सड़कों पर बैठ कर विरोध जताते दिखे। बंद समर्थकों मे एनडीए के घटक दलों में बीजेपी प्रदेश कार्य समिति सदस्य आशा किरण सिंह, जिला युवती सेल प्रमुख शोभा कुमारी, नगर अध्यक्ष आशीष देव, जदयू गोल्डी कुमार अश्विनी, सुनील वर्मा, अजीत पांडेय, राणा लखन चंदेल, संजय केशरी, अशोक कुमार, अजय शर्मा, राकेश कुमार, विजय यादव, हिमांशु कुमार मंतोष कुमार, शैलेन्द्र कुमार, पिंटू रज़क, मंजू देवी, ऋषि कुमार, आलोक कुमार संजीव कुमार ब्रजेश कुमार, लोजपा आर से निकित उर्फ मंतोष, के अलावा निरज शर्मा, राकेश कुमार, मेराज अहमद, समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे। बहरहाल मसौढी मे बंद के दौरान स्टेशन रोड से सभी बंद समर्थक हाथों में झंडा हुए मेंन रोड, थाना रोड, कर्पूरी चौक, तक गए उसके बाद कर्पूरी चौक के पास वापस लौटते हुए अनुमंडल चौराहा के पास जाकर लोगों ने घंटे विरोध प्रदर्शन किया।

# धनरूआ के बरबिघा में बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दे रहे दिव्यांग शिक्षक



**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** शिक्षक दिवस पर उन तमाम गुरूदेव को नमन किया जा रहा है जो न किताबी ज्ञान बल्कि समाज की हर वो व्यवहारिक ज्ञान से रू ब रू करवा कर जीवन जीने की कला सिखाते है। ऐसें में धनरूआ प्रखंड के बरबीघा गांव में दोनों पैर से दिव्यांग शिक्षक बिनेश्वर प्रसाद जो पिछले 40 वर्षों से अपने गांव के बच्चों के बीच निशुल्क रूप से शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। बरबीघा के दिव्यांग शिक्षक बिनेश्वर प्रसाद ने कहा कि हमारे गांव में दूर-दूर तक कोई सरकारी विद्यालय नहीं है. ऐसे में उन्होंने किसी तरह से पढ़ई कर ली. हालांकि उनके गांव के लोगों के बीच शिक्षा का काफी आभाव है. ऐसे में उन्होंने प्रण लिया है कि वो अपने गांव के बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगायेंगे. वो 1986 से लेकर अब तक गांव के हर बच्चे को मुफ्त में शिक्षा दान करते हैं.उनकी मांग रही है की हमारे गांव में सरकारी स्कूल बनवाया जाए ताकि बच्चों को पढ़ने के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़े।उन्होंने बताया कि उनके पढ़ाए गए कई बच्चे सरकारी जॉब में भी हैं. बिनेश्वर प्रसाद ने कहा कि वो बच्चों को निशुल्क रूप में पढ़ाते हैं, बदले में उन्हें कोई अभिभावक चावल तो कोई खाने के लिए अनाज देता है. इसी तरह से जिंदगी कट रही है. उन्होंने अभी तक शादी नहीं की है। उन्होंने कहा कि पूरा गांव हमारा परिवार है और गांव के बच्चे हमारे बच्चे हैं, मोनिका के जब तक हम जिंदा हैं हमारे गांव के बच्चे शिक्षा के अभाव में नहीं रहेंगे वहीं धनरूआ प्रखंड के शिक्षक नेता गजेंद्र कुमार हिमांशु ने कहा कि बरबीघा गांव के दिव्यांग शिक्षक हम सभी शिक्षकों के बीच रोल मॉडल हैं जो बच्चों को निशुल्क शिक्षा दान कर रहे हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में काफी...

का कार्य पूर्ण होने से छपरा में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। बिन टोलिया के पास बन रहे नए बस स्टैंड से रोड कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। मुख्यमंत्री ने रतनपुर बिन टोलिया स्थित कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। जीविका दीदियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जब हमलोगों की सरकार बनी उस समय यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या न के बराबर थी। हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या को बढ़ाना शुरूकिया। आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया और आप सब जीविका दीदियां कहलाती हैं। हमलोगों के इस काम से प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने इस योजना को पूरे देश में आजीविका नाम से लागू किया। आप सभी बुलंदी के साथ रहिए और आगे बढ़िए। सरकार आपलोगों की हरसंभव मदद करेगी। कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक डॉ. सीएन गुप्ता, विधान पार्षद वीरेन्द्र नारायण यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुडुकलकट्टी, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार, सारण प्रमंडल के आयुक्त राजीव रौशन, पुलिस महानिरीक्षक नीलेश कुमार, जिलाधिकारी अमन समीर, वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, बड़ी संख्या में लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 1500 लीटर चुलाई शराब को किया गया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केवड़ा।** पुलिस ने मसौढी ऑपरेशन देसी शराब के साथ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को केवड़ा पुलिस ने गंज जलालपुर मुसहरी में छापेमारी की गई, जहां पर 1500 से अधिक महुआ शराब को नष्ट किया गया। केवड़ा थानाध्यक्ष ने बताया कि लगातार मिल रही सूचना को सत्यापन करते हुए सघन छापेमारी अभियान चलाते हुए जमीन के

**कारोबारी फरार**

अंदर गाड़े कई ड्रम को निकाला गया, वहीं 1500 लीटर देसी शराब महुआ को नष्ट किया गया है, यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा, हालांकि इस अभियान में किसी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। शराब कारोबारी भागने में सफल रहे हैं, भागे हुए सभी शराब कारोबारियों को चिन्हित की जा रही है और उन पर कार्रवाई होगी।

# पुनपुन घाट हाल्ट पर 10 जोड़ी ट्रेनों के अस्थायी ठहराव की स्वीकृति

## पिंडदानियों की सुविधा के लिए रेलवे ने उठाया कदम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया रेलखंड के पुनपुन घाट हॉल्ट पर अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की शुरुआत आगामी 6 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। ऐसे में पितृपक्ष मेला के अवसर पर पुनपुन घाट हाल्ट पर 10 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव की स्वीकृति दी गई है। पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे ने यह कदम उठाया है। जो दिनांक 06.09.2025 से 21.09.2025 तक पुनपुन घाट



हाल्ट पर निम्नलिखित ट्रेनों का दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिसमें गाड़ी सं. 13243/13244 पटना-भभुआ रोड-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 13347/13348 पटना-बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 13349/13350 सिंगरौली-पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 18623/18624 इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 18625/18626 पूर्णिया कोर्ट-हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 12365/12366 पटना-रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 13329/13330 पटना-धनबाद-पटना गंगा दामोदर एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 14223/14224 राजगीर-वाराणसी-राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 05553/05554 पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी सं. 07255/07256 चर्लपल्ली-पटना-चर्लपल्ली स्पेशल इसी क्रम में गाड़ी सं. 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल एवं गाड़ी सं. 03655 पटना-गया स्पेशल का भी पुनपुन घाट पर 02 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है ताकी यात्रियों को सुविधा हो।ये जानकारी रेलवे विभाग के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने यह जानकारी दी है।

## एक नजर

### गांजा कारोबारी गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नया टोला इलाके में गांजा की खरीद-बिक्री हो रही है। पुलिस ने कबाड़ी की दुकान पर छापामारी की और मौके से 01 व्यक्ति को 680 पुड़िया गांजा (कुल वजन 2.7 किलोग्राम) के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने टमटम पड़ाव के पास से एक स्मैक विक्रेता को भी दबोचा. उसके पास से 26 पुड़िया स्मैक बरामद हुआ। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना, भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गांजा कारोबार के मामले में गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद शाहनवाज उर्फ मोहम्मद दानिश है. वहीं टमटम पड़ाव से गिरफ्तार युवक की पहचान मोहम्मद छोटू के रूप में हुई है। दोनों को जेल भेजा जा रहा है और आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### किसान सभा का आयोजन कर दी गयी जानकारी

**दनियावां (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरथुआ गांव स्थित पैक्स गोदाम परिसर में इफको द्वारा नैनो उर्वरक आधारित कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य विपणन प्रवन्धक अशोक कुमार पालीवाल ने इफको उत्पाद के बारे में विस्तार से प्रोग्राम में उपस्थित किसानों को बताया एवं उर्वरक को समय से उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रवन्धक कृषि सेवा डॉ रमेश कुमार ने मृदा परीक्षण के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र प्रवंधक राजीव लोचन ने किया। इस मौके पर आरएमई इफको एमसी राहुल सिंह, खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार समेत 100 से अधिक किसानों ने कृषक गोष्ठी में शिरकत किया।

### पीडीएस दुकानों की चल रही जांच

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जन वितरण प्रणाली की दुकानों के निरीक्षण के लिए प्रखंड स्तर पर पंचायतवार जांच दल गठित किया गया है। इसके जरिए लाभुकों को राशन उठाव के दौरान आने वाली परेशानियों को दूर करने साथ ही अनियमितता की मिल रही शिकायतें भी दूर होंगी। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि पंचायत स्तर की जिम्मेदारी सभी आपूर्ति पदाधिकारी को दी गई है। अब तक 100 से अधिक दुकानों की सघन जांच की गई है, जहां आठ दुकानों पर शिकायतें मिलने पर स्पष्टीकरण भी की गई है लगातार चल रही सघन जांच पर पीडीएस दुकानदारों में हर काम मची हुई है।

### बिहार बंद का मिला जुला असर

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा के द्वारा आयोजित बिहार बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला कार्यकर्ताओं के द्वारा गुरुवार की सुबह 7:00 बजे से लेकर 12:00 तक बिहार बंद का आवाहन किया गया था लेकिन कार्यकर्ताओं में सुस्ती का माहौल देखा गया बाद में बाढ़ के अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय मोड़ के पास महिला संगठन के द्वारा सड़क पर बैठकर करीब 1 से 2 घंटे के लिए यातायात सेवा को बाधित किया गया हालांकि बंदी के आवाहन के बाद भी दुकानदारों के द्वारा दुकान अपने समय पर खोला गया कुछ दुकानें बंद रही स्टेशन बाजार आदि दुकानें खुली रही।

# पुनपुन बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान पर लगी रोक, विधायक ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** नगर पंचायत पुनपुन द्वारा फुटपाथी दुकानदारों को अतिक्रमण के नाम पर हटाए जाने की सूचना पर विधायक गोपाल रविदास पुनपुन बाजार में फुटपाथी दुकानदारों के साथ पुनपुन धर्मशाला में एक दिवसीय बैठक की। बैठक में विधायक गोपाल रविदास के नेतृत्व में फुटपाथी दुकानदार संघ का गठन किया गया, जिसमें पपू चंद्रवंशी, दिलीप यादव, मिथिलेश, मनोज कुमार, श्याम जी, राजेश्वर जी, विजय यादव, मो. रिजवान, बुद्धू यादव, सत गुरु (पूर्व मुखिया) नगर पंचायत के चैयरमैन सहित दर्जनों दुकानदार शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने नगर पंचायत पदाधिकारी ऋचा प्रियदर्शिनी से मुलाकात कर कहा कि पर्व का समय होने के कारण इस समय फुटपाथी दुकानदारों को हटाना उचित नहीं है। विधायक की पहल पर नगर पंचायत पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि फिलहाल किसी भी फुटपाथी दुकानदार को नहीं हटाया जाएगा। सभी फुटपाथी दुकानदार पहले की तरह दुकान लगा सकते हैं। अगली बैठक में उनके पुनर्वास पर निर्णय लिया जाएगा।

# फ्लाइट के साथ जुड़ीं सान्या मल्होत्रा स्टाइल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रिलैक्सो फुटवेयर्स लिमिटेड के भारत के मशहूर फैमिली फैशन फुटवेअर ब्रांड, फ्लाइट ने बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही, ब्रांड ने त्यौहार और शादी के सीज़न के लिए नई डिज़ाइन्स की शानदार रेंज भी लॉन्च की है, ताकि लोग हर मौके पर स्टाइलिश अंदाज़ अपना सकें। फ्लाइट ने इस ऐलान के साथ ही एक ज़बरदस्त 360-डिग्री मार्केटिंग कैंपेन भी शुरू किया है, जो आत्मविश्वास, अपनी पहचान और स्टाइल के साथ आगे बढ़ने के संदेश को

RELAXO

सामने लाता है। रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के होल टाइम डायरेक्टर गौरव कुमार दुआ ने कहा, हम सान्या मल्होत्रा का फ्लाइट परिवार में बतौर नई ब्रांड एंबेसडर स्वागत करते हैं। इस वर्ष हम एक ऐसा शानदार और युवाओं के अनुकूल कलेक्शन ला रहे हैं, जो सान्या की पर्सनैलिटी से पूरी तरह मेल खाता है। वे आज के भारत, यानि युवा, महत्वाकांक्षी और डिज़ाइन के प्रति सजग लोगों की भावना का प्रतिनिधित्व करती हैं। फ्लाइट एक ऐसा फैशन फुटवियर ब्रांड है, जो जीवन के हर पड़ाव में लोगों का साथ देता है, साथ ही उन्हें स्टाइल और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की ताकत देता है। सान्या के ब्रांड एंबेसडर बनने और हमारे नए कैंपेन के साथ, हम 'सर उठा कदम बढ़ा' को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं, ताकि भारत का हर कदम आत्मविश्वास और स्टाइल से भरा हो।ङ्क बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने कहा, ह्लमुझे फ्लाइट परिवार का हिस्सा बनकर सचमुच बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि यह ब्रांड उन सब बातों को दर्शाता है, जिन पर मैं भरोसा करती हूँ, जैसे कि आत्मविश्वास, आराम और अपनी राह खुद चुनना।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी प्रखंड के तिन पंचायतों के पैक्स में सहकारी समितियों की योजनाओं की जानकारी देने के लिए किसान सहकारी चौपाल व नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बीसीओ लाला प्रसाद के सफल नेतृत्व में तथा पैक्स अध्यक्ष देवेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस सहकारी चौपाल में पंचायत के कृषकों व पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया, चौपाल में बीसीओ लाला राजीव रंजन ने बताया कि तिन पंचायत शुरू हुई सहकारी चौपाल पैक्सों में आयोजित होगा जिसमें मसौढ़ी प्रखंड के शाहाबाद, लखनौर बेदौली और चरमा, खरांट पंचायत में शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम का आयोजन गांवों में सरकार की सहकारी योजनाओं को प्रचारित करने और ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया है। जहां धान खरीद किसानों को खाद बीज पीडीएस योजना समेत कई योजनाओं पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सहकारी चौपाल व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सहकारिता विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और सभी लोगों को योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान कलाकार टीम के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को सहकारिता विभाग के कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। चौपाल में कोऑपरेटिव बैंक मैनेजर सोनू, कुमार, बीसीओ लाल राजीव रंजन, पैक्स अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद सिंह, प्रबंधक सतीश प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य रामजन्म सिंह, कौशल्या देवी, कमलेश कुमार सिंह,यशोदा देवी धनंजय कुमार समेत सैकड़ों किसान शामिल हुए। वहीं शाहाबाद समिति में सहकारिता विभाग के द्वारा नुक्कड़ नाटक से सहकारिता विभाग में चल रहे योजनाओं का की जानकारी पंचायत के उपस्थित ग्रामीणों को दिया गया पैक्स अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे नुक्कड़ नाटक का मंचन रेखा कुमारी यादव के नेतृत्व में किया गया।



### जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से अधिकारियों के साथ की बैठक

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बिचौलियों पर एसडीएम-बीडीओ रखें पैनी नजर : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिले के अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी के द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका, सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, सासाराम- 1, सासाराम - 2, डिहरी एवं बिक्रमगंज, कार्यपालक अभियंता, पीएचइडी एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, सासाराम / डिहरी के साथ बैठक की गयी। बैठक में डीएम ने कई निर्देश दिए जिसमें उन्होंने कहा कि आये दिन शिकायत मिल रही है कि विद्युत आपूर्ति की कटौती बिना किसी ठोस कारण एवं बिना गम्भीर खराबी के कारण मिस्त्रियों के द्वारा काट दिया जाता है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति डिहरी एवं सासाराम को निर्देश दिया गया कि किसी गम्भीर खराबी अथवा तकनीकि खराबी के अलावे किसी भी परिस्थिति में विद्युत आपूर्ति को बाधित नहीं किया जायेगा। विद्युत आपूर्ति को बाधित करने के पूर्व सक्षम पदाधिकारियों की अनुमति प्राप्त करने के बाद ही मरम्मत का कार्य तुरंत करवाना सुनिश्चित किया जाय। किसी भी परिस्थिति में विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होने पाये। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति एवं कटौती से संबंधित कार्यों का प्रतिदिन अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे। वही पथों की स्थिति आरआरएसएमपी योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजन एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सम्पर्क योजनाओं के क्रियान्वयन आदि की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, सासाराम - 1, 2, डिहरी एवं बिक्रमगंज को निर्देश दिया गया कि 9 सितंबर 2025 तक सभी पथों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाना सुनिश्चित किया जाय। इसके अतिरिक्त जिन पथों के निर्माण हेतु निविदा हो चुका है, उसके निर्माण कार्य को प्रारम्भ करवाना सुनिश्चित किया जाय। ताकि अगले सप्ताह यानि 10.09.2025 को भौतिक सत्यापन का कार्य कराया जायेगा उसमें यदि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होगी तो उसे गम्भीरता से लिया जायेगा। हर घर नल-जल एवं पेयजल आपूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी, रोहतास एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि नल-जल योजनायों के तहत कियान्वित योजनाओं का भौतिक रुप से सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे।

## मांगों के समर्थन में काला बिल्ला बांध किया प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** मांगों के समर्थन में कर्मियों ने काला बिल्ला बांध कर प्रदर्शन किया। जगदेव मेमोरियल कॉलेज कर्मियों ने कॉलेज गेट के पास प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जबकि प्रखंड के कार्यपालक सहायकों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार को चेताया। कर्मियों का कहना था कि सरकार कॉलेज कर्मियों व प्रखंड कार्यपालक सहायकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। कर्मियों का कहना है कि सरकार कर्मियों के स्थायीकारण व आधारभूत मांगों को लेकर संवेदनशील नहीं दिख रही है जिससे कर्मियों में आक्रोश है। कॉलेज कर्मियों में प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार, प्रो. परमहंस सिंह, प्रो. दामोदर शर्मा, प्रो. इमरान अंसारी, प्रो. जनार्दन सिंह, प्रो. उदय नारायण सिंह, प्रो. महेंद्र कुमार सिंह, प्रो. राधेश्याम पांडेय, डॉ. नरसिंह पाल, प्रो. राजेन्द्र सिंह, प्रो. लल्लू प्रसाद, प्रो. संजय कुमार सिंह, कुंदन मौर्या, सावंत कुमार, कुराल समेत सभी कर्मी उपस्थित थे जबकि प्रखंड कर्मियों में दिवाकर मौर्य, मृत्यंजय तिवारी, राकेश कुमार, ब्रजेश कुमार, परशुराम सिंह, अशोक कुमार, वेद प्रकाश, कौशल कुमार, ओमप्रकाश पांडेय समेत कई उपस्थित थे।

## राजग कार्यकर्ताओं ने कोचस चौक को जाम कर घंटों किया धरना- प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोचस।** प्रधानमंत्री की मां को अपशब्द भाषा का इस्तेमाल करने के खिलाफ राजग कार्यकर्ता गुरुवार को सड़क पर उतरकर राष्ट्रीय राजमार्ग 319 को घंटों जाम कर धरना प्रदर्शन किया। आरा मोहनियां राजमार्ग व सासाराम चौसा को पूर्णतया बंद कर महागठबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। कोचस मंडल पश्चिमी संतोष तिवारी व पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह व रालोमो के धनंजय शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता हाथ में तख्ती व बैनर लिए नारे लगा रहे थे। मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, राहुल गांधी मुर्दाबाद, तेजस्वी यादव, इंडिया गठबंधन ठगबंधन मुर्दाबाद समेत अन्य नारे लगा रहे थे। वहीं महिला भी काफी संख्या में मौजूद थी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग बिहार में आकर महिलाओं को अपमानित कर रहे हैं। इनको बिहार की जनता इस अपमान का बदला आने वाले बिहार विधानसभा के चुनाव में करारा जवाब देगी। कार्यक्रम में दिवाकर दुबे, मुन्ना मिश्रा, राजेंद्र तिवारी, नरेन्द्र जोशी, नगर अध्यक्ष जदयू कविंद्र सिंह, देवांश मिश्रा, जिला का समिति सदस्य गोपाल राय, रजनीश राय, राजेंद्र तिवारी, गीता देवी, पूनम श्रीवास्तव, राजवंती देवी, मंजू देवी, विभा पटेल, सूर्यवंश सिंह समेत एनडीए के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरकारी होर्डिंग को राजनीतिक पार्टी या असामाजिक तत्वों द्वारा क्षति पहुंचना पूर्णतः अवैध : डीपीआरओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिले के विभिन्न स्थानों पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए सरकारी होर्डिंग्स पर हाल के दिनों में असामाजिक तत्वों द्वारा क्षति पहुंचाने की सूचना प्राप्त हुई है। इसके अलावा बिना पूर्व अनुमति राजनीतिक दलों और अन्य विभागों द्वारा सरकारी होर्डिंग्स पर अपने फ्लैक्स लगाने का मामला भी सामने आया है। जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष रंजन ने बताया कि सरकारी होर्डिंग्स पर इस प्रकार की हरकतें पूर्णतः अवैध एवं अस्वीकार्य है। बिना अनुमति फ्लैक्स लगाना या सरकारी प्रचार सामग्री को नुकसान पहुंचाना न केवल सरकारी कार्य में बाधा है, बल्कि आमजन तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में भी रुकावट डालता है। किसी भी परिस्थिति में ऐसे कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम नागरिकों से अपील की कि वे सरकारी होर्डिंग्स की सुरक्षा में सहयोग करें और यदि कहीं इस प्रकार की अवैध गतिविधि दिखे तो तुरंत जिला प्रशासन या जनसंपर्क कार्यालय को सूचना दें।

## छह को मनाया जायेगा अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** सम्राट अशोक क्लब कैमूर के तत्वावधान में मोहनियां के कुशवाहा भवन में बैठक आहुत की गई जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 सितंबर को भारत लेनिन अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस मोहनियां के कुशवाहा सभा भवन में 11 बजे दिन में मनाया जाएगा। सम्राट अशोक क्लब के जिलाध्यक्ष रोहित मौर्य ने बताया कि बाबू जगदेव प्रसाद का जन्म 2 फरवरी 1922 को हुआ तथा 5 सितंबर 1974 को शहीद हो गए थे उनकी शहादत दिवस को याद के लिए कार्यक्रम किया जा रहा है। 25 अगस्त 1967 को अंजुमन इस्लामिया के हाल में शोषित दल की स्थापना की इसके संस्थापक शिवपूजन शास्त्री थे और बाबू जगदेव प्रसाद महामंत्री चुने गए। अपने संबोधन में बाबू जगदेव प्रसाद ने कहा था आज का भारतीय समाज साफ तौर पर दो भागों में बांटा हुआ है 90% शोषित एवं 10% शोषक है। अपने संबोधन में डॉ आरपी मौर्य ने बताया कि बाबू जगदेव प्रसाद का जीवन शोषितों के लिए संघर्ष करते बीता शोषितों के इस नायक की हत्या कर दिया। आजादी के बाद भारत में गरीबों वंचितों के मुद्दों को राजनीति के केंद्र में आने वाले राजनेताओं में बाबू जयदेव प्रसाद का नाम उत्तम शिखर पर है। बैठक में उपस्थित लोगों को रामप्रवेश ने बताया कि 5 सितंबर 1974 को जगदेव प्रसाद ने कुर्था प्रखंड कार्यालय पर हजारों किसानों मजदूरों के साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे तभी उन्हें एक साजिश के तहत गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसके दौरान बचाव के क्रम में लक्ष्मण चौधरी पासी ने भी अपने प्राण की आहुति दे दी।

## बोलेरो की ठोकर से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास थाना क्षेत्र के समहुता पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को सड़क पार करने के क्रम में रोहतास की ओर से बोलेरो की ठोकर से महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वही बोलेरो सड़क किनारे चाट में जा पलटी जिसमें बोलरो सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रोहतास पीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि दो युवकों को गंभीर चोटें आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों घायल युवकों को सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया। दोनों घायलों की पहचान बबलू खान और इम्तियाज खान अकोढ़ीगोला रोहतास के रूप में की गयी। वहीं मृतका की पहचान रामजी चंद्रवंशी के 65 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी व घायल महिला लालन चंद्रवशी की 50 वर्षीय पत्नी अनीता देवी दोनों समहुता निवासी के रूप में हुई। घटना के बाद उग्र ग्रामीणों ने डिहरी बंजारी मुख्य सड़क मार्ग को बाधित कर मुआवजे की मांग करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही रोहतास थानाध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद और सीओ सुशी कुमारी अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच उग्र ग्रामीणों को समझाने -बुझाने का प्रयास किया, लेकिन उग्र ग्रामीण अपने मांग पर अड़े दिखे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से उग्र ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम को हटवाया गया। इस दौरान दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

## रेलवे की चोरी की संपत्ति खरीदने वाले दो व्यक्ति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि बघोइकुसा स्टेशन लिमिट से 2 अदद ऑक्जीलियरी ट्रांसफार्मर से 40 किलोग्राम कॉपर तार की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किया गया था जिसके संबंध में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन पर कांड अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृत कर मामले के उद्भेदन एवं संलिप्तों की गिरफ्तारी हेतु पतारसी एवं सुरागरसी की जा रही थी उसी दौरान ज्ञात हुआ कि बघोइकुसा रेलवे स्टेशन लिमिट से ए.टी. के कॉपर के तार को टिकरी मुहल्ला औरंगाबाद के कबाड़ संचालक मनोज कुमार कसेरा और कबाड़ संचालक दीपक कुमार के द्वारा चरित रेल संपत्ति को खरीदा गया है। निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम, उप निरीक्षक मनोज कुमार, उप निरीक्षक कुमार गौरव साथ स्टाफ एवं अपराध और सूचना शाखा गया के निरीक्षक चंदन कुमार साथ में स्थानीय थाना के साथ संयुक्त टीम बनाकर उपरोक्त दोनों कबाड़ संचालक के दुकान में दबिश दी गई तो मनोज कुमार कसेरा, उम्र करीब-36 वर्ष, पिता-स्व. राजाराम कसेरा, निवासी- टिकरी मोहल्ला वार्ड संख्या- 13, थाना-औरंगाबाद नगर, जिला-औरंगाबाद दुकान पर एवं कबाड़ संचालक दीपक कुमार, उम्र करीब-32 वर्ष, पिता-उपेंद्र सिंह, निवासी- बैरका, थाना-गोह, जिला- औरंगाबाद वर्तमान औरंगाबाद नगर थाना के सामने वार्ड संख्या-29, थाना-औरंगाबाद नगर, जिला औरंगाबाद के दुकान पर विधिवत छापेमारी किया गया तो कबाड़ दुकान से ऑक्जीलियरी ट्रांसफार्मर से चोरित कॉपर तार बरामद हुआ जिसे मौके पर ही कागजी कार्रवाई कर जब्त कर लिया गया एवं दोनों को उसके अपराध से अवगत कराते हुए गिरफ्तारी नियमों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन पर वापस आए एवं संबंधित धारा में मय कागजात तैयार कर न्यायालय रेलवे गया को अग्रसारित किया गया।

## ट्रेन में यात्री का हुआ ब्रेन हेमरेज, आरपीएफ बनी मददगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डीडीयू से सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 12987 अप में एक व्यक्ति अचेतावस्था में फर्श पर पड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक उपनिरीक्षक शोभनाथ राम साथ स्टाफ एवं जीआरपी डिहरी के अवर निरीक्षक नागेश्वर मंडल साथ स्टाफ उक्त गाड़ी के जनरल कोच को अटेंड कर उक्त अचेतावस्था में पड़े व्यक्ति को उतार कर प्राथमिक इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल डिहरी में लेकर गए जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर बताए कि इन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है एवं अग्रिम इलाज हेतु सदर अस्पताल सासाराम रेफर किया जिसे साथ ले जाकर सदर अस्पताल सासाराम ट्रामा हॉस्पिटल बेड नंबर दो पर भर्ती कराया गया। उसके पास जेब में छोटी पैड मोबाइल जिसमें आए हुए काल के आधार पर फोन कर ब्रेन हेमरेज हुए व्यक्ति के लड़के राहुल कुमार को बताया गया। राहुल कुमार द्वारा बताया कि मेरे पिता का नाम जगदीश रजक, ग्राम खुदा इस्माइलपुर, थाना इस्माइलपुर, जिला नालंदा (बिहार) है। उक्त व्यक्ति ट्रामा सेंटर सदर हॉस्पिटल बेड नंबर 2 पर इलाजरत है।

## डिहरी में जिले के पहला प्राकृतिक एवं हर्बल अस्पताल का शुभारंभ

### प्राचीन एवं आधुनिक चिकित्सा पद्धति की सुविधा : डॉ निषाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** शहर में जिले का पहला प्राकृतिक एवं हर्बल अस्पताल का भव्य उद्घाटन किया गया। अस्पताल के संचालक डॉ. निषाद ने बताया कि डॉ. सिम्पी के साथ मिलकर यहां इलेक्ट्रो हर्बल, प्राकृतिक पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, एक्युप्रेशर, कपिंग थेरेपी, हिजामा, जोंक (लीच) चिकित्सा, चुंबक चिकित्सा, नाभि चिकित्सा, आयुर्वेदिक लेप, शिरोधारा, योगा सहित 50 से अधिक प्राचीन एवं आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ. सिम्पी ने बताया कि अस्पताल में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रो हर्बल दवाइयां पूरी तरह से पौधों की जड़ों से प्राप्त अर्क द्वारा तैयार की जाती है। ये दवाइयां नवजात शिशु से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह उपचार पद्धति स्त्री रोग, चर्म रोग, सामान्य रोग, पथरी और अन्य अनेक बीमारियों में लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर रामदेव चौधरी ने बताया कि जल्द ही स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए क्लिनिकल योगा की विशेष व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में विक्की, आरव, मनीष, उर्मिला चौधरी, रोहित सहित जिले के कई चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एनडीए कार्यकर्ताओं ने आक्रोशपूर्ण रैली के साथ बंद कराई शहर की दुकानें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** बिहार बंद के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह व जदयू प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक कुमार उर्फ डब्लू कुशवाहा के नेतृत्व में आक्रोशपूर्ण रैली के साथ गुरुवार को बाजार भ्रमण किया। दुकान प्रतिष्ठान को शांतिपूर्वक बन्द करने का आह्वान किया। गांधी सेवा आश्रम पर नुक्कड़ सभा में तब्दील किया। उस दौरान भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी जय प्रकाश पाण्डेय ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की मां आज इस धरती पर नहीं है और इडिया गठबंधन के लोग उनको गाली देकर बिहार के राजनीतिक स्थिति को पुनः जंगल राज्य की ओर ढकेलने पर अमादा कर रहे हैं जिसका वीभत्स रूप चुनाव के पहले ही दिखाई देने लगा है और लगता है कि बिहार में कांग्रेस, राजद वाली इंडिया गठबंधन अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने की तैयारी कर रहा है क्योंकि इन लोगों का आधार ही मिटने के कगार पर है। अब बिहार चुनाव में कांग्रेस और आरजेडी की बच्ची खुची राजनीति भी समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। मौके पर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश पदाधिकारी जय प्रकाश पाण्डेय, बिनय सिंह, रामजी गुप्ता, आनंदी गुप्ता, बिपिन बिहारी गुप्ता, मनोज कुमार, अशोक चन्द्रवंशी, बिकास पाण्डेय, पप्पू यादव, धमेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश प्रसाद, परमानन्द यादव, अजय सिंह, बिजेंद्र सिंह कुशवाहा सहित कई एनडीए कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती छात्र-छात्राओं के द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा केक काटकर जयंती मनाने का कार्य किया तथा अपने गुरुजनों के सम्मान में शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्य भी किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा द्वितीय राष्ट्रपति के रूप में कार्य भार को संभाला था वे प्रख्यात शिक्षाविद् तथा महान दार्शनिक थे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसके तहत छात्रों ने नृत्य तथा कक्षा दो और तीन के छात्रों के द्वारा रोल प्ले किया जिसके तहत भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी राधे कृष्णा सेव अर्थ चिकित्सा विज्ञान के ऊपर बच्चों ने खूबसूरती के साथ रोल प्ले किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका चंचल द्विवेदी, नसरीन सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता पर विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष मीना देवी, सचिव रीता देवी तथा अन्य सदस्य अपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजली कुमारी, सोनम कुमारी, पल्लवी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अंश कुमार, यश कुमार, आरती कुमारी, खुशी कुमारी, लोकेश कुमार, आकाश कुमार, प्रथम कुमार, मधुमेह गोपाल ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नरेन्द्र मोदी की माता पर अशोभनीय टिप्पणी पर सड़क पर उतरे एनडीए नेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ अभद्र भाषा के विरोध में गुरुवार को एनडीए के बड़े नेता डिहरी के सड़कों पर सुबह से उतर कर दोपहर तक विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण यादव, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, राष्ट्रीय लोक शक्ति मोर्चा कक्कू खान, भाजपा के अजय यादव, प्यारेलाल ओझा, जैसे बड़े नेता सड़क पर उतरकर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर राहुल गांधी और तेजस्वी गांधी पर एफआईआर कर जेल भेजने के लिए न्यायालय से मांग किया है। अंबेडकर चौक से थाना चौक पाली रोड स्टेशन रोड सभी कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए बंद को सफल बनाया। इसमें लोगों ने भी साथ दिया। पहले से घोषित बिहार बंद में व्यापारियों ने भी प्रधानमंत्री की माता पर अभद्र भाषा का प्रयोग के खिलाफ बंद में हिस्सा लिया।

## रोहतास जिला जदयू की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**सासाराम।** कुशवाहा भवन के सभागार में रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में रोहतास जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष सभी नगर अध्यक्ष सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष प्रकोष्ठों के पदाधिकारी पार्टी के प्रदेश के पदाधिकारी तथा रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के पदाधिकारी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के रोहतास जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने की तथा बैठक का संचालन पार्टी के जिला प्रवक्ता अलख निरंजन ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सासाराम के पूर्व विधायक अशोक कुमार पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल सिंह कुशवाहा चेनारी के पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सम्भावित रोहतास जिला के दौरे को सफल एवं भव्य बनाना था। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा यह हम सभी जिला वासियों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है कि मुख्यमंत्री का एक बार पुनः हमारे यहां आ रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**सं.: ईसी/टी/वॉइथ/ट्रांसमिशन/ओटी–18/2025–26, दिनांक 30.08.2025,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा पिन–743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा (खुली निविदा) सूचना आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं.: ईसी_टी_ट्रांस_ओटी–18_25–26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** उप सीईई/डब्ल्यू/केपीए संगठन के शॉप–15 के अधीन सी एंड डब्ल्यू, काँचरापाड़ा वर्कशॉप, पूर्व रेलवे में 06 माह की अवधि के लिए खुली निविदा के आधार पर 01 डीएचटीसी टाइप 8–व्हीलर टावर वैगन के दो (02) वॉइथ प्रस्तुतकारक ट्रांसमिशन सिस्टम टाइप टीआर–211आर के सामयिक जीर्णोद्धार (ओवरहॉलिंग) हेतु कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 66,28,980.66 (जीएसटी सहित)। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 29.08.2025 से 22.09.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** रु. 1,32,600/–, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 29.08.2025 से 22.09.2025 को अपराह्न 03.00 तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** दिनांक 08.09.2025 से 22.09.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 22.09.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 22.09.2025 को अपराह्न 03.30 बजे।

MISC-197/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या– बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)–2025/17 दिनांक– 04.09.2025

**डिप्लोमा–सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025**

**सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) [PE] कॉलेजों में प्रवेश हेतु**

**Online Mop-up Round-2 Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या– बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)–2025/15 दिनांक– 27.08.2025 के क्रम में डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025 के PE कोर्स ग्रुप मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि DCECE(PE)-2025 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर Online Mop-up Counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में पॉलिटेकनिक अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं। **इन सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Round-2 Counselling होगा।**

**Willingness / Choice Filling / Mop-up Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Willingness एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या–BCECEB(DCECE)-2025/16 दिनांक 04.09.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

जो अभ्यर्थी DCECE(PE)-2025 की प्रथम अथवा द्वितीय / Mop-up चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में नामांकन ले चुके हैं ***अथवा*** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र / Mop-up की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है ***अथवा*** सीट आवंटन उपरांत Document Verification के क्रम में किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है ***अथवा*** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी Online Mop-up Round-2 Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त (Eligible) हैं।

**Willingness एवं Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 05.09.2025 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थी संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branches भरें।**

परीक्षा नियंत्रक

# स्वदेशी व नए शोध से विश्व का शीर्ष देश बनेगा भारत : डॉ. एसपी शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना भारतीय संस्कार और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है। गुरु को ईश्वर से भी ऊंचा दर्ज़ा दिया गया है और उन्हें ज्ञान, नैतिकता व आध्यात्मिक प्रगति का स्रोत माना जाता है। यह परंपरा गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते पर आधारित है, जिसमें गुरु का स्थान सर्वोच्च है और वे शिष्यों को जीवन के सही मार्ग पर ले जाते हैं। यह बात मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति डॉ. शशि प्रताप शाही ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा नगर भवन में आयोजित प्राध्यापक रविंद्र केसरी शिक्षक सम्मान समारोह में कहीं। सर्व प्रथम कुलपति श्री शाही ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कुलपति श्री शाही ने कहा कि हम अपने देश भारत को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वदेशी व नए शोध के माध्यम से विश्व का शीर्ष देश बना सकते है। अब विश्वविद्यालय का नामांकन और परीक्षा का सत्र अद्यतन हो चुका है। सभी विद्यार्थियों की परीक्षा समय पर होगी तथा परीक्षा फल का प्रकाशन भी निर्धारित समय पर किया जाएगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि आप नियमित रूप से अपने संस्थान में पढ़ने के लिए जाएं। एबीवीपी से भी उन्होंने अनुरोध अनुरोध किया कि आप छात्रों को शिक्षा के प्रेरित करें। मैं हर सुविधा और सहायता प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित हूं। एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ याज्ञवल्यक शुक्ल ने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है परंतु उससे भी ज्यादा संस्कार युक्त शिक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों से भी आह्वान किया कि आप ज्ञानी गुरुओं के मार्गदर्शन में अपनी शिक्षा दीक्षा पूरी करें तथा राष्ट्र की सेवा के लिए कमर कस लें। देश को स्वावलंबी बनाने में आप युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका होगी। भारत में एकल परिवार के बढ़ते प्रचलन से परिवार और समाज दोनों कमजोर हुआ है। उन्होंने देश में बढ़ते हुए वृद्धाश्रम पर चिंता जताई। समारोह में जिले के महाविद्यालयों तथा विद्यालयों के ढाई सौ से ज्यादा शिक्षकों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं तथा द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई । इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बिनोद कुमार मंगलम, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद के प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा, राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य विजय रजक, किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय के प्राचार्य अरुंजय कुमार, रेडक्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, सूरज पासवान, प्रभात कुमार, भगवत प्रसाद सिंह, मेमोरियल कॉलेज के संस्थापक अभय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# औरंगाबाद में धोली सती रिटेल मॉल इंडिया का उद्घाटन कल

- **6 सितंबर को प्रसिद्ध भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह करेंगी उद्घाटन**
- **एक ही छत के नीचे पूरे परिवार के लिए मिलेंगे कपड़े**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** बिहार का प्रतिष्ठित परिधान ब्रांड धोली सती रिटेल मॉल इंडिया अब औरंगाबाद में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। कंपनी का नया शोरूम शहर के एमजी रोड स्थित जे.के. होटल के समीप है। कल 6 सितंबर को प्रसिद्ध भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह द्वारा इस शोरूम का शुभारंभ किया जायेगा। विदित हो कि धोली सती रिटेल मॉल इंडिया वर्ष 1984 से ग्राहकों के विश्वास का प्रतीक बना हुआ है। वर्तमान में इसके शोरुम पटना सिटी, खेतान मार्केट, आशियाना-दीघा रोड एवं रक्सौल में संचालित है। ग्राहकों के निरंतर विश्वास और अपार लोकप्रियता को देखते हुए कंपनी ने औरंगाबाद में विस्तार का निर्णय लिया है। नये शोरूम में ग्राहकों को होलसेल दामों पर फिक्स प्राइसिंग के साथ कपड़ों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। शोरूम में लहंगा, साड़ी, सूट, शेरवानी, बच्चों के परिधान, जीन्स, टॉप्स, लेडीज वेस्टर्न वियर्स, धोती सहित वैवाहिक व लग्जरी परिधानों की पूरी श्रृंखला एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी के निदेशक ने कहा कि कम दाम में बेहतर पेशकश और ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा मूल मंत्र है। इसका शुभारंभ और आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए विशेष स्कीमें भी प्रस्तुत की जा रही हैं। प्रत्येक खरीद पर ग्राहकों को लकी ड्रॉ में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा जिसमें टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन एवं मोटरसाइकिल जैसे आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका रहेगा।

# डूबने से दो बच्चों की मौत


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा/गोह।** हसपुरा एवं उपहारा थाना क्षेत्र में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसपुरा थाना क्षेत्र के धमनी गांव टोले शांभो मोहल्ला स्थित तालाब में डूबने से दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। मृत बच्चे की पहचान दीपू कुमार के दो वर्षीय पुत्र देव कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शांभो तालाब का उड़ाही होने के कारण गड्ढ़ा हो गया है। दीपू कुमार का घर तालाब के आसपास ही है। बच्चा जब कुछ देर तक घर वापस नहीं आया तो खोजबीन शुरू की गयी। किसी ने बताया कि तालाब की ओर बच्चा खेल रहा था। जब तालाब में परिजन खोजने लगे तो वह उसी में उकेरते मिला। बच्चे का शव मिले ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गुरुवार को उपहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के हमीदनगर पुनपुन बराज से 12 वर्षीय किशोर का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान गयाजी जिले के अलीपुर थाना अंतर्गत हीरा बिगहा दौलतपुर गांव निवासी बिगन बिंद के 12 वर्षीय पुत्र साहुल कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा जानकारी मिली कि बराज में एक किशोर का शव फंसा हुआ है। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। ततपश्चात परिजनों को सूचना दी गई। घटना की सूचना के बाद मृतक के गांव में मातम छा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के पदधारकों का गुरुवार को हड़ताल समााप्त हो गया था। संघ के अध्यक्ष भगवान प्रसाद, सचिव योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि 9 अगस्त से हमलोग अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर थे। आज धरना के 27वें दिन सरकार के अपर मुख्य सचिव द्वारा एक पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र के माध्यम से अपर मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया है कि 10 सूत्री मांगों में से सात मांगे पूरी की गई है। अपर मुख्य सचिव के आश्वासन के बाद धरना को समाप्त किया गया। लिपिकों एवं अन्य कर्मियों और उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था के प्रावधान हेतु वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके साथ ही कई मांगों को भी पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है। बताया कि 80 प्रतिशत मांग पूरी हो गई है। इधर मांगे पूर्ण होने से संघ के सदस्यों में खुशी का माहौल है। सभी एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी मनाया। इस मौके पर संघ के कई लोग मौजूद रहे।





# शिक्षक में है राष्ट्र की दशा व दिशा बदलने की शक्ति : डॉ. धनंजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के सिद्धार्थ सभागार में गुरुवार को महान शिक्षाविद, प्रख्यात शिक्षक व भारतीय संस्कृति के प्रणेता डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सभी शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी संत सिंह, चेयरमैन डॉ धनंजय कुमार, निदेशक सर्वेश कुमार, सीबीएससी स्कूल और बी एड कॉलेज सहित कई संस्थाओं के निदेशक शंभु पाण्डेय, विद्यालय प्रबंधन से जुड़े आरके सिंह एवं लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल, लर्निंग क्लाउड मोंटेशरी एवं बुद्धा इंटरनेशनल के प्राचार्य क्रमशः पंकज दुबे, अपेक्षा ठाकुर, सुषमा कुमारी एवं दिलीप कुमार पंकज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात अपने संबोधन में चेयरमैन डॉ कुमार ने शिक्षकों को ईश्वर की अनुपम कृति बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक होना आसान नहीं होता है क्योंकि उनकी हर गतिविधि चरित्र व राष्ट्र निर्माण के निमित्त समर्पित रहती है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने उत्तरदायित्वों को समझते हुए शिक्षक बच्चों में नैतिक, चारित्रिक व राष्ट्रप्रेम की भावना भरने के गुरुत्तर कर्तव्य का निर्वहन करें। समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक सर्वेश कुमार ने शिक्षकों को सदा अध्ययनशील बनने, अपने विषय पर पुस्तकों में लिखित बातों से इतर अपने ज्ञान व अध्ययन के अनुसार उसकी सरल विवेचना कर बच्चों के लिए ग्राह्य बनाने का आह्वान किया। समारोह को शंभु पाण्डेय , प्राचार्य पंकज दुबे, अपेक्षा ठाकुर, ओमप्रकाश शर्मा, काजल पाण्डेय एवं सुषमा तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पत्रकार विकास कुमार सिंह, सनोज पाण्डेय एवं सुजीत कुमार सिंह को अंगवस्त्र प्रदान कर समानित किया गया। तदुपरांत लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभी ब्रांचों के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं कार्यालय कर्मी को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बुद्धा इंटरनेशनल मधुश्रवां के प्राचार्य दिलीप कुमार पंकज ने किया। इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय परिवार सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# कार्यपालक अभियंता को शो कॉज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय सिथत व्यवहार न्यायालय के प्रथम अपर न्यायाधीश ने सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को शो कॉज किया है। न्यायालय द्वारा एक इजराय वाद के अंतर्गत भू अर्जन वाद-15.1978,17.1980 में पारित अवार्ड रकम के मुआवजा के संबध में स्पष्ट और विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित नहीं करने के संबध में शॉकोज किया गया है। न्यायालय में 08 अगस्त को उपस्थित होकर डिक्रीदार की ओर से प्रस्तुत गणना तालिका के संबध में अपना स्पष्ट प्रतिवेदन देने हेतु कार्यपालक अभियंता ने एक निश्चित समय की मांग सरकारी अधिवक्ता के माध्यम से की थी परंतु आज़ तक प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया जिससे प्रतित होता है कि डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत गणना तालिका के संबध में आपको कोई आपत्ति नहीं है। प्रतिवेदन नहीं देना न्यायिक आदेश का अवमानना है। न्यायालय ने कार्यपालक अभियंता को आदेश दिया है कि 10 सितंबर को न्यायालय में सदेह उपस्थित होकर शो कॉज का जबाब दाखिल करें अन्यथा वाद में अग्रेतर कार्यवाही की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

